GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 10-06-2022


# शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए गगहा पुलिस ने किया पैदल गश्त

कौड़ीराम (एसएनबी)। शुक्रवार को जुम्मे की नमाज के मद्देनजर गगहा पुलिस ने वृहस्पतिवार की देर शाम गजपुर कस्वे में पैदल गश्त किया। कानपुर की हिंसा के वाद गगहा पुलिस ने एसएचओ संजय कुमार सिंह, चौकी प्रभारी गजपुर संतोष कुमार सिंह, चौकी प्रभारी सोहगौरा मनीष कुमार त्रिपाठी, अंकित कुमार, प्रदीप पांडेय आदि पुलिस कर्मियों ने चौकी परिसर से कस्वे के विभिन्न धार्मिक स्थलों तक पैदल गश्त करते हुए लोगों से अमन-चौन कायम रखने की अपील की।

# जुमे की नमाज के दिन अफसरों ने पैदल चलकर लोगों से किया संवाद

गोरखपुर (एसएनबी)। जिले में शुक्रवार को जुमे की नमाज को देखते हुए पुलिस अफसरान और इलाके की पुलिस हाई अलर्ट पर दिखी। इस दौरान एसएसपी डा. विपित ताड़ा और एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई की अगुवाई में पैदल चलकर लोगों से भाई चारा कायम करने के लिए संवाद किया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों पर आगामी शुक्रवार को जुम्मे की नमाज को सकुशल एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराने और कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त करने के लिए समस्त थानों पर क्षेत्राधिकारीगण/थाना प्रभारी गण द्वारा पुलिस वल के साथ पैदल भ्रमण कर चेकिंग की गई। दौरान पैदल गस्त धार्मिक गुरुओं व आम जनता से संवाद स्थापित कर सामाजिक शांति, सद्भाव वनाए रखने अपील की गई। साथ ही साथ पैदल गश्त करते हुए चौराहों, मार्केट तथा भीड़-भाड वाली जगहों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया तथा संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों वस्तुओं की गहनता से चेकिंग करते हुए आम जनता में सुरक्षा एवं विश्वास का वातावरण वनाया गया, साथ ही साथ आगामी शुक्रवार व जुम्मे की नमाज को सौहार्दपूर्ण एवं शांतिपूर्वक मनाने तथा अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की गई है।



घंटाघर में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई। फोटो : एसएनबी

**एसपी सिटी ने घड़सवारी कर सुरक्षा का कराया एहसास**

# हर पीड़ित को समय से मिलेगा न्याय कोई भेदभाव नहीं : डीएम

## नये जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश ने कार्यभार संभाला

गोरखपुर (एसएनबी)। नये जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश ने बृहस्पतिवार को अपराह्न कोषागार के डवल लॉक कक्ष में कार्यभार ग्रहण किया। अधिकारियों, कर्मचारियों से परिचय प्राप्त करने के बाद पत्रकारों से वातचीत में उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का समाज के अंतिम पात्र व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि हर पीड़ित को समय से न्याय मिलेगा किसी को भी भटकना नहीं पड़ेगा। जनता दर्शन, आईजीआरएस पोर्टल पर की जाने वाली समस्याओं का त्वरित व गुणवत्तायुक्त निस्तारण कराया जाएगा।

जिलाधिकारी ने कहा कि जमीन संबंधी विवाद में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर जांच करेगी और मामलों का निस्तारण कराएगी। जिलाधिकारी पौने तीन बजे कोषागार पहुंचे और प्रभारी डीएम व सीडीओ इंद्रजीत सिंह से चार्ज लिया। इससे पहले वह गाजियावाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पद कार्यरत थे। 2011 बैच के आईएएस कृष्णा करुणेश, वर्ष 2013 में गोरखपुर मंडल के कुशीनगर जिले में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट के तौर पर तैनात रह चुके हैं। गाजियावाद में भी उन्होंने ज्वाइंट मजिस्ट्रेट और सीडीओ के तौर पर सेवा दी है। वह, हापुड़ और वलरामपुर में डीएम रहे हैं। कार्यभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने गोरखनाथ मंदिर में दर्शनपूजन करने के बाद मुख्यमंत्री के निरीक्षण स्थल रानीडीहा स्थित भाजपा कार्यालय और जनसभा स्थल का निरीक्षण किया। शाम को उन्होंने मुख्यमंत्री से भी मुलाकात की। पदभार ग्रहण करने के दौरान सीडीओ इंद्रजीत सिंह, एडीएम सिटी विनीत सिंह, एडीएम प्रशासन पुरुषोत्तम दास गुप्ता, सीआरओ सुशील कुमार गौड़, सिटी मजिस्ट्रेट अभिनव रंजन श्रीवास्तव समेत सभी तहसीलों के एसडीएम आदि मौजूद रहे।



ट्रेजरी कार्यालय में पदभार ग्रहण करते नवागत डीएम कृष्णा करुणेश।

हर पात्र को दिलाया जाएगा योजनाओं का लाभ : कृष्णा करुणेश

जनता दर्शन, आईजीआरएस, जमीन व पारिवारिक विवाद का होगा त्वरित व गुणवत्तायुक्त निस्तारण

## जनशिकायतों का त्वरित निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता

गोरखपुर (एसएनबी)। जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश ने वताया है कि जनशिकायतों का गुणवत्तायुक्त एवं त्वरित निस्तारण कराया जाना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। शासन द्वारा जनसुनवाई, आईजीआरएस, सीएम हेल्पलाइन, तहसील व थाना दिवस हेतु समय-समय पर विस्तृत निर्देश दिए गए हैं लेकिन फिर भी यह देखा जा रहा है कि कतिपय अधिकारियों जन शिकायतों का समयवद्ध/गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में रुचि न लिए जाने के कारण जनपद में कुल 406 संदर्भ डिफाल्टर श्रेणी में तथा 3239 संदर्भ समयांतर्गत लंवित हैं। समस्त जिला स्तरीय अधिकारी/कार्यालयाध्यक्ष को निर्देशित किया जाता है कि दो दिवस में अपने विभाग के डिफाल्टर संदर्भों का निस्तारण सुनिश्चित करें। यदि दो दिवस में डिफाल्टर संदर्भ का निस्तारण नहीं किया जाता है तो संवंधित जिला स्तरीय अधिकारी/कार्यालयाध्यक्ष का व्यक्तिगत उत्तरदायित्व निर्धारित कर दैनिक वेतन कटौती की जाएगी।

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया है कि जिला स्तरीय अधिकारी/कार्यालयाध्यक्ष द्वारा समस्त कार्यदिवसों में समय प्रातः 10 वजे से 11 वजे तक स्वयं जनसुनवाई सुनिश्चित करें एवं तत्क्षण समस्याओं का निस्तारण करें तथा नियमित रूप से जनसुनवाई आईजीआरएस, सीएम हेल्पलाइन, तहसील व थाना दिवस में प्राप्त शिकायतों/संदर्भों के निस्तारण की समीक्षा की जाए तथा जिस अधिकारी कर्मचारी के स्तर पर शिकायत लंवित है उनका व्यक्तिगत निर्धारित कर उनके विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी द्वारा शुक्रवार को जनसुनवाई, आईजीआरएस सीएम हेल्पलाइन, तहसील व थाना दिवस में प्राप्त शिकायतों/संदर्भों के निस्तारण की समीक्षा की जायेगी, जिसमें डिफाल्टर संदर्भ पाए जाने पर संवंधित कार्यालयाध्यक्ष/अधिकारी/कर्मचारी का उत्तरदायित्व निर्धारित कर दैनिक वेतन कटौती की जाएगी।

# जुमे की नमाज पर सुरक्षा इंतजाम पूरे रखें : सीएम

गोरखपुर (एसएनबी)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों पर सख्ती वरती जाए। शुक्रवार को जुमे की नमाज के दृष्टिगत उन्होंने सुरक्षा के पूरे इंतजाम रखने के निर्देश दिए हैं। गोरखनाथ मंदिर में अधिकारियों के साथ विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था को लेकर वैठक करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी मस्जिदों के सामने सुरक्षा की पूरी व्यवस्था रखें।

वैठक में मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को होने वाले गरीव कल्याण सभा की तैयारियों की भी समीक्षा की। अधिकारियों ने वताया कि कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। लाभार्थियों को वुलाने की भी व्यवस्था की गई है। वैठक के दौरान मुख्यमंत्री को वताया गया कि रामगढ़तालत्तरकुलानी रेग्युलेटर नाला की ड्रेजिंग का काम कर लिया गया है। मुख्यमंत्री ने देवरिया वाईपास पर जीडीए द्वारा वनवाए जाने वाले नाले की प्रगति पूछी तो वताया गया कि नाले का निर्माण पूरा हो गया है। मुख्यमंत्री ने आयुष वि‌ाविद्यालय एवं सैनिक स्कूल के प्रगति की भी समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने चौराहों को अतिक्रमण मुक्त वनाने, चौराहों को चौड़ा करने का निर्देश दिया। उन्होंने का कि मंत्री समूह का दौरा शुरू हुआ है।

मंडल के सभी जिलों में मंत्रियों का निरीक्षण कराया जाए और उन्हें सारी प्रगति से अवगत कराया जाए। मंत्री जिलों में कानून व्यवस्था, विकास कार्यों एवं सड़क सुरक्षा को लेकर वैठक भी करेंगे। वैठक के दौरान एडीजी जोन अखिल कुमार ने गोरखनाथ मंदिर की सुरक्षा को लेकर वनाई गई कार्ययोजना से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। इस दौरान कमिश्नर रवि कुमार एनजी, डीआइजी जे रविन्दर गौड, जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश, एसएसपी डा. विपिन ताडा, जीडीए उपाध्यक्ष प्रेमरंजन सिंह, नगर आयुक्त अविनाश सिंह आदि मौजूद रहे।

सीएम ने सैनिक स्कूल, आयुष विश्वविद्यालय व खोराबार क्षेत्र में बन रहे नाले की प्रगति जानी

कार्यों की निरंतर निगरानी के दिये निर्देश

# चोरी की पल्सर बरामद आरोपी गिरफ्तार

गोरखपुर (एसएनबी)। शाहपुर इलाके में तीन माह पूर्व चोरी पल्सर को बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

पुलिस अधीक्षक नगर कृष्ण कुमार विश्नोई के निर्देश पर एसओ शाहपुर रणधीर कुमार मिश्रा क्षेत्र में अपराध की रोकथाम के लिए रामप्रवेश के साथ सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल तिराहा से वाहन चोर अभिषेक ओझा पुत्र अमरेश ओझा निवासी ग्राम गंगाराम महादेव थाना चिलिहाँ जिला सिद्धार्थनगर को गिरफ्तार किया गया।

# चार नामजद सहित आठ के खिलाफ डकैती का मुकदमा

डेरवां ( एसएनबी )। बीते छह जून की रात कोल्हुआ गांव में सत्येंद्र नाथ तिवारी के घर में घुस कर हुई मारपीट व लूटपाट के मामले में वड़हलगंज पुलिस ने मारपीट,डकैती व गैर इरादतन हत्या के प्रयास जैसी गंभीर धाराओं में चार ज्ञात व चार अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

सोमवार की रात वड़हलगंज थाना क्षेत्र के कोल्हुआ गांव निवासी सत्येन्द्र नाथ तिवारी की पत्नी वीनू तिवारी ने आरोप लगाया कि गांव निवासी कुछ लोग पुरानी रंजिश को लेकर सोमवार की रात उसके घर में घुसकर पति व मेरे साथ मारपीट करने के साथ लूटपाट किये। उनके घर से 22 हजार नकदी सहित आलमारी में रखे जेवरात लूट ले गए। पहले तो स्थानीय पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने में काफी हीलाह्वाली की पर ट्विटर पर तहरीर व फोटो अपलोड करने के बाद अधिकारियों ने मामले का संज्ञान लिया। जिसके बाद आरोपित शरद तिवारी उर्फ पप्पू,अंकुर तिवारी,त्रिभुवन तिवारी व वजरंगी मिश्रा के विरुद्ध पुलिस ने धारा 147, 457, 323, 504, 395,308 के तहत दर्ज कर विवेचना एसआई लालचंद वर्मा को सौंप दी है।

**गैर इरादतन हत्या के प्रयास की भी लगी धारा**

# हत्या में शामिल आरोपित गिरफ्तार

गोरखपुर (एसएनबी)। गत दिनों गुलरिहा इलाके के वनगाई गांव का रहने वाला धनंजय निषाद को पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ही हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी। हत्या में शामिल आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस जेल भेज दिया।

पुलिस के मुताबिक धनंजय की हत्या और उसके चाचा को गंभीर रूप से घायल करने के मामले में पुलिस ने मुकदमा संख्या 208/22 धारा 302,323 के तहत अजय साहनी उर्फ सन्तराज पुत्र घुरहू , राजेश साहनी पुत्र छोटेलाल , सजन साहनी पुत्र परिखन निवासीगण वनगाई थाना गुलरिहा जनपद गोरखपुर, रवि पुत्र रामगति भूज निवासी झुंगिया थाना चिलुआताल जनपद गोरखपुर के खिलाफ केस दर्ज कराया था।

आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए क्षेत्राधिकारी चौरी चौरा के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक गुलरिहा को घटना मे शामिल अभियुक्त अजय साहनी उर्फ सन्तराज पुत्र घुरहू निवासी वनगाई थाना गुलरिहा जनपद गोरखपुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# घर में घुसकर छेड़छाड़ करने का आरोपित गिरफ्तार

खोराबार (एसएनबी)। खोरावार पुलिस ने वीते दिनों थाना क्षेत्र के अकोलही गांव निवासी एक व्यक्ति के घर में घुसकर उसकी नावालिग वेटी से छेड़छाड़ और मारपीट तथा धमकी देने के आरोपित को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसे वनसप्ती देवी मंदिर के समीप से वृहस्पतिवार को पकड़ा। पुलिस ने आरोपित को दर्ज मुकदमे की धारा में कोर्ट में पेश किया जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में लेकर जेल भेज दिया गया।

पुलिस ने वताया कि मंगलवार की रात किशोरी के माता-पिता गाँव में किसी काम से गए थे। उसी दौरान गाँव का एक युवक घर में घुस गया और किशोरी से छेड़खानी करने लगा। शोर मचाने पर आस पास के लोग जव तक आते तव तक वह किशोरी को मारपीट घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया। तहरीर पर पुलिस आरोपी युवक के खिलाफ छेड़खानी, मारने पीटने, धमकी देने, 7/8 पाक्सो एक्ट एवं एस्सीएस्टी. की धाराओं में केस दर्ज कर आरोपी की तलाश कर रही थी।

# विदेश भेजने के नाम पर जालसाजी करने वाले चार गिरफ्तार

**गोरखपुर (एसएनबी)।** कूटरचित दस्तावेज तैयार कर विदेश भेजने के नाम पर पैसा लेने वाले गिरोह के चार सदस्यों को खोराबार पुलिस ने गोबरहिया चौराहा से गुरूवार को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बदमाशों के पास से अदद कार स्विफ्ट डिजायर कार, दो अदद लैपटाप मय एडाप्टर, 88 अदद पासपोर्ट भारतीय गणराज्य, चार अदद मोबाइल मय सिमकार्ड, 09 अदद सिमकार्ड, पम्पलेट, एक अदद कूटरचित आधार कार्ड की छायाप्रति करमेश यादव, एक अदद कंपनी की मुहर, 03 अदद आधार कार्ड व 02 अदद पैनकार्ड बरामद किया।




**गिरोह का सरगना मुंबई का है रहने वाला**

**मुंबई से ही बैठकर गुर्गो के माध्यम से करा रहा था जालसाजी**

गुडवर्क की जानकारी एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने दी। उन्होंने बताया कि बदमाशों ने पूछताछ में अपना नाम सोनू यादव पुत्र सुरेन्द्र यादव निवासी राजगढ़ थाना गगहा, चन्दन यादव पुत्र स्व0 रविन्द्र नाथ यादव निवासी कुनवार राजा थाना गोला, क्रमलेश यादव पुत्र तपे र यादव निवासी मितानपुर खुर्द थाना गगहा, निकेतन त्रिपाठी पुत्र वेद प्रकाश त्रिपाठी निवासी छपरा थाना गगहा जनपद गोरखपुर व हालमुकाम मालवीय नगर थाना कैण्ट जनपद गोरखपुर बताया। अभियुक्तगणों से पूछताछ के क्रम में ज्ञात हुआ कि यह लोग बाम्बे की एक कम्पनी के माध्यम से फर्जी तरीके से लोगों को विदेश भेजने के नाम पर पैसा ले लेते हैं। जब पैसा इकठ्ठा हो जाता है तो यह लोग भाग जाते हैं। अभियुक्तगण उपरोक्त द्वारा मिलकर अपने दोस्त कमलेश यादव के आधार कार्ड को कम्प्यूटर से माध्यम से एडिट करके उसे करमेश यादव बना दिया ताकि फर्जी पहचान दिखाकर रुम मिल जाये। पता गलत होने की वजह से कोई इन लोगों को कोई पकड़ भी नहीं पाता है । आरोपितों को धारा 419, 420, 467, 468, 471 आईपीसी थाना खोराबार जनपद गोरखपुर में दर्ज केस के तहत कोर्ट में पेश किया गया जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में लेकर जेल भेज दिया गया।

**गुडवर्क टीम में रहे शामिल :** चौकी प्रभारी जगदीशपुर थाना खोराबार एसआई आशुतोष कुमार राय, हेका. हरेन्द्र प्रसाद, अशोक सरोज, कांस्टेबल अनिल कुमार गुप्ता, कृष्ण कुमार दुबे,अभय सरोज थाना खोराबार जनपद गोरखपुर।

## एटीएम से रुपए उड़ाने वाले जालसाज गिरफ्तार

**गोरखपुर (एसएनबी)।** कैंट पुलिस ने धोखाधड़ी और जहरखुरानी कर लोगों का पैसा लूटने वाले गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने इन्हें गुरुवार को नहर पुलिया मोहद्दीपुर से पकड़ा। पुलिस ने इनके कब्जे से 60 ग्राम स्मैक और विभिन्न बैंकों द्वारा जारी किए गए विभिन्न व्यक्तियों के नाम का एटीएम कार्ड भी बरामद किया है। इनका एक साथी भागने में कामयाब रहा है। यह बदमाश हरियाणा से गोरखपुर लूट की घटनाओं को अंजाम देने के लिए पहुंचे थे। एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने गुडवर्क की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पकड़े गए बदमाशों ने अपना नाम संदीप पुत्र दलवीर सिंह निवासी गंगनखेडी थाना हंसी जनपद हिसार हरियाणा व राजेश कुमार पुत्र कर्मवीर निवासी हंसी रामसिंह कालोनी भिवानी रोड थाना हंसी जनपद हिसार हरियाणा बताया।

**एटीएम कार्ड बदलकर देते थे घटना को अंजाम :** बदमाशों ने पूछताछ में बताया कि हम लोगों द्वारा दिल्ली, यूपी के जिलों व सीमावर्ती प्रदेशों में चारपहिया वाहनों से भ्रमण कर लोगों का एटीएम कार्ड बदलकर उनके पैसो को निकालने का काम करते है। हम लोग द्वारा एटीएम रुम में पहले से पहुंचकर ऐसे व्यक्ति का इन्तजार किया जाता है जो एटीएम चलाना अच्छी तरह से न जानता हो। उसके एटीएम को लेकर हमलोग स्वंय उसका पैसा कोड पूछकर उसको निकालकर दे देते है तथा अपने पास लिये एटीएम को उनके एटीएम को बारीकी से बदलकर उनको बदला हुआ एटीएम दे देते है। कुछ देर बाद उनके बाकी पैसो को निकाल लेते है। इसके अलावा वह स्मैक की विक्री भी करते है। जरूरत पड़ने पर नशे का पदार्थ खिलाकर भी लोगों को अपना शिकार बनाते हैं। कैंट पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट समेत दो मुकदमे दर्ज कर दोनों को कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

**गुडवर्क टीम में रहे शामिल :** प्रभारी निरीक्षक कैंट शशि भूषण राय, एसआई रुद्र प्रताप सिंह, एसआई अरुण कुमार सिंह, एसआई अवनीश कुमार पाण्डेय, हेका. मोहसीन खान, कांस्टेबल सौरभ गिरी व राहुल शाह शामिल रहे।

# चोरी की तीन भैंस और दो पड़िया बरामद

रकहट (एसएनबी)। गगहा थाना पुलिस ने वुधवार की रात गोवरहिया मोड़ से तीन भैंस और दो पड़िया वरामद की। पुलिस ने मौके से छोटक यादव निवासी पोहिला थाना वड़हलगंज को गिरफ्तार किया। उसका एक साथी भागने में कामयाव रहा। पूछताछ में पकड़े गए वदमाश ने अपने साथी का नाम राम यादव निवासी आजमगढ़ वताया।

छोटक यादव ने वताया कि भैंस लहसड़ी गोरखपुर से आजमगढ़ जा रही थी। राम यादव ने नौसढ़ पहुंचकर उसे फोन किया कि भैस आजमगढ़ पहुंचाना है आ जाओ। मैं नहीं जानता था कि भैंस चोरी की है। गगहा पुलिस ने वरामद सभी भैंस व पड़िया को ढरसी निवासी श्रषभ तिवारी को सुपुर्द कर दिया। पूर्वाह्न 11 वजे भैंस का मालिक लहसडी गोरखपुर निवासी मिथिलेश यादव पुत्र हनुमान यादव अपनी भैंस को खोजते हुए गगहा थाने पर पहुंचा। उसने वताया उसकी तीन भैंस व दो पड्या वुधवार की सुवह चरने गयी थी। वहीं से लापता हो गयी। तीनों भैंस दूध देने वाली है उसके वच्चे घर पर कल से ही चिल्ला रहें हैं। जव उसे पता चला की भैंस ढरसी निवासी श्रषभ तिवारी को सुपुर्द कर दी गयी है तो वह अपनी भैंस लेने के लिए श्रषभ तिवारी के घर पहुंचा और उसने अपनी भैंस होना वताया लेकिन पुलिस अभी पता कर रही है की इसकी भैंस है कि नहीं।अभी पुलिस सही भैंस मालिक का पता लगा रही है। इधर पुलिस भैंस चोरी का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

**भैंस मालिक भी ढूंढते हुए पहुंचा थाने**

# हरियाणा से गोरखपुर आकर कर रहे थे जालसाजी, 2 अरेस्ट

## पश्चिम बंगाल तक 30 लोगों का एटीएम कार्ड बदलकर कर चुके हैं धोखाधड़ी

gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (9 June): गोरखपुर में हरियाणा से आकर एक गिरोह जालसाजी और जहरखुरानी की घटनाओं को अंजाम दे रहा था. कैंट पुलिस ने गिरोह के दो सदस्यों को गुरुवार दोपहर मोहद्दीपुर की नहर पुलिया के पास से अरेस्ट कर लिया. जबकि उनका एक साथी फरार हो गया. गिरोह के लोग अब तक 30 लोगों के एटीएम कार्ड बदलकर रुपए की निकासी कर चुके हैं. इन लोगों ने पश्चिम बंगाल में भी घटनाओं को अंजाम दिया है.

### गोरखपुर में पहली घटना में हत्थे चढ़े

एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि पकड़े गए आरोपितों की पहचान 26 वर्षीय संदीप पुत्र दलवीर सिंह निवासी गगनखेड़ी थाना हांसी जिला हिसार और 30 वर्षीय राजेश कुमार पुत्र कर्मवीर निवासी हांसी रामसिंह कॉलोनी भिवानी रोड थाना हांसी के रूप में हुई है. इनके पास से पुलिस ने 60 ग्राम स्मैक, विभिन्न बैंकों के 30 एटीएम कार्ड बरामद किए हैं. कैंट पुलिस ने दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट और जालसाजी के आरोप में केस दर्ज कर जेल भिजवा दिया. एसपी सिटी ने बताया, इनका तीन लोगों का गिरोह है. फरार हुए तीसरे साथी की तलाश की जा रही है. तीनों गोरखपुर के मोहद्दीपुर में कार से सुबह आए थे और पहली घटना को अंजाम दे रहे थे. अभी यह एक बुजुर्ग व्यक्ति का एटीएम बदलने का प्रयास कर रहे थे कि उन्होंने शोर मचा दिया. इसके बाद दोनों पकड़े गए. वहीं तीसरा साथी जो आई-10 कार चला रहा था. वह कार सहित फरार हो गया.



### 2 साल से एक्टिव था गिरोह

एसपी सिटी ने बताया, इनका गिरोह पिछले दो साल से एक्टिव था. इन लोगों ने यूपी के लखनऊ, सहित पश्चिम बंगाल में भी घटनाओं को अंजाम दिया है. ये लोग एटीएम रूम में पहले से पहुंचते हैं. खड़े होकर बुजुर्ग व्यक्तियों का इंतजार करते हैं जो एटीएम चला नहीं पाते हैं. उसके बाद गिरोह का एक सदस्य मदद करने पहुंच जाता है और एटीएम कार्ड बदल देता है और फिर उस व्यक्ति के खाते से पैसे निकाल लेते हैं. साथ ही ये लोग उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों और अन्य राज्यों में जाकर स्मैक की बिक्री भी करते हैं. ये लोग राजेश के साथ मिलकर नशीला पदार्थ लोगों को खिला देते हैं और एटीएम कार्ड का पासवर्ड जान लेते हैं. कार्ड को बदलकर पैसे निकाल लेते है.

ट्विटर पर नहीं उड़ रही खाकी की चिड़िया, फरियादियों की कंप्लेन पर...

# सिर्फ निर्देश की घुट्टी दे रही गोरखपुर पुलिस

### केस 01

गुलरिहा एरिया के जंगल सखनी माखनपुर निवासी सूर्यनाथ अपनी पुस्तैनी जमीन पर मकान का निर्माण करा रहे थे. इस दौरान पड़ोसियों इसका विरोध करते हुए गाली गलौज करते हुए पिटाई कर दी. पीड़ित ने कंप्लेन की कि मैं विकलांग हूं. इसका फायदा उठाते हुए मेरा मानसिक व शारीरिक उत्पीड़न कर रहे हैं. उन्होंने ट्विटर के माध्यम से पुलिस अफसरों से न्याय की गुहार लगाई है. लेकिन अभी तक इसका समाधान नही हुआ. गोरखपुर पुलिस ने ट्विटर पर जवाब दिया कि मामले में जांच व कार्रवाई के लिए प्रभारी निरीक्षक गुलरिया को निर्देशित किया गया है.

### केस 02

पीपीगंज एरिया के मुहम्मदपुर पचवारा निवासी सोनी वर्मा की शादी 7 मई 2021 को सतीश वर्मा निवासी कुरी बाजार से हुई थी. 8 मई को ससुराल जाने के बाद से ही उसके साथ दुर्व्यवहार होने लगा. सोनी के पति और परिवार के अन्य सदस्य गाली गलौज कर कमरे में बाहर से ताला बंद कर देते. महिला थाने में इसकी लिखित सूचना दी गई. 2 जून को ससुराल पहुंची. फिर वह लोग पीटने लगे. उन्होंने पुलिस में शिकायत की, लेकिन केस दर्ज नही किया गया. गोरखपुर पुलिस ने ट्विटर पर जवाब दिया कि मामले में जांच व कार्रवाई के लिए प्रभारी निरीक्षक पीपीगंज को निर्देशित किया गया है.

### केस 03

सहजनवां एरिया के मक्टापार निवासी वरुण कुमार 2 जून की शाम अपने गांव के बगल में कोडरा मंदिर के रास्ते से घर जा रहे थे. जैसे ही वह ज्योंही पुलिया के पास पहुंचे. पहले से घात लगाए बैठे बाहरी युवकों ने उन पर हमला बोल दिया. वरुण के शोर मचाने पर ग्रामीणों ने बीचबचाव किया. थाने पर आरोपितों के खिलाफ तहरीर दी, लेकिन अभी तक उन्हें अरेस्ट नहीं किया जा सका है. जीतेंद्र कुमार भारतीय के ट्विट पर गोरखपुर पुलिस ने जवाब दिया कि मामले में जांच व कार्रवाई के लिए प्रभारी निरीक्षक सहजनवां को निर्देशित किया गया है.

### केस 04

चौरीचौरा एरिया के सरैया निवासी सविता देवी पत्नी विनोद कुमार अपने बच्चों के साथ कमरे में सोए थे. आरोप है कि पड़ोस के कुछ सदस्य कमरे में दाखिल हो गए और सविता के साथ अभद्रता करने लगे. विरोध करने पर सविता के पूरे परिवार की जोरदार पिटाई कर दी. इस संबंध में थाने पर तहरीर दी गई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई. परेशान होकर पीड़ित पक्ष ने ट्विटर पर भी अपनी पीड़ा बयां की है. गोरखपुर पुलिस ने ट्विटर पर जवाब दिया कि मामले में जांच व कार्रवाई के लिए प्रभारी निरीक्षक चौरीचौरा को निर्देशित किया गया है. सविता की मानें तो कंप्लेन थाने पर भेजी गई है. थानेदार ने मामले में उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है.






**SHOCKING**

**GORAKHPUR (9 June):** यह 4 केस सिर्फ पब्लिक की पीड़ा नहीं बल्कि पुलिसिया लापरवाही की बानगी भी है. रोजाना थानों में आने वाले दर्जनों मामलों पर जब कार्रवाई नहीं होती तो पीड़ित अपनी बात ट्विटर पर साझा करते हैं. यहां भी जांच व कार्रवाई के नाम पर सिर्फ निर्देश देने की खानापूर्ति की जा रही है. जबकि अफसर बार-बार कह रहे हैं कि थानों पर ही पब्लिक की सुन ली जाए और न्याय दिलाया जाए, तहरीर मिलने पर केस दर्ज करके विवेचना की जाए, मामला फर्जी मिले तो केस खत्म करके झूठी सूचना देने वालों पर कार्रवाई हो, पर तमाम हिदायतों के बाद भी पीड़ितों को गोरखपुर पुलिस न्याय नहीं दे पा रही. वरिष्ठ अफसरों से शिकायत की जाती है कि थाने पर उनकी नहीं सुनी जा रही, तो वे पीड़ितों को दोबारा थाने की ही राह दिखा देते हैं, जिससे पब्लिक परेशान रहती है.

- औसतन रोज हर अफसर के पास पहुंचते 20 से अधिक मामले.
- एसपी, एसएसपी, डीआईजी और आईजी के यहां लोग लगाते हैं गुहार.
- पुलिस के ट्विटर, व्हाट्सअप ग्रुप पर शिकायत करने की व्यवस्था है.
- जनसुनवाई पोर्टल पर भी लिखित आवेदन कर सकते हैं पीड़ित.
- जिले में हर स्तर पर रोजाना हो रही औसतन 100 कंप्लेन

### दबाव में नहीं दर्ज होती एफआईआर

पुलिस अफसरों के पास अक्सर दूसरे पक्ष के दबाव मे एफआईआर न दर्ज करने का आरोप फरियादी लगाते हैं. शिकायत करने पर लोकल पुलिस किसी न किसी लाभ के चक्कर मे फरियादी की अनसुनी कर देती है. कई बार पुलिस कर्मचारी पीड़ित के विपक्षी से बात करके मामले को निपटाने का आश्वासन देते हैं. इसलिए उनकी कोशिश रहती है कि थाने पर एफआईआर लिखने के बजाय मामले मे सुलह करा दी जाए.



**"सभी थानों पर पीड़ितों की शिकायतों का तत्काल समाधान करने के निर्देश दिए गए हैं. साथ ही ट्विटर पर कोई भी शिकायत आती है तो संबंधित थाने और अफसरों को भेजा जाता है, ताकि मामले में त्वरित कार्रवाई की जा सके.**

कृष्ण कुमार विश्नोई, एसपी सिटी

# कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों पर करें सख्ती: सीएम योगी

**GORAKHPUR (9 June):** सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों पर सख्ती बरती जाए. शुक्रवार को जुमे की नमाज के दृष्टिगत उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था सख्त रखने के निर्देश दिए. गोरखनाथ मंदिर में अधिकारियों के साथ विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था को लेकर बैठक में सीएम ने कहा कि सभी मस्जिदों के सामने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए जाएं. किसी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए.

बैठक में सीएम ने गरीब कल्याण सभा की तैयारियों की भी समीक्षा की. अधिकारियों ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं. लाभार्थियों को बुलाने की भी व्यवस्था की गई है. सीएम को बताया गया कि रामगढ़ताल-तरकुलानी रेग्युलेटर नाला



की ड्रेजिंग का काम पूरा कर लिया गया है. सीएम ने देवरिया बाईपास पर जीडीए द्वारा बनाए जाने वाले नाले के विषय में भी जानकारी ली. उन्हें बताया गया कि नाले का निर्माण पूरा हो गया है. सीएम ने आयुष विश्वविद्यालय एवं सैनिक स्कूल की प्रगति की भी समीक्षा की. उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य समय से पूरा किया जाए और गुणवत्ता का ध्यान रखा जाए. उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि नियमित रूप से निर्माण कार्य की निगरानी करते रहें. सीएम ने सड़क सुरक्षा को लेकर किए जा रहे उपायों के बारे में भी जानकारी ली. उन्होंने चौराहों को अतिक्रमणमुक्त बनाने, चौराहों को चौड़ा करने का निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि मंत्रीसमूह का दौरा शुरू हुआ है. मंडल के सभी जिलों में मंत्रियों का निरीक्षण कराया जाए और उन्हें सारी प्रगति से अवगत कराया जाए. मंत्री जिलों में कानून व्यवस्था, विकास कार्यों एवं सड़क सुरक्षा को लेकर बैठक भी करेंगे. बैठक के दौरान एडीजी जोन अखिल कुमार ने गोरखनाथ मंदिर की सुरक्षा को लेकर बनाई गई कार्ययोजना से सीएम को अवगत कराया. इस दौरान मंडलायुक्त रवि कुमार एनजी, डीआइजी जे रविन्दर गौड, जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश, एसएसपी डा.विपिन ताडा, जीडीए उपाध्यक्ष प्रेमरंजन सिंह, नगर आयुक्त अविनाश सिंह आदि मौजूद रहे.

# 88 पासपोर्ट के साथ 4 बदमाश अरेस्ट
# यूपी, बिहार और मुंबई से जुड़े तार

### फर्जी कागजात बनाकर विदेश भेजने के नाम पर आरोपित कर रहे थे वसूली

gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (9 June): गोरखपुर पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है. गुरुवार को फर्जी कागजात बनाकर बेरोजगारों को विदेश भेजने के नाम पर रुपए वसूलने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है. पुलिस के गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार कर 88 पासपोर्ट बरामद किए हैं. पुलिस के अनुसार इनका मास्टरमाइंड मुंबई में बैठा एक व्यक्ति है. वहीं से गिरोह को चलाता था. पुलिस उसकी भी तलाश कर रही है.



● पुलिस गिरफ्त में जालसाजी के आरोपित.

### इनकी हुई गिरफ्तारी

एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि खोराबार थाने के जगदीशपुर चौकी प्रभारी आशुतोष कुमार राय की टीम ने मुखबिर की सूचना से कुसम्ही बाजार के गोबरहिया चौराहे से चार लोगों को गिरफ्तार किया. चारों की पहचान सोनू यादव निवासी राजगढ़ थाना गगहा, चंदन यादव निवासी कुनवारराजा थाना गोला, कमलेश यादव निवासी मितानपुर खुर्द थाना गगहा और निकेतन त्रिपाठी निवासी छपरा थाना गगहा के रूप में हुई. निकेतन वर्तमान में इंजीनियरिंग कॉलेज के मालवीय नगर में रहता है.

### फर्जी नाम पर लिया था मकान

इन लोगों ने दो माह पहले फर्जी नाम पर कुसम्ही बाजार में एक मकान को किराए पर लिया था. इन लोगों ने अपने दोस्त कमलेश यादव के आधार कार्ड को कंप्यूटर के माध्यम से एडिट करके उसे करमेश यादव बना दिया. वही फर्जी आधार कार्ड दिखाकर करमेश यादव नाम से मकान किराए पर ले लिया. ये लोग रोज गाड़ियां बदल बदल कर आफिस पर आते थे. जिसके बाद लोगों को शक हुआ और एक पकड़े गए. अभी तक इन लोगों ने किसी को विदेश नहीं भेजा था. केवल ये लोग अभी मेडिकल कराने के एवज में रुपए वसूले थे.

### 70 हजार में बनाता था वीजा

एसपी सिटी ने बताया कि गिरोह के सदस्य गोरखपुर के साथ ही कुशीनगर, महराजगंज, देवरिया, बिहार के गोपालगंज और सिवान के बेरोजगारों को अपना निशाना बनाते थे. ये पिछले दो महीने से सक्रिय थे. ये लोग एक युवक से विदेश भेजने के लिए पासपोर्ट व वीजा के लिए 70 हजार लेते थे और मेडिकल परीक्षण के लिए एक व्यक्ति से 3500 रुपए लेते थे. अभी इन लोगों ने 88 लोगों से मेडिकल के नाम पर 3500 रुपए के हिसाब से 1 लाख 40 हजार रुपए लिए थे. जिसे पुलिस ने बरामद किया है. साथ ही पुलिस ने 88 पासपोर्ट, दो लैपटाप, एक कार, चार मोबाइल फोन, 9 सिमकार्ड, पंपलेट, करमेश यादव नाम का एक फर्जी आधार कार्ड, एक कंपनी की मुहर, तीन आधार कार्ड, दो पैनकार्ड बरामद किया है. पुलिस के अनुसार ये लोग मुंबई के एक कंपनी के नाम पर यहां आफिस खोला था. उसी कंपनी के मालिक के कहने पर ये लोग विदेश भेजने के नाम पर लोगों से वसूली करते हैं.जब पैसा एकट्ठा हो जाता है तो यह लोग भाग जाते हैं.

# फर्जी दस्तावेज पर विदेश भेजने वाले चार गिरफ्तार

- कूटरचित दस्तावेज तैयार कर विदेश भेजने के नाम पर जालसाजी
- चारों को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। कूटरचित दस्तावेज तैयार कर विदेश भेजने के नाम पर जालसाजी करने वाले एक गिरोह के चार सदस्यों को खोराबार पुलिस ने बुधवार को गोबरहिया चौराहे से गिरफ्तार किया। उनके पास से एक कार, दो लैपटाप, 88 पासपोर्ट, चार मोबाइल, नौ सिमकार्ड, पम्पलेट, एक अधार कार्ड की फोटो कापी, कम्पनी की मुहर, तीन आधार कार्ड और दो पैनकार्ड बरामद किया गया।

एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि आरोपितों की पहचान सोनू यादव पुत्र सुरेन्द्र यादव निवासी राजगढ़ थाना गगहा, चन्दन यादव पुत्र रविन्द्र नाथ यादव निवासी कुनवार राजा थाना गोला, कमलेश यादव पुत्र तपेश्वर यादव निवासी मितानपुर खुर्द थाना गगहा, निकेतन त्रिपाठी पुत्र वेद प्रकाश त्रिपाठी निवासी छपरा थाना गगहा, हाल मुकाम डी 24 मालवीय नगर थाना कैण्ट के रूप में हुई। पूछताछ में पता चला कि यह गिरोह मुम्बई की एक कम्पनी के माध्यम से फर्जी तरीके विदेश भेजने के नाम पर पैसे ले लेते था।

आरोपितों ने अपने दोस्त कमलेश यादव के आधार कार्ड को कम्प्यूटर से माध्यम से एडिट करके उसे करमेश यादव बना दिया ताकि फर्जी पहचान दिखाकर रुम मिल जाए और जब लोगों से विदेश भेजने के नाम पर रुपये एकत्र हो जाते तो यह लोग भाग जाते और पता गलत होने की वजह से कोई इन्हें पकड़ भी नहीं पाता था। इसके बाद से चारों को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

### 70 हजार में वीजा और 3500 में मेडिकल

एसपी सिटी ने बताया कि गिरोह के सदस्य गोरखपुर के साथ ही कुशीनगर, महराजगंज, देवरिया, बिहार के गोपालगंज और सिवान के बेरोजगारों को भी निशाना बनाते थे। ये दो महीने से सक्रिय थे। एक युवक को विदेश भेजने के लिए पासपोर्ट व वीजा के लिए 70 हजार लेते थे और मेडिकल परीक्षण के लिए 3500 रुपये। 88 लोगों से मेडिकल के नाम पर 3500 रुपये के हिसाब से 1.40 लाख रुपये लिए थे।

### मुंबई की कंपनी के नाम पर लेते थे रकम

पुलिस के अनुसार पकड़े गए जालसाजों ने मुंबई की एक कंपनी के नाम पर यहां ऑफिस खोला था। उसी कंपनी के मालिक के कहने पर ये लोग विदेश भेजने के नाम पर लोगों से वसूली करते थे। जब पैसा एकह्य हो जाता था तो भाग जाते थे।

# जालसाजों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

गोरखपुर। हरियाणा से गोरखपुर आकर जालसाजी और जहरखुरानी की घटनाओं को अंजाम दे रहे एक गिरोह के दो सदस्यों को गुरुवार को कैंट पुलिस ने गिरफ्तार किया जबकि उनका एक साथी फरार हो गया। गिरोह के लोग अब तक 30 लोगों के एटीएम कार्ड बदलकर रुपये निकाल चुके हैं। ये लोग कई राज्यों मे लोगों को निशाना बनाते हैं। एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि पकड़े गए दोनों आरोपी हरियाणा के हिसार के रहने वाले हैं।

उनकी पहचान 26 वर्षीय संदीप पुत्र दलवीर सिंह निवासी गगनखेड़ी थाना हंसी जिला हिसार व 30 वर्षीय राजेश पुत्र कर्मवीर निवासी हंसी रामसिंह कॉलोनी भिवानी रोड थाना हंसी जनपद हिसार के रूप में हुई है।

# चोरी की बाइक के साथ एक को पुलिस ने दबोचा

गोरखपुर। शाहपुर पुलिस ने गुरुवार की दोपहर में सीनियर सेकेंड्री स्कूल तिराहे के पास से एक शातिर बाइक चोर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके पास से चोरी की एक बाइक बरामद की है, जिसे तीन माह पूर्व चुराया गया था।

# घर में घुसकर छेड़खानी का आरोपित गिरफ्तार

खोराबार। घर में घुसकर किशोरी से छेड़खानी, मारपीट व धमकी देने के मामले में पुलिस ने गुरुवार को आरोपी ओमप्रकाश यादव को खोराबार क्षेत्र के वनस्पति देवी मंदिर के पास से गिरफ्तार कर लिया। घटना मंगलवार की रात में हुई थी। पुलिस मामले में छेड़खानी, मारपीट, धमकी और पाक्सो व एससी एसटी का केस दर्ज कर आरोपी की तलाश कर रही थी।

# गुमशुदा बालक को तलाश कर परिजनों को सौंपा

गोरखपुर। राजघाट क्षेत्र में घर से घूमने निकला 12 वर्षीय एक बालक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। जब वह काफी देर तक घर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। जब उसका पता नहीं चला तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी। रहमतनगर चौकी प्रभारी सुशील कुमार चौरसिया ने बालक को गुरुवार को बरामद कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया।

# धर्म परिवर्तन करा मां-बेटी से दुष्कर्म का आरोपी दबोचा

कैम्पियरगंज, हिन्दुस्तान संवाद। कैम्पियरगंज के एक युवक ने प्रेम जाल में फंसाकर आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम की महिला के साथ धर्म परिवर्तन कराकर शादी की और महिला तथा उसकी बेटी के साथ दुष्कर्म कर घर भाग आया।

- विशाखापत्तनम से पति की तलाश में गोरखपुर पहुंची थी महिला
- नौ माह बाद कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुआ था केस, जेल भेजा

न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने आरोपित राजेश उर्फ हबीबुल्लाह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पिछले वर्ष 29 सितंबर को आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम से एक महिला अपने पति की तलाश में कैम्पियरगंज थाने पहुंची। महिला का आरोप था कि कैम्पियरगंज इलाके के कुनवार गांव के हबीबुल्लाह खान ने विशाखापत्तनम में हिन्दू महिला का धर्म परिवर्तन कराकर उससे चार साल पहले शादी की थी और फिर घर बनवाने के नाम पर 12.5 लाख रुपये ले लिए। कुछ महीने पहले वह घर आया और तभी से मोबाइल बंद कर फरार हो गया।

महिला उसकी तलाश करते गोरखपुर उसके घर आ पहुंची। यहां पता चला कि वह पहले से शादीशुदा है। उसने पुलिस से लिखित शिकायत कर आरोपी पति के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। महिला का आरोप है कि 30 सितंबर की रात उससे जबरन शारीरिक संबंध बनाया।

# जुमे की नमाज को लेकर अलर्ट, फोर्स मुस्तैद

- कानपुर की घटना के बाद गोरखपुर में पुलिस पूरी तरह अलर्ट
- चौराहों पर लगाई गई फोर्स, संवदेनशील इलाकों में रहेगी गश्त

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। कानपुर में पिछले जुमे को हुए पथराव और उससे पहले नुपुर शर्मा के बयान को लेकर चल रहे विवाद और धमकी को देखते हुए इस बार जुमे की नमाज पर पुलिस-प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है। संवदेनशील इलाकों में चौराहों तथा मस्जिद के पास न सिर्फ पुलिस की ड्यूटी लगाई गई है बल्कि पुलिस अफसरों को भी नमाज के वक्त गश्त का निर्देश दिया गया है।

बीते जुमे को कानपुर में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का कार्यक्रम था इस दौरान ही उपद्रवियों ने माहौल खराब करने की कोशिश की थी। इस बार गोरखपुर में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के अलावा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मौजूद रहेंगे। जिस दिन वीआईपी शहर में होते हैं उस दिन जानबूझ कर विवाद की साजिश होने लगी है यही वजह है कि एलआईयू को पहले से अलर्ट किया गया है।

उपद्रवियों को भी ताकीद कर दें कि अगर उनके इलाके में कुछ है तो उसके लिए वही जिम्मेदार होंगे। कोतवाली सर्किल और गोरखनाथ में सवेंदनशील इलाकों में चौराहों पर फोर्स लगाई गई है।

## योगी सख्त : सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने के निर्देश

# कानून व्यवस्था से कोई समझौता नहीं

गोरखपुर, मुख्य संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिया कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों से सख्ती से निपटा जाए। सभी मस्जिदों के सामने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम करें। उन्होंने कहा कि जुमे की नमाज को देखते हुए मस्जिदों पर सुरक्षा सख्त की जाए। किसी को किसी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए।

दो दिवसीय दौरे पर गुरुवार को गोरखपुर पहुंचे योगी गोरखनाथ मंदिर के पीठाधीश्वर कक्ष में अधिकारियों के साथ कानून व्यवस्था व विकास कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने केंद्र में मोदी सरकार के आठ साल पूरे होने के उपलक्ष्य में शुक्रवार को आयोजित होने वाले गरीब कल्याण मेला (सम्मेलन) की तैयारियों की समीक्षा की। बैठक के दौरान एडीजी अखिल कुमार ने गोरखनाथ मंदिर की सुरक्षा को लेकर बनाई गई कार्य योजना से सीएम को अवगत कराया।

**मंत्री समूह के दौरे को गंभीरता से लें :** योगी ने कहा कि मंत्री समूह का दौरा भी शुरू हो रहा है। इसे गंभीरता से लिया जाए। मण्डल के सभी जिलों में समूह का निरीक्षण कराने के साथ उन्हें प्रगति से भी अवगत कराया जाए। मंत्री समूह कानून व्यवस्था एवं विकास कार्यों की समीक्षा भी करेगा।

**आयुष विश्वविद्यालय एवं सैनिक स्कूल की प्रगति जानी :** मुख्यमंत्री ने आयुष विश्वविद्यालय एवं सैनिक स्कूल के प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया कि अधिक मजदूर लगा कर निर्माण कार्य समय से पूरा करें और गुणवत्ता का भी ख्याल रखें। अधिकारियों को निर्देश दिया कि नियमित रूप से निर्माण कार्य की निगरानी करते रहें।

**चौराहों को अतिक्रमण मुक्त करें :** मुख्यमंत्री ने सड़क सुरक्षा को लेकर किए जा रहे उपायों के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि चौराहों को अतिक्रमण मुक्त बनाने के साथ ही उन्हें चौड़ा किया जाए।



- जुमा को लेकर निर्देश, मस्जिदों पर सुरक्षा इंतजाम कड़े करें
- बोले-ऐसा इंतजाम करें कि किसी को कोई समस्या न आए

## नड्डा-योगी आज क्षेत्रीय कार्यालय का उद्घाटन करेंगे



भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में गोरखपुर के क्षेत्रीय कार्यालय का उद्घाटन करेंगे। साथ ही सिद्धार्थनगर, संतकबीरनगर, बागपत, अलीगढ़, रायबरेली, जौनपुर और अयोध्या के जिला कार्यालय का भी वर्चुअल उद्घाटन करेंगे।

## गरीब कल्याण मेले में किसी को कोई असुविधा न हो

गोरखपुर। सीएम योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार शाम को गोरखपुर के रानीडीहा में भाजपा के नवनिर्मित क्षेत्रीय कार्यालय के लोकार्पण एवं गरीब कल्याण मेला (सम्मेलन) की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि मेले में आने वाले लाभार्थियों और नागरिकों को कोई असुविधा न होने पाए। शुक्रवार को भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और सीएम योगी आदित्यनाथ गरीब कल्याण मेले को भी संबोधित करेंगे। > P 04

# अपहरण व छेड़खानी का आरोपित दबोचा

गोरखपुर। हरपुर बुदहट पुलिस ने किशोरी कर अपहरण कर छेड़खानी के आरोपित को बुधवार की शाम को बिगही गांव के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसको कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। आरोपित की पहचान हरपुर बुदहट क्षेत्र के रामपुर गरथौली निवासी मिथुन बेलदार के रूप में हुई है। पुलिस उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश कर रही थी।

# सीएम पर आपत्तिजनक टिप्पणी, युवक हिरासत में

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में पुलिस ने एक युवक को हिरासत में ले कर पूछताछ कर रही है। युवक ने सोशल मीडिया पर मुख्यमंत्री के बारे में काफी अभद्र बातें लिखी है। पुलिस की पूछताछ में पता चला है कि आरोपी यूट्यूब चैनल चलाता है।

# आठ के खिलाफ मुकदमा

महुआपार। कोल्हुआ गांव निवासी सत्येन्द्र नाथ तिवारी की पत्नी बीनू तिवारी ने आरोप लगाया था कि गांव निवासी कुछ लोग पुरानी रंजिश को लेकर सोमवार रात उसके घर में घुसकर पति व मेरे साथ मारपीट करने के साथ नकदी सहित आलमारी में रखे जेवरात लूट ले गए। तहरीर पर पुलिस ने शरद तिवारी, अंकुर, त्रिभुवन व बजरंगी मिश्रा के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

# प्रधान पर हमला, तीन पर केस

चौरीचौरा। ग्राम गौनर के टोला विशुनपुरा सेक्टर 28 की चकबंदी विभाग द्वारा पुनः पैमाइश बुधवार की शाम को किया जा रहा था। इसी दौरान गांव के दूसरे समुदाय की महिला समेत तीन लोगों पैमाइश में खलल डालकर मौके पर मौजूद प्रधान कैलाश निषाद पर हमला किया। पुलिस ने प्रधान के तहरीर पर सज्जाद, सलमान व अमरूननिशा के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# बुजुर्ग का शव मिला, पहचान नहीं

खोराबार। रामनगरकड़जहा के समीप फोरलेन पर श्रीराम ढाबा से 200 मीटर आगें लखनऊ की तरफ जाने वाली लेन पर 60 वर्षीय बुजुर्ग का शव गुरुवार को मिला। सूचना पर पहुंची खोराबार पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। उसकी पहचान नहीं हो पाई है।

## एक नजर में

# हत्या के मामले में महिला को आजीवन कारावास

महराजगंज: 20 वर्ष पूर्व श्यामदेउरवा के परसौना में भूमि विवाद को लेकर दो बेटियां और मां की हत्या के मामले में जिला न्यायालय ने मृतका की देवरानी शांति देवी को दोषी ठहराया है। हत्या के आरोप में दोषी मानते हुए न्यायालय ने आजीवन कारावास के साथ 10 हजार रुपये का अर्थदंड की सजा भी सुनाई है। परसौना गांव में कैलाश यादव व उनके भाई रामबेलास के बीच भूमि को लेकर कुछ विवाद था। रामबेलास की मृत्यु के बाद कैलाश के स्वजन की नजर उनकी संपत्ति पर थी। आरोप था कि 28 मई 2002 को आरोपित पक्ष में कैलाश, उनकी पत्नी शांति देवी, मां श्यामराजी व तीन अन्य बदमाशों ने मिलकर रामबेलास की पत्नी मंशा देवी व दो बेटियों सनम व संगम की हत्या कर तीनों शव बोरे में रखकर फेंकने के लिए निकले थे।

# विदेश भेजने के नाम पर वसूली करने वाले चार जालसाज दबोचे

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : विदेश भेजने के नाम पर जालसाजी कर वसूली करने वाले चार आरोपितों को खोराबार पुलिस ने गुरुवार की सुबह गिरफ्तार किया। गोला व गगहा क्षेत्र के रहने वाले आरोपितों ने गलत नाम व पता बताकर कुसम्ही में किराए पर कमरा लेकर कार्यालय खोला था। उनके पास से 1.40 लाख रुपये, 88 पासपोर्ट, दो लैपटाप, एक कार, चार मोबाइल फोन, नौ सिमकार्ड, पंपलेट, एक फर्जी आधार कार्ड, एक कंपनी की मुहर, दो पैनकार्ड हुए।

एसपी सिटी कृष्ण कुमार ने गुरुवार की दोपहर पुलिस लाइन में प्रेस वार्ता कर यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि खोराबार थाने के जगदीशपुर चौकी प्रभारी आशुतोष कुमार राय को सूचना मिली कि विदेश भेजने के नाम पर वसूली करने वाले गिरोह के लोगों ने कुसम्ही में अपना कार्यालय खोला है। बेरोजगार युवकों का पासपोर्ट जमा कराकर 70 हजार रुपये में विदेश भेजने का दावा करने करने के साथ ही मेडिकल कराने के लिए 3500 रुपये अलग से वसूल रहे हैं। छानबीन में जालसाजी करने की पुष्टि होने पर गुरुवार को चौकी प्रभारी ने संचालक समेत चार आरोपितों को गोबरहिया चौराहा के पास गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उनकी पहचान गगहा के राजगढ़ निवासी सोनू यादव, मितानपुर खुर्द निवासी कमलेश यादव, छपरा निवासी निकेतन त्रिपाठी और गोला के कुनवार राजा निवासी चंदन यादव के रूप में हुई।



विदेश भेजने के नाम पर जालसाजी करने वाले गिरफ्तार आरोपितों के बारे में जानकारी देते एसपी नगर कृष्ण कुमार विश्नोई • जागरण

- खोराबार पुलिस ने गोबरहिया के पास से किया गिरफ्तार कब्जे से मिले 88 पासपोर्ट
- गलत नाम बताकर कुसम्ही में किराए पर कमरा लेकर खोला था कार्यालय

### आसपास के जिलों व बिहार के युवकों से वसूले रुपये

एसपी सिटी ने बताया कि पकड़े गए आरोपितों ने गोरखपुर के अलावा कुशीनगर, महराजगंज, देवरिया और बिहार के गोपालगंज व सिवान के बेरोजगार युवकों से रुपये वसूले थे। यह गिरोह पिछले दो महीने से सक्रिय था।

### गिरोह का सरगना मुंबई में

आरोपितों ने मुंबई की एक कंपनी के नाम पर कुसम्ही बाजार में कार्यालय खोला था। संचालक के कहने पर गोरखपुर में विदेश भेजने के नाम पर वसूली कर रहे थे। एसपी सिटी ने बताया कि मुंबई में रहने वाले सरगना पर कार्रवाई होगी। पकड़े गए आरोपितों ने अभी तक किसी को विदेश नहीं भेजा था। केवल मेडिकल कराने के नाम पर रुपये वसूले थे।

# तहरीर वायरल तो दर्ज हुआ डकैती का केस

जागरण संवाददाता, बड़हलगंज : डकैती व जानलेवा हमले के एक मामले में अंततः पुलिस को मुकदमा दर्ज करना पड़ा। पीड़िता पहले थाने में तहरीर देकर गिड़गिड़ाती रही, लेकिन पुलिस मुकदमा दर्ज करने से आनाकानी करती रही। पीड़िता ने तहरीर व पूरा मामला ट्विटर पर वायरल किया तो पुलिस ने तत्काल गांव के चार व्यक्तियों समेत आठ लोगों के विरुद्ध डकैती, जानलेवा हमला सहित अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

मामला बड़हलगंज थाने के कोल्हुआ गांव का है। गांव की बीनू तिवारी ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि बीते छह जून को गांव कुछ लोग अपने साथियों के साथ उनके घर में घुस गए और उनके पति सत्येंद्र नाथ तिवारी को मारा पीटा। उन्होंने इसका विरोध किया तो मनबढ़ों ने उन्हें भी मारा पीटा और घर में रखे 22 हजार नकदी व आलमारी में रखे कीमती जेवरात लूट ले गए। उन्होंने इसकी तहरीर थाने में थी तो पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने में तमाम हीलाहवाली की। बीनू तिवारी ने बताया कि घटना से संबंधित फोटो व तहरीर उन्होंने ट्विटर पर अपलोड की तो मामला बड़े अधिकारियों के भी संज्ञान में आ गया। पुलिस ने गुरुवार को शरद तिवारी पुत्र राकेश तिवारी, अंकुर तिवारी पुत्र हरिकेश तिवारी, बजरंगी मिश्र पुत्र गोरख मिश्र निवासीगण बैदौली देवरिया व त्रिभुवन तिवारी पुत्र रामदास तिवारी निवासी कोल्हुआ व चार अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

## मनबढ़ों ने प्रधान पति पर किया जानलेवा हमला

पिपराइच : आपसी रंजिश को लेकर मनबढ़ों ने करमैनी के ग्राम प्रधान पति हिदायतुल्लाह पर जानलेवा हमला किया है। उनकी स्थिति गंभीर है। मेडिकल कालेज में इलाज चल रहा है। ग्राम प्रधान के स्वजन के मुताबिक गांव में कुछ लोगों ने सार्वजनिक भूमि पर कब्जा किया था। ग्राम प्रधान ने पैमाइश कराकर कब्जा हटवा दिया। गुरुवार रात करीब आठ बजे ग्राम प्रधान के पति बाइक से गांव में ही कहीं निकले थे। इस दौरान मनबढ़ों ने लाठी-डंडे से हमला कर दिया। इससे वह घायल हो गए। उन्हें सीएचसी पिपराइच ले जाया गया, वहां से मेडिकल कालेज रेफर किया गया।

# दुष्कर्म व छेड़खानी के आरोपितों को पुलिस ने भेजा जेल

जागरण संवाददता, हरपुर-बुदहट : दुष्कर्म व छेड़खानी के दो अलग-अलग मामलों में पुलिस ने आरोपितों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। इसमें से एक मामला हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र का है, जबकि दूसरा मामला झंगहा थाना क्षेत्र का है।

हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के गड़थौली के मिथुन बेलदार पर आरोप था कि उसने मुंहबोला भाई बनकर उसने एक किशोरी का अपहरण किया और उसके साथ छेड़खानी की। आरोपित को सोनबरसा बाबू चौकी पुलिस ने बिगही तिराहे से गिरफ्तार करके उसे गुरुवार को जेल भेज दिया। एक अन्य समाचार के अनुसार झंगहा थाना पुलिस ने गुरुवार को दुष्कर्म के आरोप में कुशीनगर जिले के हाटा थाना क्षेत्र के बेलवा बाबू निवासी रविंद्र को बुधवार रात मोतीराम अड्डा चौराहे से गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है।

# चोरी गईं पांच भैंसें बरामद

**जागरण संवाददाता, गगहा :** चोरी करके आजमगढ़ ले जाई जा रही पांच भैंस को गगहा पुलिस ने बुधवार की रात गोबरहिया मोड़ से बरामद कर लिया। पुलिस ने एक आरोपित को भी गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान बड़हलगंज के पोहिला निवासी छोटक यादव के रूप में हुई है। उसका साथी रात होने के कारण मौके से भाग निकला।

रात में पुलिस को सूचना मिली कि गोबरहिया मोड़ पर दो आरोपित पांच भैंस के साथ मौजूद हैं। पुलिस ने दबिश दी तो मौके से एक आरोपित भाग निकला। दूसरे आरोपित छोटक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। मौके से पांच भैंस भी पुलिस ने बरामद कर ली।

पुलिस ने बताया कि छोटक का साथी सभाराम यादव आजमगढ़ का रहने वाला है। वह गीडा थाने के लहसड़ी से भैंस चोरी करके आजमगढ़ ले जा रहा था। छोटक ने बताया कि उसे नहीं पता है कि सभाराम आजमगढ़ में किसके यहां भैंस ले जाने वाला था।

# थाने में ट्रक वापस आया, पर बालू गायब

**जागरण संवाददाता, गगहा :** गगहा थाना पुलिस का एक अजीबोगरीब कारनामा सामने आया है। दुर्घटना के मामले में उसने बालू लदा ट्रक पकड़ा और बाद में थाने से छोड़ दिया। इस मामले में जब हिंदू युवा वाहिनी के जिला उपाध्यक्ष राधा मोहन सिंह से पुलिस की बहस हुई तो ट्रक फिर थाने में आ गया है। इस बार ट्रक से बालू गायब है।

बीते 20 मई को गगहा बाजार में थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत गड़ही के दुर्गेश गुप्ता बालू लदे एक ट्रक की चपेट में आने से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद उनका एक पैर बेकार हो गया, जिसे बाद में काटना पड़ा। दुर्घटना के बाद पुलिस ने बालू लदे ट्रक को कब्जे में ले लिया था। दुर्गेश के चाचा ने बताया कि 22 मई को वह मुकदमे की कापी लेने थाने पर गए तो ट्रक थाने में नहीं था। पूछने पर उन्हें थाने से डांटकर भगा दिया गया। पीड़ित की व्यथा सुनने के बाद हिंयुवा नेता राधा मोहन सिंह ने गगहा पुलिस से पूछा तो थानेदार बहस करने लगे। उसके करीब घंटेभर बाद थाने में ट्रक तो आ गया है, लेकिन बालू गायब था। हियुवा नेता ने गुरुवार को एसएसपी से इसकी शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

**पुलिस ने दुर्घटना के बाद पकड़ा बालू लदा ट्रक छोड़ा, जानकारी होने पर हिंयुवा पदाधिकारी ने की शिकायत तो वापस थाने लाया गया ट्रक**

> ट्रक थाने पर है। उसमें बालू है या नहीं है, इसकी जानकारी मुझे नहीं है।
>
> **संजय सिंह**, प्रभारी निरीक्षक

## चालक के घर के सामने खड़ी पिकअप चोरी

**खजनी :** खजनी कस्बे के मिनी इंडस्ट्रियल एरिया से बुधवार रात एक ट्रक चोरी हो गई है। खजनी की राजमती देवी ने गुरुवार रात थाने पर तहरीर देकर बताया कि रात में पिकअप चालक गिरीश सिंह मिनी इंडस्ट्रियल एरिया के रहने वाले हैं।

रात में पिकअप उनके घर के सामने खड़ी थी। सुबह से पिकअप वहां से गायब है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के जरिये वाहन की तलाश में जुटी हुई है।

# तहसील व थाना स्तर पर पीड़ितों को मिलेगा न्याय : जिलाधिकारी


कार्यभार ग्रहण करते नवागत जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश • जागरण

**जासं, गोरखपुर :** नवागत जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश ने गुरुवार को कार्यभार ग्रहण कर लिया। दोपहर बाद करीब पौने तीन बजे कोषागार पहुंचे जिलाधिकारी ने कार्यभार संभाला। उन्होंने कहा कि किसी भी पीड़ित को न्याय के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। तहसील व थाना स्तर पर ही उन्हें न्याय दिलाया जाएगा। सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जाएगा। कहा कि किसी भी कीमत पर फाइलें न लटकाई जाएं।

जिलाधिकारी दोपहर करीब डेढ़ बजे एयरपोर्ट पहुंचे। वहां से आवास पहुंचकर कुछ देर आराम किया। करीब पौने तीन बजे कोषागार पहुंचे। अधिकारियों व कर्मचारियों से परिचय प्राप्त करने के बाद कहा कि सभी कल्याणकारी योजनाओं का समय से अनुपालन कराना उनकी प्राथमिकता है। जनता दर्शन, समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली (आइजीआरएस) पोर्टल पर आने वाली शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण व जमीन से जुड़े विवादों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम मौके पर जाकर जांच करेगी और निस्तारण कराएगी। इससे पहले वह गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पद पर कार्यरत थे। वहीं मुख्य विकास अधिकारी व ज्वाइंट मजिस्ट्रेट भी रहे हैं। मूलरूप से बिहार के पटना निवासी कृष्णा करुणेश 2011 बैच के आइएएस अधिकारी हैं। गोरखपुर मंडल के कुशीनगर में वर्ष 2013 में उनकी तैनाती बतौर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रही है। वह हापुड़ व बलरामपुर के जिलाधिकारी भी रहे हैं। कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने गोरखनाथ मंदिर पहुंच पूजा की। इसके बाद सीएम के निरीक्षण में भी पहुंचे।

# फंदे से लटकता मिला शव पति समेत तीन पर मुकदमा

जासं, खजनी : मेउड़ी गांव में गुरुवार दोपहर संदिग्ध परिस्थिति में विवाहिता की मौत हो गई। उसका शव कमरे में फंदे से लटकता मिला है। मायके वालों ने ससुरालियों पर दहेज हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने पति, ससुर, जेठानी के विरुद्ध दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया है।

मेउड़ी निवासी देवानंद यादव की शादी पांच वर्ष पहले बेलीपार थाने के कटया गांव की मनीता से हुई थी। स्वजन ने बताया कि सुबह नौ बजे खाना खाने के बाद मनीता आराम करने चली गई थीं। दोपहर में मनीता का तीन माह का पुत्र कमरे में रो रहा था। घरवालों ने जब देखा तो उसका शव लटक रहा था। पुलिस ने भाई राजकुमार की तहरीर पर पति देवानंद, ससुर बोधई, जेठानी सुनीता के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# जुमे की नमाज को लेकर अलर्ट रही पुलिस

जासं, गोरखपुर : जुमे की नमाज को लेकर जिले की पुलिस तथा प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। कानपुर की घटना की किसी भी प्रकार से पुनरावृत्ति न हो पाए, इसको लेकर सुबह माकड्रिल किया गया। दोपहर में एसएसपी व सीडीओ ने पुलिस लाइन में शांति कमेटी की बैठक की। एडीजी जोन अखिल कुमार के साथ ही पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों ने धर्मगुरुओं से मुलाकात कर शांतिपूर्वक रहने की अपील की। देर शाम तक मस्जिदों तथा धार्मिक स्थलों के आसपास फोर्स तैनात रही।

जुमे की नमाज के दौरान कानून व्यवस्था की कोई अप्रिय स्थिति पैदा न हो, इसके लिए सुरक्षा को लेकर माक ड्रिल किया। पुलिस ने ड्रोन चलाकर आवासीय बस्तियों में घरों तथा प्रतिष्ठानों की छतों का भी जायजा लिया। पुलिस लाइन में हुई शांति कमेटी की बैठक में एसएसपी डा. विपिन ताडा ने धर्मगुरुओं को समझाया कि लोगों से शांति बनाए रखने की अपील करें। जुमे की नमाज के बाद सभी लोग शांति के साथ अपने घर जाएं। शाम को एसपी सिटी ने फोर्स के साथ कोतवाली, राजघाट व तिवारीपुर क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया।

# भाजपा के नए कार्यालय का लोकार्पण आज

## राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा व सीएम योगी आदित्यनाथ करेंगे क्षेत्रीय कार्यालय का लोकार्पण

- लोकार्पण के बाद कार्यालय के सामने होगी गरीब कल्याण जनसभा
- 3000 लाभार्थियों के सामने होगा नड्डा और योगी का संबोधन

जासं, गोरखपुर : भाजपा की गोरखपुर क्षेत्र की राजनीतिक गतिविधियों का शुक्रवार से नए क्षेत्रीय कार्यालय में संचालन शुरू हो जाएगा। शुक्रवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों कार्यालय का लोकार्पण होने जा रहा है। क्षेत्रीय कार्यालय के साथ नेताद्वय प्रदेश के सात जिलों के जिला कार्यालय का भी आनलाइन लोकार्पण करेंगे। लोकार्पण के बाद कार्यालय के सामने गरीब कल्याण जनसभा होगी, जिसमें केंद्र और प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के 3000 से अधिक लाभार्थियों के बीच दोनों नेताओं का संबोधन होगा।



रानीडीहा में भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्मित कार्यालय के उद्घाटन और गरीब कल्याण जनसभा की तैयारी में जुटे कामगार ● जागरण

राष्ट्रीय अध्यक्ष शुक्रवार की सुबह नौ बजकर 50 मिनट पर गोरखपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। वहां पार्टी की सांस्कृतिक टोली द्वारा उनका गाजे-बाजे के साथ स्वागत किया जाएगा। वहां से वह सर्किट हाउस जाएंगे। वहां भाजपा की जिला व महानगर टीम स्वागत करेगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष का सुबह 11 बजे नए क्षेत्रीय कार्यालय पहुंचने का कार्यक्रम है। लोकार्पण से पहले क्षेत्र के पदाधिकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत करेंगे। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और प्रदेश सरकार के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह और भाजपा के प्रदेश महामंत्री संगठन सुनील बंसल भी मौजूद रहेंगे। गरीब कल्याण जनसभा में प्रदेश अध्यक्ष का भी संबोधन होगा।

**इन कार्यालयों का होगा आनलाइन उद्घाटन:** भाजपा के गोरखपुर क्षेत्र के कार्यालय के साथ गुरुवार को प्रदेश के जिन सात जिलों के जिला कार्यालय का लोकार्पण होना है, उनमें संतकबीर नगर, सिद्धार्थनगर, अयोध्या, बागपत, अलीगढ़, रायबरेली और जौनपुर जिले शामिल हैं। इन जिलों के कुछ पार्टी पदाधिकारी भी लोकार्पण कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए गोरखपुर पहुंच रहे हैं।

### लोकार्पण के बाद जनसभा से पहले होगी बैठक

कार्यालय के लोकार्पण के बाद गरीब कल्याण जनसभा से पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष नए कार्यालय के मीटिंग हाल में बैठक करेंगे। बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अलावा प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश महामंत्री संगठन और क्षेत्रीय, जिला व महानगर पदाधिकारी हिस्सा लेंगे। इसके लिए आधे घंटे का समय निर्धारित है।

# संविदा लाइनमैन की मौत, जेई समेत चार पर मुकदमा

## लाइनमैन मुराली ने फोन से लिया था शटडाउन लेकिन जारी रही आपूर्ति, पत्नी ने शव उठाने से रोका

जागरण संवाददाता, झंगहा : राजधानी उपकेंद्र में तैनात संविदा लाइनमैन मुराली निषाद (45) की गुरुवार सुबह करंट से मौत हो गई। मुराली ने फोन पर शटडाउन लिया और 11 हजार की लाइन का जंपर जोड़ने पोल पर चढ़ गया। जैसे ही उसने तार पकड़ा, पहले से प्रवाहित हो रहे करंट की चपेट में आकर नीचे गिर गया। सिर के बल नीचे गिरने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। स्वजन के साथ पहुंची पत्नी ने काफी देर तक शव नहीं उठने दिया।



मुराली निषाद ● फाइल फोटो

शव ले जाने को लेकर गांव वालों की पुलिस से नोकझोंक भी हुई। पत्नी की तहरीर पर राजधानी उपकेंद्र के जेई सत्येंद्र कुमार, स्थायी लाइनमैन रामदुलारे, संविदा एसएसओ आदित्य सिंह और कर्मचारी विजय कुमार के खिलाफ झंगहा थाने में गैर इरादतन हत्या व मशीनरी के संबंध में उपेक्षापूर्ण आचरण की धाराओं में एफआइआर दर्ज कर ली गई है।



संविदा लाइनमैन का शव ले जाने का विरोध करते स्वजन व ग्रामीण ● जागरण

खोराबार थाना क्षेत्र के रामपुर डाड़ी निवासी मुराली निषाद राजधानी उपकेंद्र पर संविदा पर लाइनमैन था। गुरुवार सुबह राजी जगदीशपुर और अन्य गांवों की बिजली गुल हो गई। मुराली निषाद तकरीबन 11:30 बजे राजी जगदीशपुर गांव के बागेश्वरी टोला पर पहुंचा। उसके साथ एक अन्य युवक भी था। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि मुराली ने फोन से शटडाउन लिया और विशेष चप्पल के सहारे बिना सीढ़ी पोल पर चढ़ गया।

मुराली के परिवार में पत्नी के अलावा बेटी सुमन व शोभा और बेटा नीरज व पंकज हैं। सुमन की शादी हो चुकी है। उपखंड अधिकारी चौरी चौरा जितेंद्रनाथ ने बताया कि मुराली बिना शटडाउन लिए पोल पर चढ़ गया था।

चौरी चौरा विधायक श्रवण निषाद ने स्वजन से मुलाकात की और मदद का भरोसा दिया। चौरी चौरा खंड के अधिशासी अभियंता मनीष झा ने स्वजन को 25 हजार रुपये नकद दिया। उन्होंने पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता और परिवार के एक सदस्य को संविदा पर नौकरी दिलाने का आश्वासन दिया है।

**एसएसओ से मांगा था शटडाउन :** पत्नी शिवमती ने आरोप लगाया कि मुराली ने पोल के नीचे पहुंचकर उपकेंद्र में तैनात संविदा एसएसओ आदित्य सिंह से शटडाउन मांगा। उपकेंद्र पर मौजूद दूसरे कर्मचारी विजय कुमार ने शटडाउन की पुष्टि की, तब मुराली पोल पर चढ़े। राजधानी उपकेंद्र पर 15 संविदाकर्मी और चार स्थायी लाइनमैन की तैनाती है।

### फोन से शटडाउन लेने का नहीं है नियम

फोन से शटडाउन लेने की पूरी तरह मनाही है। पिछले दिनों बिजली निगम के अफसरों ने निर्देश भी जारी किए थे। निर्देश है कि लाइनमैन खुद उपकेंद्र पर जाएंगे और शटडाउन लेकर पूरी जानकारी रजिस्टर में दर्ज करेंगे। गड़बड़ी ठीक करने के बाद वह वापस उपकेंद्र पर आएंगे, तब बिजली दी जाएगी। लाइनमैन को ग्लब्स, हेलमेट आदि सुरक्षा उपकरण भी दिए जाने के निर्देश है लेकिन कहीं भी उपकरण नहीं दिए जाते हैं।

### उपकेंद्र बंद कर भाग गए, रात में आई बिजली

करंट से मुराली की मौत की सूचना जैसे ही राजधानी उपकेंद्र पर पहुंची, सभी कर्मचारी ताला बंदकर फरार हो गये। इस कारण 50 से ज्यादा गांवों की बिजली गुल हो गई। भीषण गर्मी में लोग परेशान रहे। उपकेंद्र पर फोन करने पर कोई काल नहीं रिसीव कर रहा था। ग्रामीणों को बिजली गुल होने का कारण भी नहीं पता चल पा रहा था। रात में ग्रामीणों में गुस्सा बढ़ने लगा तो आनन-फानन एसडीओ जितेंद्र नाथ पहुंचे और ताला तोड़कर बिजली शुरू करायी। इस बीच मुराली के स्वजन भी पहुंच गये। पता चला कि कर्मचारियों ने रजिस्टर गायब कर दिया है।

# कार की चपेट में आए साइकिल सवार की मौत

कुसम्ही बाजार : जगदीशपुर चौकी के पास फोरलेन पर गुरुवार की सुबह तेज रफ्तार कार की चपेट में आए साइकिल सवार अधेड़ की मौत हो गई। हादसे के बाद कार लेकर चालक फरार हो गया। कुशीनगर की तरफ से गोरखपुर आने वाली लेन में सुबह छह बजे साइकिल से 45 वर्षीय व्यक्ति आ रहे थे। इसी दौरान पीछे से आयी तेज रफ्तार कार ने ठोकर मार दी। गंभीर स्थित में पुलिस उन्हें जिला अस्पताल ले गई जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। साइकिल सवार की पहचान नहीं हो पायी है। (जासं.)

# मुख्यमंत्री पर की अभद्र टिप्पणी, पुलिस ने पकड़ा

गोरखपुर : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर अभद्र टिप्पणी करने के आरोपित युवक को कैंट पुलिस ने हिरासत में लिया है। आरोपित ने इंटरनेट मीडिया पर आपत्तिजनक बातें लिखी हैं। पैडलेगंज में रहने वाला आरोपित खुद को पत्रकार बताता था। अपने पोर्टल पर उसने कई आपत्तिजनक बातें लिखी हैं। जानकारी होने पर एक अधिवक्ता ने कैंट पुलिस से शिकायत की। मामला संज्ञान में आते ही पुलिस ने आरोपित को हिरासत में लेने के साथ ही पोस्ट डिलीट करा दिया। प्रभारी निरीक्षक कैंट शशि भूषण राय ने बताया कि आरोपित पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। (जासं.)

# 'कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों पर करें सख्ती'



भाजपा के नवनिर्मित कार्यालय के लोकार्पण समारोह तथा गरीब कल्याण मेले की तैयारियों का निरीक्षण करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। साथ में प्रदेश अध्यक्ष व कैबिनेट मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह व अन्य ● जागरण

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर में की कानून व्यवस्था एवं विकास कार्यों की समीक्षा
- मस्जिदों के सामने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए जाएं, किसी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए

जासं, गोरखपुरः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कानून-व्यवस्था को सख्त रखने के साथ इससे खिलवाड़ करने वालों पर सख्ती बरतने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जुमे की नमाज के दृष्टिगत सभी मस्जिदों के सामने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए जाएं। किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए।

गोरखनाथ मंदिर में अधिकारियों के साथ विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था को लेकर आयोजित बैठक में मुख्यमंत्री ने गरीब कल्याण सभा की तैयारियों की भी समीक्षा की। विकास कार्यों के बारे में पूछने पर मुख्यमंत्री को बताया गया कि रामगढ़ताल-तरकुलानी रेग्युलेटर नाला का काम पूरा कर लिया गया है। मुख्यमंत्री ने देवरिया बाइपास पर जीडीए द्वारा बनाए जाने वाले नाले के विषय में भी जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि नाले का निर्माण पूरा हो गया है। मुख्यमंत्री ने आयुष विवि एवं सैनिक स्कूल की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए निर्माण कार्य समय से पूरे किए जाएं। सीएम ने चौराहों को अतिक्रमणमुक्त करने के निर्देश दिए। एडीजी जोन अखिल कुमार ने गोरखनाथ मंदिर की सुरक्षा को लेकर बनाई गई कार्ययोजना से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। सीएम ने कहा कि मंत्री जिलों में कानून व्यवस्था, विकास कार्यों एवं सड़क सुरक्षा को लेकर बैठक भी करेंगे। इस दौरान मंडलायुक्त रवि कुमार एनजी, डीआइजी जे रविन्दर गौड, डीएम कृष्णा करुणेश, एसएसपी डा.विपिन ताडा, जीडीए उपाध्यक्ष प्रेमरंजन सिंह, नगर आयुक्त अविनाश सिंह आदि मौजूद रहे। संबंधित खबर » 5

## आज क्षेत्रीय कार्यालय का लोकार्पण करेंगे नड्डा-योगी

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को भाजपा के नवनिर्मित क्षेत्रीय कार्यालय का लोकार्पण करेंगे। नेताद्वय संतकबीरनगर, सिद्धार्थनगर, बागपत, अलीगढ़, रायबरेली, अयोध्या, जौनपुर के जिला कार्यालयों का भी आनलाइन लोकार्पण करेंगे। » 5

# डिपो प्रभारी पर जालसाजी व गबन का मुकदमा

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : पशु आहार व मुर्गी दाना बनाने वाली कंपनी के संचालक ने डिपो प्रभारी के खिलाफ गुलरिहा थाने में जालसाजी व गबन करने का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस आरोप की जांच कर रही है।

कानपुर जिले के सिविल लाइंस निवासी संजीव अग्रवाल ने गुलरिहा पुलिस को दी तहरीर में लिखा है कि वह सुंदरा न्यूट्री फीड कंपनी चलाते हैं। उनकी कंपनी पशुआहार व मुर्गी दाना बनाती है। गुलरिहा थाना क्षेत्र के रामपुर में स्थित डिपो का प्रभार गोरखनाथ के हुमायूंपुर निवासी अभिषेक मिश्रा देखते थे। आठ अप्रैल को कम्पनी के अधिकारियों ने निरीक्षण किया तो पता चला कि अभिषेक ने कूटरचित दस्तावेज तैयार कर 11 लाख रुपये का मुर्गी दाना बेच दिया।

पूछताछ करने पर कोई जवाब नहीं दिया और रुपये लेकर फरार हो गया।

# प्रधान पर हमले के आरोप में तीन पर मुकदमा

मुंडेरा बाजार : चौरी चौरा थाना क्षेत्र के ग्राम गौनर के प्रधान पर हमले के आरोप में पुलिस ने तीन व्यक्तियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। ग्राम प्रधान कैलाश यादव ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि बुधवार की शाम को वह गांव के टोला विशुनपुरा में चकबंदी के लिए पैमाइश करा रहे थे। इस दौरान गांव के कुछ लोग पैमाइश में बाधा डालकर विवाद करने लगे। उन्होंने फावड़े से उन पर हमला भी किया। गनीमत थी कि वह बच गए। पुलिस ने ग्राम प्रधान की तहरीर पर गांव के सज्जाक, सलमान व अमरुन्निशा के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। (जासं )

# अंतरराज्यीय गिरोह के दो बदमाश धराए

- हरियाणा का रहने वाला है गिरोह, एक साथी हुआ फरार
- कैंट पुलिस ने मोहद्दीपुर में दबोचा, कब्जे से मिले 30 एटीएम कार्ड

जासं, गोरखपुर : जालसाजी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के दो बदमाशों को कैंट पुलिस ने गुरुवार की सुबह नहर पुलिया के पास स्थानीय लोगों की मदद से गिरफ्तार किया। हरियाणा के रहने वाले आरोपितों के कब्जे से 30 एटीएम कार्ड व 60 ग्राम स्मैक मिला है। बदमाशों का एक साथी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया, जिसकी तलाश चल रही है।

एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने गुरुवार की दोपहर प्रेस वार्ता कर यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हरियाणा से आकर एक गिरोह जालसाजी और जहरखुरानी की घटनाओं को अंजाम दे रहा था। पकड़े गए आरोपितों की पहचान हरियाणा, हिसार के हंसी थानाक्षेत्र स्थित गंगन खेड़ी निवासी संदीप सिंह और हंसी रामसिंह कालोनी भिवानी रोड निवासी राजेश कुमार के रुप में हुई। पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि गुरुवार की सुबह कार से मोहद्दीपुर आए थे और पहली घटना को अंजाम दे रहे थे। अभी यह एक वृद्ध व्यक्ति का एटीएम बदलने का प्रयास कर रहे थे कि उन्होंने शोर मचा दिया। जिसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने पकड़ लिया। जालसाजी व एनडीपीएस एक्ट का मुकदमा दर्ज कर कैंट पुलिस ने दोपहर बाद आरोपितों को जेल भेज दिया गया।

**दो साल से कर रहे थे वारदात :** एसपी सिटी ने बताया कि पकड़े गए आरोपित पिछले दो साल से शहर में वारदात कर रहे थे। उत्तर प्रदेश के अलावा बिहार व पश्चिम बंगाल में कई वारदात कर चुके हैं। हरियाणा पुलिस से दोनों के आपराधिक रिकार्ड की जानकारी मांगी गई है। आरोपितों ने बताया कि बुजुर्गों को झांसा देकर पासवर्ड पूछने के साथ ही कार्ड बदल रुपये निकाल लेते थे।

## गुलरिहा पुलिस ने हत्यारोपित को भेजा जेल

गोरखपुर : पुरानी रंजिश में युवक की गोली मारकर हत्या करने वाले मुख्य आरोपित अजय साहनी उर्फ संतराज को गुलरिहा पुलिस ने गुरुवार की सुबह कोर्ट में पेश किया जहां से जेल भेज दिया। घटना के बाद गांव के लोगों ने आरोपित की पिटाई कर दी, उसे पुलिस ने मेडिकल कालेज में भर्ती कराया था। एसपी नार्थ मनोज अवस्थी ने बताया कि तीन जून की रात में गुलरिहा के बनगाई गांव में चाचा को बचाने पहुंचे धनंजय साहनी की गोली मारकर हत्या कर दी गई।

## धोखाधड़ी और रुपये के गबन का केस

गुलरिहा। पशु आहार कंपनी के कर्मचारी अभिषेक मिश्रा पर पुलिस ने कूटरचित दस्तावेज तैयार कर धोखाधड़ी और रुपये गबन करने का केस दर्ज किया है। आरोप है कि उसने पशु आहार की हेराफेरी कर 11 लाख रुपये हड़प लिए। पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। कानपुर जिले के सिविल लाइंस निवासी संजीव अग्रवाल सुंदरा न्यूट्री फीड कंपनी चलाते है। कंपनी का एक डिपो गुलरिहा थाना क्षेत्र के रामपुर में स्थित है। यहां हुमायूंपुर के अभिषेक मिश्रा डिपो में इंचार्ज पद पर कार्यरत हैं। ब्यूरो

# धोखे से धर्म परिवर्तन कराकर शादी करने का आरोपी गिरफ्तार

**कैंपियरगंज।** आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम की एक महिला का धोखे से धर्म परिवर्तन कराने और उसके पहले पति की नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी कैंपियरगंज के कुनवार गांव के बिहारी टोला का निवासी हब्बीउल्लाह है। पुलिस ने आरोपी को जेल भेजा, लेकिन धर्म परिवर्तन और पॉक्सो एक्ट की धारा नहीं लगाई।

पुलिस का कहना है कि गलती से ऐसा हुआ। विवेचना में धारा बढ़ा दी जाएगी। इस मामले में पुलिस की यह दूसरी लापरवाही समाने आई है। महिला ने करीब सात महीने पहले शिकायत की थी, लेकिन पुलिस तब केस दर्ज नहीं की थी। अफसरों के हस्तक्षेप पर मंगलवार को केस दर्ज कर कार्रवाई की है।

करीब सात माह पहले महिला अपने पति की तलाश में गोरखपुर आई थी। आरोप है कि हब्बीउल्लाह ने महिला का धर्म परिवर्तन कराकर चार साल पहले उससे शादी की थी। फिर घर बनवाने के नाम पर 12.5 लाख रुपये ले लिया। इतना ही नहीं, उसने पहले पति से पैदा हुई नाबालिग बेटी से भी दुष्कर्म किया।

# एटीएम कार्ड बदलकर रुपये उड़ाने वाले दो गिरफ्तार, 30 कार्ड बरामद

## हरियाणा से आकर गोरखपुर में कर रहे थे वारदात, जेल भेजा

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। लोगों के एटीएम कार्ड बदलकर खाते से रुपये उड़ाने वाले गिरोह के दो सदस्यों को पुलिस ने मोहद्दीपुर के नहर पुलिया के पास से बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया। हरियाणा से आकर गिरोह के लोग दो साल से जिले में वारदात कर रहे थे। गोरखपुर से पश्चिम बंगाल तक 30 लोगों को यह गिरोह शिकार बना चुका है।

एक सदस्य पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया, जिसकी तलाश में पुलिस टीम लगी है। आरोपियों ने बताया कि वे जहरखुरानी कर लूटपाट की घटना को भी अंजाम देते थे। दोनों को पुलिस ने कोर्ट में पेश कर जेल भेजवा दिया। आरोपियों के पास से पुलिस ने 30 एटीएम कार्ड और 60 ग्राम स्मैक बरामद किया है। उनकी पहचान हरियाणा के हिसार जिले के हंसी थाना क्षेत्र के हंसी रामसिंह कॉलोनी निवासी राजेश कुमार और इसी थाना क्षेत्र के गंगनखेड़ी निवासी संदीप के रूप में हुई है।

एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने पुलिस लाइंस में प्रेस कांफ्रेंस कर पकड़े गए बदमाशों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इनका तीन लोगों का गिरोह है। तीसरा साथी जो फरार हो गया, उसकी तलाश की जा रही है। गिरोह दो साल से सक्रिय था।

# मुख्यमंत्री पर अभद्र टिप्पणी की, हिरासत में

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर अभद्र टिप्पणी करने के मामले में पुलिस ने एक युवक को हिरासत में ले लिया है। आरोप है कि युवक ने सोशल मीडिया पर मुख्यमंत्री के बारे में काफी आपत्तिजनक बातें लिखी हैं। आरोपी यूट्यूब चैनल चलाकर खुद को फर्जी तौर पर पत्रकार बताता था। उसने सोशल मीडिया पर सीएम योगी के बारे में कई आपत्तिजनक बातें लिखी हैं। इसकी जानकारी पर एक अधिवक्ता ने कैंट पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने आरोपी को पैडलेगंज के पास से हिरासत में ले लिया। इंस्पेक्टर कैंट शशि भूषण राय ने बताया कि आरोपी को हिरासत में लेकर जांच की जा रही है। ब्यूरो

# आठ के खिलाफ डकैती का मुकदमा दर्ज

बड़हलगंज। इलाके के कोल्हुआ गांव में छह जून को घर में घुसकर दंपती पर जानलेवा हमला करने और लूटपाट करने के आठ आरोपियों पर पुलिस ने डकैती की धारा में केस दर्ज कर लिया है। तहरीर के आधार पर शरद तिवारी, अंकुर तिवारी, त्रिभुवन तिवारी व बजरंगी मिश्रा व अन्य को घर में घुसकर मारपीट, बलवा, जानलेवा हमला और डकैती का आरोपी बनाकर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस ने अफसरों के आदेश पर कार्रवाई की है। ब्यूरो

# फर्जी दस्तावेज पर विदेश भेजने वाले गिरोह का किया पर्दाफाश

## चार सदस्य गिरफ्तार, मुंबई में रहता है आका, 88 पासपोर्ट, फर्जी आधार कार्ड, मुहर बरामद

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** खोराबार पुलिस ने फर्जी कागजात बनाकर बेरोजगारों को विदेश भेजने के नाम पर रुपये वसूलने वाले गिरोह का बृहस्पतिवार को पर्दाफाश किया। चार आरोपियों को गिरफ्तार कर 88 पासपोर्ट, एक कंपनी का मुहर, नौ मोबाइल फोन, एक कूटरचित आधार कार्ड, दो लैपटॉप और एक कार बरामद किया है। पुलिस के अनुसार, मास्टर माइंड मुंबई में बैठा एक शख्स है। वहीं से गिरोह चलाता था। पुलिस उसकी भी तलाश कर रही है।

एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने पुलिस लाइंस में प्रेस कांफ्रेंस कर पकड़े गए बदमाशों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गिरोह के सदस्य गोरखपुर के साथ ही कुशीनगर, महराजगंज, देवरिया, बिहार के गोपालगंज और सिवान के बेरोजगारों को अपना निशाना बनाते थे। पिछले दो महीने से सक्रिय थे। आरोपी एक युवक को विदेश भेजने के लिए 70 हजार रुपये लेते थे। इसमें पासपोर्ट व वीजा देते थे। मेडिकल परीक्षण के लिए एक व्यक्ति से 3,500 रुपये लेते थे। अभी तक इन लोगों ने 88 लोगों से मेडिकल के नाम पर एक लाख 40 हजार रुपये वसूले हैं। एसपी ने बताया कि ये लोग मुंबई की एक कंपनी के नाम पर यहां ऑफिस खोले थे। उसी कंपनी के मालिक के कहने पर विदेश भेजने के नाम पर लोगों से वसूली करते हैं। रुपये इकट्ठा होने पर फरार हो जाते हैं।

### फर्जी नाम पर लिया था मकान

**इन** लोगों ने दो माह पहले फर्जी नाम पर कुसम्ही बाजार में एक मकान किराये पर लिया था। बदमाशों ने अपने दोस्त कमलेश यादव के आधार कार्ड को कंप्यूटर के माध्यम से एडिट करके उसे करमेश यादव बना दिया। वहीं, फर्जी आधार कार्ड दिखाकर करमेश यादव नाम से मकान किराए पर ले लिया। ये लोग रोज गाड़ियां बदल-बदल कर ऑफिस आते थे। जिसके बाद लोगों को शक हुआ और एक पकड़ा गया। अभी तक इन लोगों ने किसी को विदेश नहीं भेजा था। केवल मेडिकल कराने के एवज में रुपये वसूले थे।

### इनकी हुई गिरफ्तारी

**आरोपियों** की पहचान गगहा के राजगढ़ निवासी सोनू यादव, गोला के कुनवारराजा निवासी चंदन यादव, मितानपुर खुर्द, गगहा निवासी कमलेश यादव और गगहा के छपरा निवासी निकेतन त्रिपाठी के रूप में हुई। निकेतन वर्तमान में मालवीय नगर में रहता है।

### 70 हजार में वीजा, मेडिकल के नाम पर वसूलते थे 3,500 रुपये

# कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वाले लोगों से सख्ती से निपटें : योगी

अमर उजाला ब्यूरो

## मुख्यमंत्री ने देर शाम कानून व्यवस्था व विकास कार्यों की समीक्षा की

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार देर शाम कानून-व्यवस्था की समीक्षा की और कहा कि इससे खिलवाड़ करने वाले लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। सुरक्षा व्यवस्था सख्त की जाए। किसी भी तरह की अराजकता स्वीकार नहीं है। धार्मिक स्थलों के आसपास ज्यादा सतर्कता बरती जाए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो दिवसीय (9-10) दौरे पर गोरखपुर आए हैं। बृहस्पतिवार की देर शाम मुख्यमंत्री ने कानून व्यवस्था के साथ विकास कार्यों की भी समीक्षा की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि निर्माण कार्य समय से पूरे कराए जाएं। गुणवत्ता का खास ध्यान रखना है। नियमित निगरानी जरूरी है।

मुख्यमंत्री ने चौराहों को अतिक्रमण मुक्त बनाने, चौराहों को चौड़ा करने का निर्देश भी दिए। साथ ही कहा कि मंत्री समूह का दौरा शुरू हुआ है। जिलों के विकास कार्यों का निरीक्षण ठीक से कराया जाए। प्रगति की पूरी जानकारी मुहैया कराई जाए। कानून व्यवस्था, विकास व सड़क सुरक्षा से जुड़ी जानकारियां साझा करें।

# हर पीड़ित को समय से मिलेगा न्याय : डीएम

अमर उजाला ब्यूरो

## नवागत डीएम बोले- सभी पात्र को योजनाओं का दिलाया जाएगा लाभ

## आईजीआरएस, जमीन के विवाद का होगा त्वरित निपटारा

गोरखपुर। नवागत डीएम कृष्णा करुणेश ने बृहस्पतिवार दोपहर कोषागार के डबल लॉक कक्ष में कार्यभार ग्रहण कर लिया। अधिकारियों, कर्मचारियों से परिचय प्राप्त करने के बाद डीएम ने पत्रकारों से बात की। डीएम ने कहा शासन की योजनाओं का समाज के अंतिम पात्र व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना प्राथमिकता है। हर पीड़ित को समय से न्याय मिलेगा, किसी को भी भटकना नहीं पड़ेगा।

डीएम करीब पौने तीन बजे कोषागार पहुंचे और प्रभारी डीएम व सीडीओ इंद्रजीत सिंह से चार्ज लिया। इसके बाद कहा कि जनता दर्शन व आईजीआरएस पोर्टल पर आने वाली समस्याओं का त्वरित व गुणवत्ता परक कराया जाएगा। जमीन संबंधी विवाद में राजस्व, पुलिस की टीम मौके पर जाकर जांच करेगी और मामलों का निस्तारण कराएगी। इससे पहले कृष्णा करुणेश गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पद कार्यरत थे। 2011 बैच के आईएएस कृष्णा करुणेश, वर्ष 2013 में गोरखपुर मंडल के कुशीनगर जिले में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट के तौर पर तैनात रह चुके हैं। गाजियाबाद में भी उन्होंने ज्वाइंट मजिस्ट्रेट और सीडीओ के तौर पर सेवा दी है। वह, हापुड़ और बलरामपुर में डीएम भी रह चुके हैं। कार्यभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने गोरखनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन करने के बाद मुख्यमंत्री के निरीक्षण स्थल रानीडीहा स्थित भाजपा कार्यालय और जनसभा स्थल का निरीक्षण किया। शाम को उन्होंने मुख्यमंत्री से भी मुलाकात की।



कार्यभार ग्रहण करते डीएम कृष्णा करुणेश। संवाद

पदभार ग्रहण करने के दौरान सीडीओ इंद्रजीत सिंह, एडीएम सिटी विनीत सिंह, एडीएम प्रशासन पुरुषोत्तम दास गुप्ता, सीआरओ सुशील कुमार गौड़, सिटी मजिस्ट्रेट अभिनव रंजन श्रीवास्तव समेत सभी तहसीलों के एसडीएम आदि अफसर मौजूद रहे।

# दुल्हन बोली–पसंद नहीं दूल्हा, लौटा दी बरात

अमर उजाला ब्यूरो

**उरुवा इलाके के एक गांव में आई थी बरात, पुलिस तक पहुंचा मामला**

**उरुवा बाजार।** दुल्हन के इंकार के बाद इलाके के एक गांव में बृहस्पतिवार तड़के आई बरात बैरंग ही लौट आई। बताया जा रहा है कि शादी के बाद दुल्हन ने ससुराल जाने से इंकार कर दिया। यह भी कहा कि दूल्हा पसंद नहीं है। मामला पुलिस तक पहुंचा, लेकिन बात नहीं बन सकी। तय हुआ कि दोनों पक्ष अपने-अपने हिस्से का खर्च उठाएंगे।

जानकारी के मुताबिक, खजनी इलाके के एक गांव से गत बुधवार की रात बरात उरुवा आई थी। लड़की के पिता ने बरातियों की आवभगत की। बराती जमकर नाचे और छक कर भोजन किया। दूल्हा और दुल्हन के जयमाल की रस्म अदायगी भी हुई। बृहस्पतिवार को तड़के चार बजे तक विधि-विधान से शादी कराई गई। सिंदूरदान हुआ और सात फेरे ले कर आजीवन साथ निभाने की कसमें खाई गईं। सभी प्रकार के चढ़ावा और लेन-देन हो गए।

सारी औपचारिकता के बाद दुल्हन के विदाई की प्रक्रिया शुरू की गई। इसी बीच दुल्हन ने ससुराल जाने से इंकार कर दिया। दुल्हन ने कहा कि लड़का पसंद नहीं है। पहले मान-मनौव्वल का दौर चला, लेकिन बात नहीं बन सकी। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।

पुलिस की मौजूदगी में समझौता हुआ और दूल्हे पक्ष को बिना दुल्हन के ही बरात लेकर बैरंग लौटना पड़ा।

# DEORIA POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 10-06-2022

राष्ट्रीय सहारा दि० 10-6-22

# जुमे की नमाज को लेकर प्रशासन एलर्ट

**बरहज (एसएनबी)**। शुक्रवार को जुमे की नमाज को लेकर पुलिस प्रशासन एलर्ट मूड में है। कानपुर हिंसा के बाद सोशल मीडिया पर तरह-तरह की अफवाहें फैलायी जा रही है। अमन और शान्ति का माहौल कायम रखने के लिए एसडीएम, सीओ ने भारी पुलिस बल के साथ नगर की सड़कों पर फ्लैग मार्च निकालकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। पुलिस बल के पीछे अधिकारियों की गाड़ियों में लगे सायरन की आवाज से नगरवासी कौतूहल वश देख रहे थे। नगर में फ्लैग मार्च निकालते हुए लोगों से शान्ति व्यवस्था बनाये रखने की अपील की। इस दौरान एसडीएम डा. गजेन्द्र सिंह, एसएचओ जयशंकर मिश्र सहित एसआई व भारी पुलिस बल मौजूद रही।

राष्ट्रीय सहारा दि०-10-6-22

# अवैध शराब के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

अकटहीबाजार (एसएनबी)। बनकटा थाना क्षेत्र के रामपुर बुजुर्ग तिराहे से वृहस्पतिवार को अवैध शराब, चारपहिया वाहन समेत एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। बताते चलें कि मुखबिर खास द्वारा थानाध्यक्ष बनकटा को सूचना मिली कि हूंडई कार से एक संदिग्ध व्यक्ति दासनरहियां ढाले के तरफ से आ रहा है जो कि रामपुर बुजुर्ग तिराहे से विहार के लिए जायेगा।तभी बीआर 07 यूं 9200 सफेद हूडंई कार आते दिखी पुलिस ने रोकने का प्रयास किया तो वह भागने का असफल प्रयास किया। वाहन को कब्जे में लेकर चेकिंग की तव वाहन से 8 पीएम फ्रूटी 8 पेटी प्रत्येक पाउच 180 एमएल बरामद हुआ साथ ही वाहन का कागजात दिखाने में अभियुक्त विफल रहा। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान आदित्य कुमार पुत्र रामाशंकर चौधरी निवासी विक्रम पाली ,विक्रम जनपद पटना बिहार के रूप में हुई है।इस बावत थानाध्यक्ष बनकटा दिलीप सिंह ने बताया एमवी एक्ट 207 व आबकारी अधिनियम 60इक्स के तहत कार्रवाई की गई है।



# मारपीट मुकदमा दर्ज

राष्ट्रीय सहारा दि० 10-6-22

रुद्रपुर (एसएनबी)। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कोईलगढ़हा बीचला टोला निवासी बब्बी देवल पुत्र दिनेश निषाद ने रुद्रपुर कोतवाली पुलिस को दिये गये तहरीर में कहा कि हमारे गांव के प्रतिवादी गण आपसी रंजिश को लेकर वादी के पिता दिनेश के साथ पुत्र राजदेव को गाली गुत्ता देते हुए लाठी डण्डा से मारे पीटे। इस मामले में सिक्का यादव पुत्र महेश, सोनू यादव पुत्र गनेश, मैनेजर यादव पुत्र विन्ध्याचल, भोला यादव पुत्र मैनेजर के खिलाफ धारा 323, 504, 506 के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

राष्ट्रीय सहारा दि० 10-6-22

# 6 वारंटी गिरफ्तार, जेल

रुद्रपुर (एसएनबी)। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाये जा रहे अभियान के तहत रुद्रपुर कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से 6 वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के लिये रवाना किया।

# अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

देवरिया(एसएनबी)। बनकटा पुलिस ने लक्जरी वाहन से अवैध शराब के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया। इस मामले में बनकटा पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। बनकटा थाने के प्रभारी निरीक्षक दिलीप सिंह अपने हमराहियों कां. शिवकुमार पाण्डेय व कां. राजकुमार यादव के साथ क्षेत्र में भ्रमणशील थे कि मुखबिर की सूचना पर रामपुर बुजुर्ग तिराहे के पास से एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त ने अपना नाम व पता आदित्य कुमार पुत्र रमाशंकर चौधरी निवासी विक्रमपाली थाना विक्रम जनपद पटना (बिहार) बताया। गिरफ्तार अभियुक्त के पास से एक गाड़ी हुण्डई नं. बी.आर. 07-यू-9200 में आठ पेटी 8पीएम फ्रूटी अंग्रेजी शराब प्रत्येक पेटी में 38 पाउच, प्रत्येक पाउच 180 एमएल. बरामद किया गया।

राष्ट्रीय सहारा दि०-10-6-22

# जालसाजी कर सोसायटी का रुपया हड़पने के आरोप मे सीएमडी सहित चार पर केस

भटनी (देवरिया)। भटनी नगर पंचायत मे चेयरपर्सन कैमुना क्रेडिट कोआपरेटिव सोसायटी लिमिटेड के माध्यम से संचालित संस्था से धन आम जनता से अपने सोसायटी के खाते मे जमा कराते रहे ।सोसायटी मे जमा सभी धनराशि को हड़प कर कार्यालय बन्द कर भटनी से भाग निकले ।जमाकर्ताओं द्वारा हंगामा भी किया गया ।लेकिन जमाधनराशि का भुगतान सोसायटी के खाते से जमाकर्ताओं के धनराशि का अबतक भुगतान नही हो पाया । इस सम्बन्ध मे भटनी थाना क्षेत्र के ग्राम महुराँव निवासी पवनकुमार राय पुत्र मुख्तार राय ने भटनी थाने मे एक तहरीर दिया। लेकिन कोई कार्यवाही न होने पर न्यायालय के शरण मे गये।

राष्ट्रीय सहारा दि०-10/06-22

राष्ट्रीय सहारा दि०-10-6-22

# हाईप्रोफाईल मामले में दो को जेल

सलेमपुर (एसएनबी)। सलेमपुर-देवरिया मुख्य मार्ग स्थित ढाबे पर ढाबा संचालक एवं 3 अन्य से किसी बात को लेकर कहासुनी हुई और कुछ ही देर में कहासुनी मारपीट में तब्दील हो गई, मारपीट की सूचना मिलने पर भीड़ इकट्ठा हो गई। ठीक उसी समय जनपद के प्रतिष्ठित युवा एवं सत्ताधारी दल के प्रदेश पदाधिकारी भी कहीं से घर जा रहे थे तो किसी ने घटना की सूचना दी तो वे भी वहाँ पहुंच कर बिच बचाव करने की कोशिश किये जिसके पश्चात शराब के नशे में धुत्त ढाबा संचालक एवं 2 अन्य व्यक्तियों ने उनके साथ बदसलूकी की।जिसकी सूचना जैसे ही स्थानीय कोतवाली पुलिस को प्राप्त हुई वैसे ही मौकें पर पहुंचकर जानकारी लेने के बाद 1 व्यक्ति को हिरासत में ले लिया और अगले दिन चालान कर उपजिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया जहां से जमानत मिल गई। उपरोक्तमामले में मोड़ तब आया जब उपरोक्तघटना का किसी के द्वारा

# महिला ने लगाई एसपी से न्याय की गुहार

पिंडी (एसएनबी)। लार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत जम सड़ा निवासी शैल देवी पत्नी सुनील कुमार ने पुलिस अधीक्षक देवरिया को पत्र प्रेषित कर न्याय की गुहार लगाई है।अपने प्रेषित पत्र में शैल देवी ने कहा है की मैं एक गरीब महिला हूं मेरे पति बिकलांग है जो दिल्ली में रहते हैं विगत 13 अप्रेल को मैं गेहूं की कटाई कर रही थी तभी मेरे ही गांव के रामाश्रय पुत्र प्रह्लाद आया और मेरे साथ अश्लील बाते करने लगा जब मैं विरोध किया तो वह मुझे बुरी तरह है पिटाई कर भाग गया।मैं तत्काल पुलिस हेल्प लाइन दव 1090 पर फोन कर शिकायत किया पर आज तक लार पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही नहीं किया गया है इतना ही नही वह मुझे शिकायत वापस लेने की धमकी दे रहा है पीड़ित शैल देवी ने पुलिस अधीक्षक से न्याय प्रदान करने का अनुरोध किया हैं।

राष्ट्रीय सहारा 10-6-22

# दंगा नियंत्रण उपकरण संग हुआ फ्लैग मार्च

जिले के सभी थानेदार गुरुवार की शाम को अपने अपने क्षेत्रों में पुलिस बल के साथ गश्त किया। पुलिस अधीक्षक देवरिया के निर्देश पर जिले के सभी क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष द्वारा पर्याप्त पुलिस बल के साथ अपने अपने थाना क्षेत्र में शुक्रवार को जुमे की नमाज के को लेकर दंगा नियंत्रण उपकरण के साथ संवेदनशील स्थानों पर फ्लैग मार्च किया गया।

हिन्दुस्तान दि०-10-6-22

# दंगा नियंत्रण पर कराई मॉकड्रिल

हिन्दुस्तान दि० 10-6-22

देवरिया। जिले के सभी कोतवाली और थानों में गुरवार को पुलिस द्वारा दंगा नियंत्रण उपकरण के साथ बलवा ड्रिल का डिमॉस्ट्रेशन किया गया।

पुलिस ने दंगाइयों व बलवाइयों पर एंटी राइट गन, टीयर गैस गऩ, हैंड ग्रेनेड, टीयर स्मोक सेल का प्रयोग कर दंगा नियत्रंण कर दिखाया। असलहों के प्रयोग के समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में जानकारी दी गई। पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने जिले के सभी थानेदार और कोतंवाल को निर्देश दिया कि सभी लोग दिनं में थाने के पुलिस कर्मियों के साथ दंगा नियत्रण मॉक ड्रिल कराए। सदर कोतवाली परिसर में अनुज सिंह पुलिस बल द्वारा दंगा नियंत्रण उपकरण के साथ बलवा ड्रिल कराया।

हिन्दुस्तान दि०-10-6-22

# शराब के साथ एक को किया गिरफ्तार

बनकटा। पुलिस ने थाना क्षेत्र के दास नरहिया गांव के रेलवे ढाला के निकट से शराब के साथ एक तस्कर को पकड़ लिया है। तलाशी के दौरान उसकी कार से आठ पेटी अंग्रेजी शराब बरामद हुआ है। तस्कर शराब को बिहार ले जा रहा था। पुलिस ने कार को सीज कर तस्कर के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है।

थानाध्यक्ष बनकटा दिलीप सिंह के अनुसार गुरुवार को मुखबिर से सूचना मिली कि शराब तस्कर कार में शराब लेकर बिहार जाने की फिराक में है। पूछ ताछ के दौरान गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान आदित्य कुमार पुत्र रमाशंकर चौधरी निवासी विक्रम पाली, विक्रम जनपद पटना बिहार के रूप में हुआ है।

हिन्दुस्तान दि० - 10-6-22

# चार लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस

भटनी। स्थानीय पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर कामुना क्रेडिट कम्पनी के सीएमडी सहित चार के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस ने भटनी में कार्यरत शाखा प्रबंधक की ओर से न्यायालय में दाखिल वाद के आधार पर आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। महुरांव निवासी पवन कुमार राय ने देवरिया न्यायालय में दाखिल किए गए वाद में लिखा था कि वह 2013 से वह कैमुना क्रेडिट कम्पनी की तरफ से शाखा प्रबंधक के तौर पर काम करते हैं।

हिन्दुस्तान दि०-10-6-22

# हर्ष फायरिंग करते युवक का वीडियो वायरल

खुखुन्दू। तिलकोत्सव कार्यक्रम में दो दिन पूर्व हुए हर्ष फायरिंग का एक वीडियो वायरल होने पर दो थाने की पुलिस युवक के एक गांव में पहुंची। फायरिंग करने वाले युवक को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है।

परसिया करकटही गांव में 7 जून की रात सुभाष यादव के घर बरियारपुर थाना क्षेत्र के बरईठा गांव से लालजी यादव के घर से तिलक आया था। सुभाष यादव के लड़के सर्वेश यादव का तिलक था। तिलक संपन्न होने के बाद डीजे के कार्यक्रम में युवाओं ने नाचना शुरू कर दिया। डीजे प्रोग्राम के नाचने गाने के दौरान एक युवक अपने दोस्त साथियों के बीच एक नाली बंदूक से फायरिंग करना शुरू कर दिया। फायरिंग करते हुए का किसी ने वीडियो बना लिया और उसको वायरल कर दिया।

हिन्दुस्तान दि०-10-6-22

# महिला की मौत की सूचना पर हलकान रही पुलिस

नवलपुर। एक महिला की मौत की सूचना पर पुलिस हलकान रही। कोतवाली थाना क्षेत्र के नवलपुर चैराहा के समीप बटोही चौराहे पर राजू सिंह की गिट्टी बालू की दुकान है। वहां पर रात में एक पैर में घातक बिमारी होने से एक महिला कराह रही थी। सुबह जब राजू सिंह आए तो महिला की पीड़ा देख वह 108 नंबर एंबुलेंस को बुलाकर अस्पताल भेजवा दिया।

हिन्दुस्तान दि०-10-6-22

# मारपीट करने वालों पर केस दर्ज करने की मांग

देवरिया। थाना के पहाड़पुर निवासी मीना देवी पत्नी प्रमोद राय ने महुआडीह थानाध्यक्ष से शिकायत किया है कि उनके बगल के परिवार को तीन-पार लोगों ने बेवजह उन्हे तथा उनके बच्चो को मारा-पीटा तथा लगायी गयी हरी सब्जी को उखाड़कर फेंक दिया। इस परिवार के सदस्य इसके पहले भी कई बार मारपीट कर चुके हैं। उन्होंने पुलिस से केस दर्ज कार्यवाही करने की मांग की है।

हिन्दुस्तान दि० - 10-6-22

# 13 गोवंशीय पशु बरामद तीन तस्करों को दबोचा

- वाहनों पर गोवंशीय पशुओं को लादकर वध के लिए ले जा रहे थे बिहार
- मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने तस्करों को किया गिरफ्तार

खुखुन्दू, हिन्दुस्तान संवाद। वाहनों पर गोवंशीय पशुओं को लादकर वध के लिए बिहार ले जा रहे तीन पशु तस्करों को पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

बुधवार की शाम भरथुआ चौराहे पर मौजूद थानाध्यक्ष नवीन चौधरी को जरिए मुखबीर सूचना मिली कि देवरिया की ओर से दो वाहनों में कुछ लोग गोवंशीय पशुओं को लादकर खुखुन्दू चौराहा से होते हुए बिहार की तरफ जाने वाले हैं। इसके बाद पुलिस टीम मुखबिर की सूचना पर तत्काल मुसैला तिराहे पर पहुंचकर वाहनों की चेकिंग का कार्य करना शुरू कर दी। इस दौरान देवरिया की तरफ से गोवंश लदी आ रही एक पिकअप व टाटा लोडर वाहनों को पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान पकड़ लिया। दोनों वाहनों पर कुल 13 पशुओं को लादा गया था। इसके बाद पुलिस ने पूछताछ में उनके पास से एक अदद चाकू को भी बरामद किया। पकड़े गए गोवंशीय पशु तस्करों में बरियारपुर थाने के बरठा गांव निवासी संदीप तिवारी पुत्र स्व .गुलाब तिवारी, बरियारपुर थाने के ही धुसवां गांव निवासी अजय प्रसाद पुत्र बेचन प्रसाद तथा तरकुलवा थाना के पथरदेवा बाजार निवासी टुनटुन यादव पुत्र परमेश्वर यादव को पुलिस ने 3 /5ए /8 गोवध निवारण अधिनियम एक्ट के तहत जेल भेज दिया।

हिन्दुस्तान दि०-10-6-22



गुरुवार को नगर पंचायत रामपुर कारखाना में अतिक्रमण हटाता बुलडोजर। • हिन्दुस्तान

# रामपुर कारखाना में चला अतिक्रमण पर बुलडोजर

रामपुर कारखाना, हिन्दुस्तान संवाद। एक सप्ताह की हीलाहवाली के बाद आखिरकार रामपुर कारखाना में प्रशासन का बुलडोजर चल गया। जेसीबी से नाली के ऊपर बनाए गए चबूतरे तोड़े गए और टिन शेड हटा दिए गए। एक दर्जन लोगों को अतिक्रमण हटाने को कहा गया है।

बुधवार को नगर पंचायत रामपुर कारखाना के मेन रोड पर अतिक्रमण हटाया गया। अधिशासी अधिकारी रोहित सिंह थानाध्यक्ष महेंद्र कुमार चतुर्वेदी ने भारी फोर्स के साथ दोपहर में नगर पंचायत कार्यालय गेट से अतिक्रमण हटवाना शुरू किया। कस्बे के एक दर्जन लोगों को अतिक्रमण हटाने का चेतावनी दिया गया।

**बुलडोजर के खौफ से लॉकडाउन सा सन्नाटा:** नगर पंचायत रामपुर कारखाना में 1 सप्ताह से अतिक्रमण के खिलाफ अभियान टल रहा था। लेकिन गुरुवार की सुबह जब नगर पंचायत कर्मियों की अतिक्रमण के खिलाफ तैयारी शुरू हुई तो इसकी चर्चा पूरे कस्बे में फैल गई। दुकानदारों ने 4 दिन पहले हटाने के बाद रखे गए अपने अतिक्रमण को खुद ही हटा दिया। दोपहर तक कस्बे में लॉकडाउन जैसा सन्नाटा पसर गया।

**अतिक्रमण हटा तो बदल गई गुदरी बाजार की सूरत:** गुरुवार को नगर पंचायत रामपुर कारखाना से अतिक्रमण हटाया गया। अतिक्रमण हटने के बाद अब मुख्य चौराहे से चार पहिया वाहन आसानी से आ-जा सकते हैं। जबकि अतिक्रमण के चलते गुदरी बाजार से आगे चार पहिया वाहन ले जाना दुश्वारियां से भरा हुआ था।

हिन्दुस्तान दि०-10-6-22

# छह पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई

लार। पुलिस ने छह लोगों पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई की है। प्रभारी निरीक्षक लार नवीन कुमार सिंह ने बताया कि जिन लोगों पर गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है उसमें रामप्रकाश शुक्ला निवासी पिंडी, दीपक शर्मा, शनपति त्रिपाठी, अनित्य शुक्ला, रविप्रताप सिंह, ऋषिकेश सिंह निवासी लार के मूल निवासी हैं।

हिन्दुस्तान दि० 10-06-22

# मारपीट में आधा दर्जन पर केस

खुखुन्दू। पुरानी रंजिश को लेकर हुई मारपीट की घटना में पुलिस ने आधा दर्जन लोगों पर मारपीट का केस दर्ज किया है। जुआफर गांव में पुरानी रंजिश को लेकर 7 जून को हुई मारपीट में रानी देवी की तहरीर पर पुलिस ने सोनू, राम, सावित्री और सोनी पर वहीं मारपीट में राम छबीला की तहरीर विशाल, अमन उर्फ विक्रम सिंह पुत्रगण नरेंद्र सिंह पर मारपीट का केस दर्ज किया है।

हिन्दुस्तान दि० 10-6-22

# चार के खिलाफ मारपीट का केस

रुद्रपुर। पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज किया है। कोइलगढ़हा गांव के बिचला टोला के रहने वाले बब्बी देवल निषाद पुत्र दिनेश निषाद ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि गांव के सिक्का यादव ने उनका भूमि विवाद चल रहा है। उसी रंजिश को लेकर 28 मई को दोपहर करीब 12 बजे दूसरे पक्ष के लोग गाली गलौज करने लगे। मना करने पर दिनेश निषाद को लाठी डण्डा से मारपीट कर घायल कर दिए।

गई है।

दैनिक जागरण दि० 10-6-22

# नकली दारोगा बनकर वसूली करने वाला भेजा गया जेल

जासं, रुद्रपुर : कोतवाली क्षेत्र के ग्राम परसा जंगल के रहने वाले नकली दारोगा को पुलिस ने गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से बरामद की गई इनोवा कार को सीज कर दिया है। इसी वाहन से आरोपित लोगों पर रौब दिखाकर वसूली करता था। पुलिस पूछताछ के आधार पर इसका नेटवर्क खंगाल रही है। राम परसा जंगल के रहने वाले रामनगीना प्रसाद पुत्र बनवारी लाल को पुलिस ने उसराबाजार औद्योगिक क्षेत्र के समीप वाहन चेकिंग के दौरान पकड़ लिया था। एक सप्ताह से वह पुलिस की वर्दी पहनकर लोगों पर अपना धौंस दिखा रहा था। इसकी पुलिस तलाश कर रही थी। कोतवाल की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाल विजय सिंह ने कहा कि आरोपित युवक के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

दैनिक जागरण दि० 10-6-22

# टाप टेन में शामिल छह अपराधियों के विरुद्ध गुंडा एक्ट

जागरण संवाददाता, लार: पुलिस ने इलाके के बदमाशों की टाप टेन सूची में शामिल छह अपराधियों के विरुद्ध गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई की है। इसके बाद इलाके में खलबली मच गई है।

गुरुवार को प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के छह अपराधियों के विरुद्ध गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। अभी अन्य अपराधियों के आपराधिक इतिहास को खंगाला जा रहा है। अपराधी प्रवृति के लोगों पर गुंडा, गैंगस्टर व जिला बदर की कार्रवाई चल रही है। जिन लोगों पर गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है, उनमें पिंडी गांव के रहने वाले रामप्रकाश शुक्ला उर्फ सोनू शुक्ला पुत्र हरिहर शुक्ला, दीपक शर्मा पुत्र उपेंद्र शर्मा, शनि पति त्रिपाठी पुत्र श्रीनिवास त्रिपाठी, अनित्य शुक्ला उर्फ मोनू शुक्ला पुत्र हरिहर शुक्ला व रविप्रताप सिंह उर्फ झूला सिंह पुत्र अरविंद सिंह और चुरिया गांव के ऋषिकेश सिंह उर्फ छोटू सिंह पुत्र दिवाकर सिंह शामिल हैं।

दैनिक जागरण, दि०-10-6-22

# आम तोड़ने के विवाद को लेकर मारपीट, दंपती घायल

जासं, खुखुंदू: रुपई गांव में आम तोड़ने को लेकर हुए विवाद में मारपीट में पति पत्नी घायल हो गए। पीड़ित ने इसकी शिकायत सूचना पुलिस को दी है।

रुपई गांव के रहने वाले सुनील गौड़ ने आरोप लगाया कि बगल के लोगों से आम तोड़ने की बात को लेकर विवाद होने लगा। इसी बीच बात बढ़ गई। जिसमें पड़ोस के लोगों ने सुनील व उनकी पत्नी इंद्रावती की पिटाई कर दी। उधर ग्रामसभा सिसवार के सझवार में भी आपसी बात को लेकर विवाद बढ़ गया और मारपीट हो गई। जिसमें गीता व संतोष घायल हो गए। इसकी सूचना पुलिस को दी। थानाध्यक्ष नवीन चौधरी ने बताया कि सूचना मिली है, कार्रवाई की जाएगी।

## साइड देने के विवाद में मारपीट

खुखुंदू: बुधवार की रात साइड देने के विवाद में हुई मारपीट में युवक की पिटाई कर हाथ तोड़ने का मामला सामने आया है। पिटाई के बाद युवक का इलाज अस्पताल में कराया गया और इसकी सूचना पुलिस को दी।

अहिरौली गांव के रहने वाले अयूब ने आरोप लगाया कि बुधवार की रात निर्माणाधीन मकान के सामान के लिए दुकान पर जा रहे थे। इसी बीच गांव के बाहर अभी पहुंचे थे गांव के कुछ लोगों से साइड देने को लेकर विवाद होने लगा। इसी बीच विवाद बढ़ गया और मारपीट हो गई। मारपीट के दौरान युवक ने लाठी-डंडे से पिटाई कर हाथ तोड़ने का आरोप लगाया है।

पिटाई के दौरान वह गिर गया और सीमेंट दूरी के लिए ले जा रहे पैसा गिर जाने का भी आरोप लगाया है। इसकी सूचना पुलिस को दी। थानाध्यक्ष नवीन चौधरी ने बताया कि मारपीट की सूचना मिली है ,मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

दैनिक जागरण दि-10-6-22

# मारपीट के मामले में पिता-पुत्र गिरफ्तार

सलेमपुरः कोतवाली थाना क्षेत्र के मनिहारी चौराहे पर मीट के पैसे को लेकर हुए मारपीट में पुलिस ने पिता-पुत्र को गिरफ्तार जेल भेज दिया। मारपीट का वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने यह कार्रवाई की है। बिगही गांव निवासी उमेश पुत्र ओम प्रकाश प्रजापति का मनिहारी चौराहे पर होटल है। होटल पर मीट खाने के बाद पैसा देने की बात को लेकर दुकानदार ओमप्रकाश और मनिहारी निवासी पंकज के बीच मारपीट हो गई। जिसका किसी ने वीडियो बना लिया। पंकज की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने ओम प्रकाश पुत्र बच्चन और उसके पुत्र उमेश के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया।

**वारंटी गिरफ्तार :** बंगरा बाजारः खामपार थाना क्षेत्र के कुकुरघाटी निवासी सत्येंद्र यादव पुत्र सुभाष यादव को खामपार पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपित सत्येंद्र की अपनी पत्नी गुड्डी देवी से विवाद को लेकर परिवार न्यायालय में वाद विचाराधीन है।

## चार लोगों पर मारपीट का मुकदमा

रुद्रपुर : कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कोइलगढ़हा में पुत्र ने पिता को मनबढ़ों द्वारा आपसी रंजिश को लेकर मारपीट कर घायल करने और धमकी देने के मामले में चार के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र कोइलगढ़हा के बिचला टोला के रहने वाले बब्बी देओल पुत्र दिनेश निषाद की तहरीर पर पुलिस ने गांव के सिक्का यादव, मैनेजर, सोनू और भोला यादव के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। (जासं)

## शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

बनकटा : थाना क्षेत्र के रामपुर बुजुर्ग तिराहे से गुरुवार को अवैध शराब व चारपहिया वाहन समेत तस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। (जासं)

दैनिक जागरण दि० 10-6-22

# दो वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

लार : पुराने मामलों में वांछित चल रहे दो आरोपियों को गुरुवार को लार पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक-लार नवीन कुमार सिंह के अनुसार गुड्डू पुत्र कांता प्रसाद निवासी रक्शा व मनोज यादव पुत्र मोती चंद यादव निवासी मटियरा जगदीश को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। दोनों आरोपित पुराने मामले में वांछित चल रहे थे।

दैनिक जागरण दि०-10-6-22

# तीन पशु तस्कर गिरफ्तार, भेजे गए जेल



पुलिस की गिरफ्त में तीनों पशु तस्कर • जागरण

- पुलिस ने 13 गोवंशीय पशुओं को बरामद किया
- पिकअप में लादकर ले जा रहे थे बिहार पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा

जागरण संवाददाता खुखुंदू: गोवंशीय पशुओं को दो पिकअप में लादकर बिहार ले जा रहे तीन तस्करों को पुलिस ने गुरुवार की सुबह गिरफ्तार कर लिया। उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। पुलिस ने 13 गोवंशीय पशुओं को बरामद किया।

थानाध्यक्ष नवीन चौधरी सुबह हमराहियों के साथ भरथुआ चौराहे की तरफ भ्रमण पर निकले थे। इसी बीच सूचना मिली कि देवरिया की तरफ से दो पिकअप पर गोवंशीय पशु लदे हैं। उन्हें वध के लिए बिहार ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष मुसैला तिराहे पर पहुंच गए। तभी देवरिया की तरफ से दो वाहन आते दिखाई दिए। पुलिस ने दोनों पिकअप को रोककर तलाशी ली, जिसमें नौ गायें व चार बछड़े बरामद हुए। पुलिस ने तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपितों में बरियारपुर थानाक्षेत्र के बरठा का संदीप तिवारी पुत्र गुलाब तिवारी, बरियारपुर के धुसवा का अजय प्रसाद पुत्र बेचन, तरकुलवा थानाक्षेत्र के पथरदेवा का टुनटुन यादव पुत्र परमेश्वर शामिल हैं।

आरोपित संदीप तिवारी के पास से पुलिस ने चाकू भी बरामद किया। पुलिस ने तीनों के विरुद्ध गोवध निवारण अधिनियम व आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया। थानाध्यक्ष ने बताया कि पकड़े गए तीनों आरोपितों को मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

दैनिक जागरण दि0-10-06-22

# मौत की सूचना पर परेशान रही पुलिस

जासं, सलेमपुर, देवरिया: सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सलेमपुर परिसर में एक महिला की मौत होने की खबर पर कोतवाली पुलिस घंटों परेशान रही। आनन-फानन शव कीट लेकर पोस्टमार्टम भेजने की तैयारी में अस्पताल पहुंची पुलिस को शव की जगह कराहती महिला मिली। पुलिस महिला का नाम पता पूछकर बैरंग वापस लौट गई।

कोतवाली थाना क्षेत्र के नवलपुर के समीप बटोही चौराहे पर राजू सिंह की गिट्टी बालू की दुकान है। वहां पर रात में एक पैर में दर्द होने पर एक महिला कराह रही थी। सुबह जब राजू सिंह आए तो महिला की पीड़ा देख वह 108 नंबर एंबुलेंस को बुलाकर अस्पताल भेजवा दिया। एंबुलेंस महिला को अस्पताल परिसर में उतारकर चला गया। इसके बाद किसी ने 112 नंबर को अस्पताल में एक महिला की मौत की खबर दी। 112 नंबर कोतवाली पुलिस को सूचित किया। कोतवाली पुलिस के महिला एसआइ मंजू कुमारी, नवलपुर चौकी इंचार्ज हीरान गौंड मय पुलिस बल के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सलेमपुर पहुंचे। किसी ने बताया कि एक महिला अस्पताल गेट पर दर्द से कराह रही है। महिला ने अपना नाम गुड्डी देवी पत्नी नेबूलाल निवासी नादघाट बताई। डाक्टर उसे जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया। प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सिंह ने कहा कि 112 नंबर की सूचना पर पुलिस सीएचसी गई थी, लेकिन शव न मिलने पर वापस लौट आई।



सलेमपुर सीएचसी परिसर में शव मिलने की सूचना पर जांच करती पुलिस • जागरण

# मारपीट के मामले में सात लोगों के विरुद्ध कार्रवाई

दैनिक जागरण- दि०- 10.08.22

रामपुर कारखाना : बरवामीर छापर में दीवार पर गोबर फेंकने को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। जिसको लेकर जमकर मारपीट हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर मामला शांत कराने का प्रयास किया। पुलिस ने मामले में प्रथम पक्ष के श्रवण कुमार तथा दूसरे पक्ष के अशरफ अंसारी, असलम अंसारी, बबलू प्रसाद, मुमताज अंसारी, सलीम अंसारी का शांति भंग में चालान कर दिया। (जासं)

# तीन वारंटी गिरफ्तार

सलेमपुर : कोतवाली पुलिस ने करीब पांच वर्ष पूर्व मारपीट के मामले में फरार चल रहे तीन वारंटी को गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार मिश्र ने बताया कि चंद्रभान गोंड पुत्र श्रीराम किशुन गोंड, गिरधारी गोंड पुत्र किशुन तथा रविंद्र पुत्र विंदेश्वरी निवासी शंकर नगर मझौलीराज थाना कोतवाली के विरुद्ध काफी दिनों से वारंट था। (जासं)

# चार लोगों को शांतिभंग में किया गया चालान

रामपुर कारखाना : पुलिस ने विभिन्न मामलों में दो गांव के चार लोगों का शांतिभंग में चालान कर दिया। मुंडेरा मिश्र गांव के रहने वाले देवनंदन मौर्य, रामबदन मौर्य व पुरुषोत्तमपुर गांव के रहने वाले ओम प्रकाश जायसवाल भगवान दयाल जायसवाल के विरुद्ध कार्रवाई की। (जासं)

दैनिक जागरण दिनांक 20-8-22

अमर उजाला दि० - 10-6-22

# दो वारंटी गिरफ्तार

चनुकी। लार पुलिस ने वांछित दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। दोनों आरोपी न्यायालय में हाजिर नहीं हो रहे थे। प्रभारी निरीक्षक लार नवीन कुमार ने बताया कि रक्सा निवासी गुड्डू, मटियारा निवासी मनोज यादव को कोर्ट के आदेश पर बृहस्पतिवार को गिफ्तार कर जेल भेज दिया गया। संवाद

अमर उजाला दि०-10-6-22

# त्योहारों के मद्देनजर हुआ दंगा नियंत्रण का रिहर्सल

संवाद न्यूज एजेंसी

**खामपार।** पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के निर्देश पर भिंगारी बाजार पुलिस चौकी पर दंगा नियंत्रण का रिहर्सल किया गया। क्षेत्र में जुमा की नमाज को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए रूट मार्च भी निकाला।

खामपार थाने से सुबह दस बजे एसआई विजय प्रताप सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने मार्च निकाला। हेलमेट पहने हाथों में फाइबर स्टिक तथा फाइबर गार्ड लिए जवानों को देखने के लिए क्षेत्र के लोग सड़क पर आने लगे। खामपार बाजार से भिंगारी पुलिस चौकी पर पहुंचकर



पुलिस ने किया फ्लैगमार्च। संवाद

पुलिस ने कृत्रिम दंगा निरोधी अभियान का प्रदर्शन किया। रूट मार्च में एसआई अंगद सिंह, एसआई श्यामलाल, अशोक राय, अवनीश द्विवेदी, बिलाल अंसारी, सुनील यादव, कन्हैया लाल आदि मौजूद रहे।

अमर उजाला दि०-10-6-22

# पुलिस ने शव को लिया कब्जे में

## अंत्येष्टि के लिए ला रहे थे लबकनी के लोग

संवाद न्यूज एजेंसी

### संदिग्ध परिस्थिति में मौत की सूचना पर कटइलवा के पास पुलिस ने रोकी शव यात्रा

बरहज। कटइलवा मुक्तिपथ पर बृहस्पतिवार को दाह-संस्कार के लिए ले जाए जा रहे शव को पुलिस ने कब्जे में ले लिया। इससे अफरातफरी का माहौल हो गया। संदिग्ध परिस्थिति में मौत की सूचना पर पुलिस पहुंची थी। इस मामले में लोग कुछ भी कहने से गुरेज कर रहे हैं।

लबकनी ईश्वर गांव निवासी अविनाश राय (22) की बुधवार की देर शाम अचानक तबीयत खराब हो गई। उन्हें महेन पीएचसी ले जाया गया था। हालत नाज़ुक देख चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया था। देवरिया ले जाते समय अविनाश की रास्ते में मौत हो गई। परिजन विद्युत स्पर्शाघात से मौत होना बता रहे थे। बृहस्पतिवार की सुबह परिजन दाह-संस्कार के लिए शव लेकर बरहज के कटइलवा मुक्तिपथ जा रहे थे।

इसी बीच किसी ने संदिग्ध परिस्थिति में मौत की सूचना पुलिस को दी। पुलिस सक्रिय हो गई। शव यात्री कटइलवा के निकट पहुंची थी कि पुलिस ने रोका और शव को कब्जे में ले लिया। थानाध्यक्ष जयशंकर मिश्र ने बताया कि शव को कब्जे में लिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

अमर उजाला दि0-10-6-22

# प्रेमी संग मिली घर से लापता तीन बच्चों की मां

## पुलिस ने महिला को पति व माता पिता को सौंपा

संवाद न्यूज एजेंसी

**सलेमपुर।** कोतवाली पुलिस ने नगर से तीन बच्चों की मां को प्रेमी के साथ ढूंढ निकाला है। महिला आजमगढ़ से कुछ दिन पूर्व घर से निकली थी। महिला के पति ने कोतवाली में तहरीर दी थी। पुलिस ने पति व माता-पिता को उसे सौंप दिया।

आजमगढ़ की महिला को फेसबुक के जरिए नगर के एक युवक से प्यार हो गया। वह उससे मिलने आ गई। उसका पति बृहस्पतिवार सुबह कोतवाली पहुंचा औी तहरीर दी। सुबह तकरीबन दस बजे पुलिस ने महिला को उसके प्रेमी के साथ नगर के एक मोहल्ले से ढूंढ लिया। कोतवाली में पंचायत के बाद महिला को उसके पति व माता-पिता को सौंप दिया गया। दूसरी तरफ प्रेमी को पुलिस देर शाम तक बैठाए रही। कोतवाल नवीन कुमार मिश्र ने बताया कि तहरीर मिलने के दो घंटे के अंदर महिला को ढूंढकर उसके पति व माता-पिता को सौंप दिया गया।

अमर उजाला दि० 10-6-22

# मारपीट में पुलिस ने पिता-पुत्र को भेजा जेल

## वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने की कई लोगों से पूछताछ

संवाद न्यूज एजेंसी

सलेमपुर। पैसे के लेनदेन में नौ दिन पूर्व होटल पर हुई मारपीट का वीडियो वायरल हुआ तो पुलिस ने दुकानदार पर गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर जेल भेज दिया। कई लोगों को कोतवाली बुलाकर पूछताछ की गई।

कोतवाली थाना क्षेत्र के मनिहारी गांव के एक होटल पर 29 मई की रात एक व्यक्ति मटन लाने गया था। वहां पैसे के लेनदेन में कहासुनी होने लगी और मारपीट हो गई। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद कोतवाली पुलिस ने कुछ लोगों को बुलाकर पूछताछ की।

बुधवार देर रात दुकानदार ओमप्रकाश प्रजापति व उनके बेटे उमेश प्रजापति को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। बृहस्पतिवार की सुबह दोनों का मेडिकल परीक्षण कराकर जेल भेज दिया गया। दुकानदार के परिजनों का आरोप है कि मटन लेने के बाद वह व्यक्ति पैसा नहीं दे रहा था। उसी ने विवाद किया था। हम लोगों को फंसाने के के लिए साजिश हुई है। कोतवाल नवीन कुमार मिश्रा ने बताया कि मनिहारी गांव निवासी पंकज उपाध्याय की तहरीर पर उमेश व उनके पिता ओम प्रकाश प्रजापति के खिलाफ मारपीट, धमकी देने व गैरइरादतन हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया गया है।

अमर उजाला दि०- 10-6-22

# मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग

देवरिया। शहर के नगर पालिका रोड निवासी अमित वर्मा ने बृहस्पतिवार को पुलिस को तहरीर दी है। कहा है कि सोनार समाज देवरिया के नाम से एक व्हाट्सप ग्रुप है। ग्रुप का एक सदस्य सोनार समाज की महिलाओं के बारे में हमेशा आपत्तिजनक पोस्ट करता है। इसके बाद भी ग्रुप का एडमिन उसे बाहर नहीं कर रहा है। उसने चार दिन पहले आपत्तिजनक पोस्ट की थी। उससे लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंची है। संवाद

अमर उजाला दि०-10-6-22

# आठ पेटी अंग्रेजी शराब बरामद एक गिरफ्तार

बनकटा। पुलिस ने रामपुर बुजुर्ग तिराहे के समीप से बृहस्पतिवार को लग्जरी वाहन से अवैध शराब बरामद की और एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। उसके पास से आठ पेटी अंग्रेजी शराब बरामद हुई है।

बनकटा थानाध्यक्ष दिलीप सिंह पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए निकले थे। रामपुर बुजुर्ग तिराहे के पास एक चारपहिया वाहन की तलाशी ली गई। जिसमें से आठ पेटी फ्रूटी अंग्रेजी शराब बरामद हुई। प्रत्येक पेटी से 180 एमएल के 48 पाउच मिले। पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने नाम व पता आदित्य कुमार निवासी विक्रमपाली, पटना बताया। पुलिस ने बरामद अवैध शराब को कब्जे में लेकर आरोपी का चालान कर दिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष दिलीप सिंह, शिव कुमार पांडेय और राजकुमार यादव शामिल रहे। संवाद

अमर उजाला दि०-10-6-22

# रामपुर कारखाना में अतिक्रमण पर चलाया गया बुलडोजर

## नगर पंचायत कार्यालय गेट से मन्नूलाल चौराहे तक हटाया गया अतिक्रमण

संवाद न्यूज एजेंसी

रामपुर कारखाना। स्थानीय नगर पंचायत में एक सप्ताह की हीलाहवाली के बाद आखिरकार बृहस्पतिवार से अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरू हुआ। नगर पंचायत के जेसीबी से नाली के ऊपर बनाए गए चबूतरें तोड़े गए और टिन शेड हटा दिए गए। 12 दुकानदारों को एक सप्ताह के अंदर अतिक्रमण हटाने की चेतावनी भी दी गई।

हालांकि नगर पंचायत निवासी कई लोगों ने आरोप भी लगाया कि अतिक्रमण हटाने के नाम पर नगर पंचायत प्रशासन की ओर से केवल खानापूर्ति की गई है। अभियान के अंतर्गत नगर पंचायत गेट से मनु लाल चौराहे तक बृहस्पतिवार को दोपहर अतिक्रमण हटाया गया। अधिशासी अधिकारी रोहित सिंह, थानाध्यक्ष महेंद्र कुमार चतुर्वेदी ने फोर्स के साथ नगर पंचायत कार्यालय गेट से अतिक्रमण हटवाना शुरू किया। जेसीबी लगाकर एक दर्जन से अधिक दुकानों के बाहर बनाए गए टिन शेड को तोड़ दिया गया। जबकि नाली के ऊपर बनाए गए चबूतरों को भी ध्वस्त किया गया। कई जगह दुकानदार खुद अतिक्रमण हटाने की मांग किए तो प्रशासन ने उन्हें एक हफ्ते की मोहलत देकर छोड़ दिया। कस्बे के लगभग एक दर्जन लोगों को अतिक्रमण हटाने की चेतावनी भी दी गई।



रामपुरकारखाना के गुदरी बाजार से जिला प्रशासन ने हटवाया अतिक्रमण।

### टिन शेड और नाली के ऊपर बनाए चबूतरों को किया ध्वस्त, दी चेतावनी

उधर रामपुर कारखाना के मुख्य चौराहे से लेकर बहरामपुर मोड़ तक अतिक्रमण नहीं हटाने से यह नगरवासियों में चर्चा का विषय बनी रही। अधिशासी अधिकारी रोहित सिंह ने बताया कि रामपुर कारखाना नगर पंचायत में आगे भी अतिक्रमण हटवाने की कार्यवाही चलती रहेगी।

# KUSHINAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 10-06-2022

# सोशल मीडिया पर सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश, दो लोग गिरफ्तार

**कुशीनगर, वरिष्ठ संवाददाता।** दो शातिरों ने सोशल मीडिया धार्मिक टिप्पणी कर जिले में सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश की। उसे वायरल भी किया। एसपी के निर्देश पर गठित सोशल मीडिया निगरानी सेल ने इसका त्वरित संज्ञान लिया, फलस्वरूप विशुनपुरा थाने में केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक कुशीनगर रितेश कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में सौहार्द व अमन- शांति बनाये रखने को पुलिस द्वारा सोशल मीडिया पर सतर्क दृष्टि रखी जा रही है। दो व्यक्तियों ने सोशल मीडिया साईट (वाट्सएप) पर टिप्पणी कर आपसी सौहार्द को बिगाड़ने की कोशिश की। सोशल मीडिया सेल ने सर्विलांस सेल की मदद से टिप्पणी करने वालों का एड्रेस ट्रेस किया व विशुनपुरा पुलिस को आरोपियों पर केस दर्ज करने को कहा। प्रकरण को संज्ञान में लेकर थाना विशुनपुरा पर आरोपियों पर धारा 295 ए आईपीसी व 67 आईटी एक्ट का केस दर्जकर अभियुक्तों के गिरफ्तारी का प्रयास होने लगा। गुरुवार को बृजमोहन पटेल, मठिया माफी विशुनपुरा को टैक्सी स्टैण्ड दुदही से व दूसरे अभियुक्त विनय कुमार यादव, रामपुर बरहन टोला लक्ष्मीपुर थाना बरवापट्टी को गोड़रिया पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया।

> किसी तरह की धार्मिक या सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वालों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। सोशल मीडिया निगरानी सेल का गठन इसी उद्देश्य से किया गया है। इसी क्रम में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। ऐसे अराजक तत्वों पर कार्रवाई जारी रहेगी।
>
> **-रितेश कुमार सिंह,** एएसपी

# पुलिस टीम ने खाली कराया अतिक्रमण


गुरुवार को तुर्कपट्टी बाजार से अतिक्रमण खाली कराने पहुंची पुलिस।

तुर्कपट्टी, हिन्दुस्तान संवाद। स्थानीय थाने की पुलिस टीम ने गुरुवार को स्थानीय चौराहे पर अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया। सड़क के किनारे अवैध रूप से काबिज दुकानों का अतिक्रमण हटाया गया। साथ ही यह चेतावनी दी गई कि सड़क की पटरियों पर अतिक्रमण किया गया तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

तुर्कपट्टी बाजार में सड़क की पटरियों पर जगह-जगह अवैध कब्जा है। सड़क की पटरियों पर लोगों ने दुकानें सजा रखीं हैं। इसके चलते आये दिन बाजार में जाम लगता है। ऐसे में एसपी धवल जायसवाल के निर्देश पर अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत पटरियों पर सजाई गईं दुकानें हटाने के निर्देश दिए गए। गुरुवार को एसआई श्रवण यादव ने हमराहियों के साथ अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया।

तुर्कपट्टी थाने से चौराहे के पूर्वी छोर तक स्थापित दुकानों से अतिक्रमण हटवाया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सड़क की पटरी छोड़ कर ही अपनी दुकान लगाएं ताकि आवागमन बाधित न हो। इस दौरान एसआई आशुतोष जायसवाल, हेड कांस्टेबल अरविंद राय, कांस्टेबल प्रदीप कुमार, दिनेश चंद यादव, रामानंद चौहान, महिला कांस्टेबल श्रृष्टि सिंह मौजूद रहे।

# महिला की हत्या का आरोपी दबोचा

कुशीनगर, वरिष्ठ संवाददाता। नेबुआ नौरंगिया के मठिया आलम अमवा टोला में जमीन पर कब्जा करने के लिए महिला को ट्रैक्टर से कुचलकर मार डालने के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में चार नामजद आरोपी अब भी फरार बताए गए हैं। घटना के बाद गांव में तनाव फैल गया था। कानून व्यवस्था के लिए गांव में छह थानों की फोर्स लगानी पड़ी थी। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त ट्रैक्टर व रोटावेटर भी बरामद कर लिया है।



नेबुआ नौरंगिया थाने में गिरफ्तार महिला की हत्या का मुख्य आरोपी व पुलिस टीम।

मठिया आलम गांव के अमवा टोला में मंगलवार को विवादित भूमि की जुताई रोकने पहुंची पूनम देवी के ऊपर पट्टीदार ने रोटावेटर लगा ट्रैक्टर चढ़ा दिया था। जिससे उसकी मौत हो गयी थी। पोस्टमार्टम कराने के बाद थाने पहुंचे मृतका का पति प्रेमलाल ने गांव के पांच लोगों पर बैनामे वाले खेत को जबरदस्ती जोतने और मना करने पर पत्नी के ऊपर टैक्टर चढ़ा कर मार डालने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने ट्रैक्टर चालक अजय, बृजानंद, कमलेश, अमित व रामावती देवी के खिलाफ 147, 302, 109, 504, 506 की धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया है। घटना के बाद गांव में तनाव फैल गया था। कई थानों की पुलिस मौके पर बुलानी पड़ी थी। घटना के बाद सभी आरोपी गांव छोड़ कर फरार हो गए थे। पुलिस टीम उनकी तलाश में जुटी थी। गुरुवार को मुखबिर से पुलिस को सूचना मिली कि मुख्य आरोपी अजय उर्फ राजा बगही कुटी मोड बहद ग्राम खानू छपरा के पास खड़ा है। कहीं भागने की फिराक में है। एसओ गिरिजेश कुमार उपाध्याय, दरोगा उमेश कुमार यादव, हेडकांस्टेबल अखिलेश कुमार, सिपाही विनोद कुमार यादव, सोनू कुमार राम व महेन्द्र पाण्डेय के साथ पहुंचे और उसे गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त ट्रैक्टर व रोटावेटर भी बरामद कर लिया। एसओ ने बताया कि अजय ने ही महिला को रोटावेटर से रौंद दिया था।

# हनी ट्रैप के मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

- पटहेरवा थाने के एक दरोगा को हनी ट्रैप में फंसाने का मामला
- आरोपी की गिरफ्तारी में पुलिस पहले से ही जुटी हुई थी

**पटहेरवा, हिन्दुस्तान संवाद।** बीते दिनों पटहेरवा थाने के एक दरोगा को हनी ट्रैप में फंसाने के मामले में पुलिस ने एक अस्पताल संचालक समेत उसके तीन सहयोगियों को पहले ही जेल भेज दिया था। इस मामले में सहयोगी रहे एक और आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार को गुरुवार को जेल भेज दिया।

एसओ अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि हनी ट्रैप के मामले में एक अस्पताल संचालक व उसके तीन सहयोगियों को पहले ही जेल भेजा जा चुका है जबकि उसी मामले में सहयोगी रहे आरोपी राजन मिश्रा निवासी फाजिलनगर को गुरुवार की सुबह फाजिलनगर के बघौच मोड़ से गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी की गिरफ्तारी में पुलिस पहले से ही जुटी हुई थी। आवश्यक कार्रवाई के बाद उसे जेल भेजा जा रहा है। आरोपी को गिरफ्तार करने वाली टीम में एसओ अखिलेश कुमार सिंह, एसआई राकेश कुमार यादव, हेड कांस्टेबल लक्ष्मण सिंह, राकेश, जयहिंदआदि मौजूद रहे।

# वांछित को पुलिस ने गिरफ्तार किया

**पटहेरवा।** पटहेरवा पुलिस ने विभिन्न मामलों में वांछित चल रहे अभियुक्त को बड़हरा चौराहे से गुरुवार की सुबह गिरफ्तार कर लिया। आरोपित कहीं भागने की तैयारी में था। इसकी भनक पुलिस को लगते ही टीम वहां पहुंच उसे गिरफ्तार कर थाने ले आई। एसओ अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि शिवम निवासी तरुवनवा थाना पटहेरवा, जो विभिन्न मामलों में वांछित चल रहा था, की तलाश पुलिस को बहुत दिनों से थी।

# दंगा नियंत्रण का रिहर्सल किया

**कुशीनगर, हिन्दुस्तान संवाद।** पुलिस अधीक्षक कुशीनगर धवल जायसवाल के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक कुशीनगर रितेश कुमार सिंह ने गुरुवार को रिजर्व पुलिस लाइन्स में एन्टी राइट गन फायरिंग का अभ्यास कराते हुए सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को बल्वा ड्रिल व दंगा नियंत्रण का अभ्यास कराया।

इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी लाइन्स श्री कुन्दन सिंह सहित प्रतिसार निरीक्षक व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# पुलिस टीम ने खाली कराया अतिक्रमण

तुर्कपट्टी, हिन्दुस्तान संवाद। स्थानीय थाने की पुलिस टीम ने गुरुवार को स्थानीय चौराहे पर अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया। सड़क के किनारे अवैध रूप से काबिज दुकानों का अतिक्रमण हटाया गया। साथ ही यह चेतावनी दी गई कि सड़क की पटरियों पर अतिक्रमण किया गया तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

तुर्कपट्टी बाजार में सड़क की पटरियों पर जगह-जगह अवैध कब्जा है। सड़क की पटरियों पर लोगों ने दुकानें सजा रखीं हैं। इसके चलते आये दिन बाजार में जाम लगता है। ऐसे में एसपी धवल जायसवाल के निर्देश पर अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत पटरियों पर सजाई गईं दुकानें हटाने के निर्देश दिए गए। गुरुवार को एसआई श्रवण यादव ने हमराहियों के साथ अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया।


गुरुवार को तुर्कपट्टी बाजार से अतिक्रमण खाली कराने पहुंची पुलिस।

तुर्कपट्टी थाने से चौराहे के पूर्वी छोर तक स्थापित दुकानों से अतिक्रमण हटवाया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सड़क की पटरी छोड़ कर ही अपनी दुकान लगाएं ताकि आवागमन बाधित न हो। इस दौरान एसआई आशुतोष जायसवाल, हेड कांस्टेबल अरविंद राय, कांस्टेबल प्रदीप कुमार, दिनेश चंद यादव, रामानंद चौहान, महिला कांस्टेबल श्रृष्टि सिंह मौजूद रहे।

# शराब दुकान के सेल्समैन की मनबढ़ों ने की पिटाई

अहिरौली राजा, हिन्दुस्तान संवाद। कसया के गोबरही चौराहे पर बुधवार की देर रात देशी शराब दुकान के एक सेल्समैन को मनबढ़ युवकों ने मारपीट कर घायल कर दिया। आरोप है मनबढ़ सेल्समैन से रुपये छीनने की कोशिश कर रहे थे। सेल्समैन ने विरोध किया तो मनबढ़ों ने पिटाई कर उसे घायल कर दिया।

गोबरही चौराहे पर देशी शराब की दुकान पर चिरगोड़ा के रामअवध यादव सेल्समैन का काम करते हैं। बुधवार की रात दुकान बन्द करने के बाद घर जा रहे थेअचानक दो युवक बाइक से पहुंचे व हाथ में लिए रुपये से भरे बैग को छीनने लगे। विरोध करने पर मनबढ़ों ने सेल्समैन की पिटाई कर उसे घायल कर दिया। सेल्समैन ने जब शोर मचाया तो मनबढ़ रुपये से भरा बैग छोड़ वहां से भाग निकले। चर्चा है कि दोनों युवक चौराहे के आसपास के हैं और लोगों से उलझना इनकी आदत में शामिल है। एसओ सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि इस तरह की घटना की जानकारी नहीं है। अगर पीड़ित की ओर से तहरीर दी जाएगी तो मामले में मनबढ़ों के खिलाफ कार्रवाई होगी।



घायल सेल्समैन रामअवध यादव।

# दारोगा से बात करने वाली युवती के मामले में एक गिरफ्तार

- सुर्खियों में रहा वह प्रकरण, एसपी ने दारोगा को किया था लाइन हाजिर
- न्यायालय ने आरोपित को भेज दिया जेल

**जासं, फाजिलनगर :** दारोगा व युवती के बीच हुई अश्लील बातचीत के मामले में पटहेरवा पुलिस ने विवेचना के दौरान प्रकाश में आए एक अन्य आरोपित को गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। उसे न्यायालय ले गई, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

पटहेरवा थाने में तैनात सिपाही उमाशंकर यादव की तहरीर पर पुलिस ने दारोगा से बातचीत करने वाली युवती प्रीति सिंह निवासी मीर बिहार, सेराज अहमद निवासी हरपुर बेलही, सुमित राय उर्फ गोलू निवासी अशोगवा थाना पटहेरवा व गोविंद यादव निवासी पकड़ियार पश्चिम टोला थाना सेवरही के विरुद्ध तीन जून को साजिश रचने तथा आइटी एक्ट सहित कई धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर उसी दिन लबनिया चौराहे से गिरफ्तार किया था। विवेचना के दौरान राजन मिश्र, निवासी फाजिलनगर की भी भूमिका पाए जाने पर पुलिस ने गुरुवार को बघौचमोड़ के समीप उसे गिरफ्तार कर लिया।

बीते एक जून को युवती व पटहेरवा थाने में तैनात दारोगा आलोक यादव के बीच बातचीत का आडियो तथा वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल हुआ था। इस मामले में एसपी धवल जायसवाल ने आरोपित दारोगा को लाइन हाजिर कर इसकी जांच एएसपी को सौंपी थी। जांच के दौरान मामले से जुड़ा एक अन्य आडियो सामने आया जिसमें युवती व एक अन्य व्यक्ति दारोगा के बारे में बातचीत कर रहे हैं। पुलिस का मानना है कि यह सबकुछ जानबूझ कर किया गया। ऐसे में युवती व उससे बातचीत करने वाले झोलाछाप सेराज अहमद तथा दो अन्य सहयोगियों सुमित व गोविंद को गिरफ्तार किया था। जांच में पता चला कि झोलाछाप के विरुद्ध महिला की इलाज के दौरान मृत्यु का मुकदमा दर्ज है। झोलाछाप मुकदमे में दारोगा पर दबाव बनाना चाह रहा था।

# गांवों में भ्रमण करेंगे थानेदार मजबूत होंगे नागरिकों से संबंध

**जासं., पडरौना:** गांवों में डायल 112 की गाड़ियां ही पहुंचती हैं। बड़ी घटना होने पर ही थानेदार या बड़े अफसर मौके पर जाते हैं। जिम्मेदार पुलिस अफसर व गांव के लोगों के बीच बढ़ती दूरियां घटनाओं का कारण बन रही हैं। खुद पुलिस महकमा इस बात को स्वीकार कर रहा। ऐसे में निर्देश हुआ है कि थानेदार अब नियमित रूप से गांवों में जाएं और पीड़ित लोगों की समस्या सुन कर निस्तारण कराएं। इससे नागरिक पुलिस के बीच रिश्ते भी मजबूत होंगे।

थानेदारों की गैर मौजूदगी में सेकेंड अफसर यह जिम्मेदारी निभाएंगे। अधिकारियों ने थानेदारों को कहा है कि वह नियमित रूप से क्षेत्र के गांवों का भ्रमण करें। इससे गांवों में होने वाली गतिविधियों की जहां पुलिस को सूचना मिलेगी वहीं आमजन के बीच इसे लेकर सकारात्मक संदेश भी जाएगा।

थानेदार कब किस गांव का भ्रमण करेंगे थाने में इसका चार्ट बनेगा। निर्धारित तिथि पर संबंधित ग्राम पंचायत में पहुंचकर वह पंचायत के प्रतिनिधि, संभ्रांत व्यक्ति, सामाजिक कार्यकर्ता, कोटेदार, मौजूदा व पूर्व जनप्रतिनिधि से मिल कर गांव की जानकारी लेंगे। जिस थाना क्षेत्र में गांवों की संख्या अधिक होगी, वहां थानेदार के अलावे सेकेंड अफसर भी यह जिम्मेदारी निभाएंगे।

- **अक्सर डायल 112 की गाड़ियां ही पहुंचती हैं गांवों में**
- **बड़ी घटना होने पर ही जाते हैं थानेदार व बड़े अफसर**


"गांवों में बढ़ते विवाद को देखते हुए थानेदारों को नियमित रूप से गांवों का भ्रमण करने को कहा गया है। इससे पुलिस व नागरिकों के बीच संबंध बेहतर होंगे। वहीं गलत करने वालों में भय का माहौल बनेगा। उदासीनता बरतने वालों को चिह्नित कर उनकी जवाबदेही तय की जाएगी।

**धवल जायसवाल**, एसपी

# 12 गिरफ्तार, 90 लीटर कच्ची बरामद

**जागरण संवाददाता, मल्लूडीह:** कुड़वा दिलीपनगर व मैनपुर में गुरुवार को कसया पुलिस व आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने दो दर्जन घरों में छापेमारी कर 90 लीटर कच्ची बरामद की। 100 क्विंटल लहन नष्ट किया। मौके से तीन महिलाओं समेत 12 धंधेबाज पकड़े गए।

आबकारी निरीक्षक सत्येंद्र प्रताप व हल्का दारोगा अनिल शर्मा ने टीम के साथ कुड़वा के सिसई व परास टोला तथा मैनपुर के धोबहा घाट पर छापेमारी की। लगभग दो दर्जन घरों से कच्ची की भट्ठी और बनाने का सामान बरामद हुआ।



सिसईटोला में कच्ची के धंधेबाज को गिरफ्तार करती पुलिस● जागरण

टीम ने भट्ठी तोड़ी तो तैयार कच्ची कब्जे में ले ली। मैनपुर से शांति, कपिलदेव तथा कुड़वा दिलीपनगर के सिसई से गुड़िया, शांति, छट्ठू, हरिशंकर, संजय, दिनेश, अजय, बसंत, भागीरथी, जितेंद्र व मोनू सहित तीन महिलाओं के साथ कुल 12 लोगों को गिरफ्तार किया। एसएचओ सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि टीम में कांस्टेबल योगेश राय, बीरेंद्र यादव, वेदप्रकाश गोस्वामी, ममता आदि शामिल रहे।

# पैदल गश्त कर एएसपी ने कराया सुरक्षा का अहसास

**जागरण संवाददाता, पडरौना:** एएसपी रितेश कुमार सिंह ने गुरुवार को नगर में पैदल गश्त कर नागरिकों को सुरक्षा का अहसास कराया। कहा कि जन सुरक्षा को लेकर पुलिस तत्पर है। अपने आसपास संदिग्ध गतिविधि या वस्तु दिखाई दे तो इसकी पुलिस को तत्काल सूचना दें।

नगर के सुभाष चौक से मेन रोड होते हुए पुलिस तिलक चौक पहुंची। भीड़भाड़ वाली जगहों पर लोगों की जांच की। धर्मशाला रोड होते हुए अस्पताल तिराहे पर पहुंचे। आसपास के दुकानदारों से बात कर पुलिस अधिकारियों ने कहा कि दुकानों में सीसीटीवी कैमरा जरूर लगवाएं। दुकान के आसपास अगर संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि दिखाई दे तो तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दें।



पडरौना नगर के सुभाष चौक पर पैदल मार्च में शामिल बाएं से एएसपी रितेश कुमार सिंह व सीओ कुंदन कुमार सिंह● जागरण

सीओ कुंदन कुमार सिंह ने कहा कि नागरिकों की सुरक्षा को लेकर पुलिस हर पल मुस्तैद है।


कानून व्यवस्था में बाधा पहुंचाने वालों पर नजर रखी जा रही है। यहां से अस्पताल रोड होते हुए कोतवाली परिसर पहुंचे। टीम में एसएसआइ अनिल सिंह, वेद प्रकाश सिंह, संजय शाही सहित बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# इंटरनेट मीडिया पर अभद्र धार्मिक टिप्पणी के मामले में दो गिरफ्तार

जासं, दुद्धीः इंटरनेट मीडिया पर समुदाय विशेष पर अभद्र धार्मिक टिप्पणी करने वाले दो युवकों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर विशुनपुरा पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। दोनों को न्यायालय से जेल भेज दिया गया।

सुबह छह बजे दुद्धी क्षेत्र में वाट्सएप ग्रुप व फेसबुक पर अभद्र टिप्पणी को लेकर तनाव बढ़ता देख अधिकारियों ने त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया। जांच में पता चला कि टिप्पणी पोस्ट करने में विनय कुमार यादव, निवासी रामपुर बरहन टोला लक्ष्मीपुर, थाना बरवापट्टी तथा इसे वायरल करने में बृजमोहन पटेल निवासी मठिया माफी, थाना विशुनपुरा की भूमिका है। दोनों के विरुद्ध आइटी एक्ट की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत हुआ। सुबह नौ बजे दुद्धी टैक्सी स्टैंड के पास से पुलिस ने बृजमोहन को तथा विनय कुमार यादव को गोड़रिया पुल के पास से गिरफ्तार किया। एएसपी रितेश कुमार सिंह ने गिरफ्तारी की पुष्टि की है।

# दोबारा अतिक्रमण करने पर देना होगा जुर्माना



दुद्धी नगर पंचायत द्वारा हटाए गए अतिक्रमण वाली जगह पर दोबारा अतिक्रमण करने वालों को चेतावनी देते ईओ विनय कुमार मिश्र ● जागरण

**जागरण संवाददाता, दुद्धी :** दुद्धी नगर पंचायत में बुधवार को हटाए गए अतिक्रमण वाली जगह पर दोबारा कब्जा करने की शिकायत पर गुरुवार को अधिशासी अधिकारी विनय मिश्र पहुंचे। कहा कि दोबारा अतिक्रमण हटाया जाएगा। अतिक्रमणकारियों से 20 हजार रुपये जुर्माना भी वसूला जाएगा।

ईओ ने बताया कि गोला बाजार, आदर्श एंग्लो इंटरमीडिएट कालेज के बगल वाली सड़क व मेन सड़क तक अवैध कब्जा हटाने के लिए समय दिया गया था जो गुरुवार को समाप्त हो जाएगा। नाली व पटरियों पर से अतिक्रमण हटाने के लिए शुक्रवार को एसडीएम व्यास नारायण उमराव के नेतृत्व में कार्रवाई दोबारा शुरू की जाएगी। अगर लोगों ने अतिक्रमण नहीं हटाया है तो बुलडोजर से हटवा दिया जाएगा। उनके साथ लिपिक राहुल चंद, फैयाज, राजन सिंह, ओंकार सिंह, राजकुमार दुबे सहित नगर पंचायत कर्मी मौजूद रहे।

- **स्वयं अतिक्रमण हटाने के लिए दिया गया था समय**
- **प्रशासन दोबारा शुरू करेगा हटाने की कार्रवाई**

## फुटपाथ से हटवाया अतिक्रमण

**तुर्कपट्टी:** तुर्कपट्टी बाजार में पुलिस ने अतिक्रमण हटवया। बाजार में सड़क की पटरियों पर दुकानदारों ने अवैध कब्जा जमाया था। गुरुवार को एसआई श्रवण यादव पुलिस टीम के साथ बाजार पहुंचे। सड़क तक सामान फैलाए दुकानदारों को सामान हटाने का सख्त निर्देश दिया। इसके बाद दुकानदार सामान स्वयं हटाने लगे।

# कोचिंग पढ़ने जा रही अपहृत छात्रा बरामद हिरासत में दो आरोपित

**पडरौना:** नगर के एक मोहल्ले से कोचिंग पढ़ने जा रही छात्रा का गुरुवार की सुबह सात बजे दो युवकों ने अपहरण कर लिया। घटना को लेकर इधर पुलिस खाक छानती रही तो उधर आरोपित दुस्साहस का परिचय देते हुए दो घंटे बाद पीड़िता को उसके घर के बाहर छोड़कर भाग चले। कोतवाली में पिता ने तहरीर दी। पुलिस अपहर्ताओं को गिरफ्तार कर उनसे पूछताछ कर रही, हालांकि इसकी पुष्टि करने से अफसर कतराते रहे। किशोरी का कहना है कि गुरुवार सुबह बाइक सवार दो युवक उसे जबरिया बाइक पर बैठा बावली चौक की तरफ ले गए। नौ बजे घर के समीप छोड़ फरार हो गए। सीओ सदर कुंदन कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर अपहर्ता शकील व साहिल, निवासी साहबगंज दक्षिणी के विरुद्ध अपहरण व यौन अपराध का मामला दर्ज किया गया है।



सेवरही कस्बे से अतिक्रमण हटाने के लिए मार्च करती पुलिस। संवाद

# दुकानदारों को अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दी



सेवरही को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए कस्बे का भ्रमण करते एसडीएम व्यास नारायण उमराव व व्यापारी। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

## सेवरही कस्बे के व्यापारियों को दी गई 72 घंटे की मोहलत

**तमकुहीरोड।** सेवरही कस्बे में अवैध निर्माण व अतिक्रमण हटाने के लिए प्रशासन ने दुकानदारों को कड़ी चेतावनी दी है। उन्हें 72 घंटे की मोहलत दी गई। इस समयावधि में अतिक्रमण नहीं हटाने वाले दुकानदारों के प्रतिष्ठानों पर बुलडोजर चलाकर ध्वस्त करा दिया जाएगा।

इसके लिए बीते बुधवार को देर शाम एसडीएम तमकुहीराज व्यास नारायण उमराव पुलिस फोर्स के साथ सेवरही कस्बे में पहुंचे। उन्होंने व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के साथ माल गोदाम चौक, पश्चिमी रेलवे ढाले तक भ्रमण कर अवैध व अस्थायी अतिक्रमण का निरीक्षण किया। कस्बे को साफ-सुथरा रखने की हिदायत दी। उन्होंने 72 घंटे के अंदर नाले के ऊपर अवैध निर्माण व छज्जा आदि को हटाने के लिए दुकानदारों से कहा। इस मौके पर सेवरही एसओ आशुतोष सिंह, चौकी प्रभारी राजेश मिश्रा, अधिशासी अधिकारी अंबरीष कुमार सिंह, व्यापार मंडल के प्रांतीय संगठन मंत्री अमरनाथ गुप्ता, राजस्व निरीक्षक कुशवाहा, लेखपाल मुकेश कुमार, एसआई संदीप यादव, अजय गुप्ता, पप्पू जायसवाल, छोटेलाल वर्मा, शुकदेव रौनियार, राजकुमार मद्धेशिया, अर्जुन गुप्ता, विकास वर्मा आदि मौजूद थे।

# सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट डालने पर मुकदमा

दुदही। कुशीनगर में दो युवकों ने धर्म विशेष को लेकर आपत्तिजनक पोस्ट सोशल मीडिया पर की। इस मामले में विशुनपुरा थाने की पुलिस ने दोनों युवकों पर धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाने और भड़काने का केस दर्ज करते हुए गिरफ्तार कर लिया है ।

विशुनपुरा थाना क्षेत्र में दो युवकों ने एक समुदाय के धर्मगुरु के खिलाफ व्हाट्सएप ग्रुप में आपत्तिजनक पोस्ट किया। सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले युवक बृजमोहन पटेल मठिया माफी विशुनपुरा और विनय यादव रामपुर बरहन लक्ष्मीपुर बारवापट्टी थानाक्षेत्र के रहने वाले हैं। सूचना मिलने के बाद विशुनपुरा थाने में दोनों युवकों पर एफआईआर दर्ज करते हुए पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में अपर पुलिस अधीक्षक रितेश कुमार सिंह ने बताया की एक धर्म गुरु पर आपत्तिजनक पोस्ट डाला गया था। उसके बाद तुरंत सुसंगत धाराओं में केस दर्ज कर दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया गया है। संवाद

# MAHARAJ GANJ POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 10-06-2022

# थानों पर पीस कमेटी की बैठक आयोजित

**महराजगंज (एसएनबी)**। जनपद के सभी थानों पर धर्म गुरुओं के साथ पीस कमेटी की बैठक की गयी। आयोजित बैठक में सौहार्दपूर्ण माहौल बनाये रखने व अफवाहों पर ध्यान न देने का आग्रह किया गया। सीओ सदर अजय सिंह चौहान की अध्यक्षता में सभी धर्म के धर्म गुरुओं के साथ पीस कमेटी की बैठक की गयी। बैठक में आये समस्त धर्म गुरुओं से शान्ति पूर्ण/सौहार्द पूर्ण माहौल बनाये रखने की अपील की। साथ ही साथ जनपद में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस व प्रशासन का सहयोग करने की अपील की।

सीओ सदर श्री चौहान ने कहा कि कानपुर प्रकरण को देखते हुए प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रखने व अफवाहों पर त्वरित कार्रवाई करने के शासन के आदेश के क्रम में बैठक आयोजित की गयी है। सुरक्षा व्यवस्था से कोई भी समझौता न करने के बारे में निर्देशित किया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक रवि कुमार राय, चौकी प्रभारी नगर रविन्द्र सिंह, उनि हेम चन्द्र चतुर्वेदी, शैलेष प्रताप, अजय कुमार सिंह, जितेन्द्र सिंह सहित विभिन्न धर्मके धर्म गुरू आदि मौजू द रहे। **पनियरा प्रतिनिधि के अनुसार** पुलिस व जनता के परस्पर सहयोग से अपराध पर काफी हद तक नियंत्रण पाया जा सकता है। पनियरा की जनता काबिले तारीफ है। ये बातें बृहस्पतिवार को थाने पर पीस कमेटी की बैठक मेंप्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने कही। प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि सरकार व विभाग के निर्देश पर मंदिरों व मस्जिदों से उतार गये जो लाऊडस्पीकर बेकार पड़े हैं। उनको मुख्यमंत्री के दिशा निर्देश के अनुसार किसी विद्यालय में दान करने को कहा गया है ताकि उसका प्रयोग विद्यालय के लोग प्रार्थना सभा में छात्र/छात्राओं को नैतिक ज्ञान देने मे कर सकें। इस अवसर पर मौजूद प्रमुख रूप से विनीत करमचन्दानी,राम आशीष यादव,शंकर भगत, अक्षैवर,जितेन्द्र,छिोचन्द,संतोष कुमार, अमेरिका, योगेन्द्र ,गिरधर जायसवाल, रामहरि गुप्ता, जब्बार खा, सुनील जायसवाल, कोइल,रामजी,उप निरीक्षक इस्माइल खॉं,उप निरीक्षक सीताराम यादव ,सोनू यादव सहित थाने के अधिसंख्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

**बृजमनगंज प्रतिनिधि** के अनुसार कानपुर दंगे को देखते हुए स्थानीय पुलिस प्रशासन काफी मुस्तैद नजर आ रहा है और इससे लेकर स्थानीय थाने पर उच्चाधिकारियों की अध्यक्षता में विभिन्न समुदाय के धर्म गुरु व संभ्रान्त लोगों के साथ पीस कमेटी की मीटिंग की गयी जिसमें पुलिस ने लोगों से अफवाह न फैलाने तथा सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार का भड़काऊ पोस्ट न करने की अपील किया गया है और यदि इस तरह का कार्य किसी के द्वारा किया गया है तो सख्त कार्यवाई की चेतावनी भी दिया। थाना परिसर में आयोजित बैठक में थानाध्यक्ष चन्द्रहास मिश्रा ने उपस्थित लोगों से कहा कि शान्ति व्यवस्था के साथ खिलवाड़ कत्तई दार्शत नहीं किया जायेगा और सोशल मीडिया कोइ भी पोस्ट शेयर करने से पहले उसकी सत्यता की जांच कर ले। बैठक में तहसीलदार फरेन्दा समेत हिन्दू मुस्लिम दोनों समुदाय के लोग व अन्य सम्भ्रान्त लोग मौजूद रहे। **पुरन्दरपुर प्रतिनिधि** के अनुसार पुरन्दरपुर थाना परिसर में शुरवार को दिन में लगभग 11 बजे सीओ फरेन्दा, उपजिलाधिकारी फरेन्दा द्वारा संयुक्त रुप से बैठक किया गया। जिसमें क्षेत्र के तमाम प्रधान,सामाजिक कार्यकर्ता, सम्मानित व्यक्ति सहित तमाम लोग उपस्थित रहे। इस दौरान पूर्व प्रधान नजरे आलम, नरेन्द्र, सहाबुद्दीन गुलसन, पूर्व प्रधान क्यूम, प्रधान शहादत सहित तमाम लोग उपस्थित रहे। **सिन्दुरिया प्रतिनिधि** के थानाध्यक्ष राम कृष्ण यादव की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गयी। साथ ही उपस्थित लोगों को किसी भी अफवाह पर ध्यान न देने के लिए जागरूक किया गया और भाई चारगी के साथ जुम्मे की नमाज पढ़ने की अपील की गयी। इस अवसर पर एसएसआई तरुण कुमार शुक्ला, मिठौरा चौकी प्रभारी आर सी वरुण , उप निरीक्षक नरेंद्र प्रसाद मिश्रा, अवधेश यादव, अंजनी कुमार, राम बहादुर, नागेंद्र गुप्ता, दीपक गुप्ता, श्यामानंद, जवाहिर गुप्ता, शेषमणि कन्नौजिया, अलाउद्दीन, आशिक अली, मोहम्मद समीउद्दीन, एलियास अली, रामानन्द यादव , उमेश चन्द, सन्नी निगम, पिंटू गुप्ता व दिलीप मणि पाण्डेय सहित तमाम तमाम लोग मौजूद रहे।

**सभी धर्म के धर्मगुरुओं से शांतिपूर्ण माहौल बनाये रखने की अपील**

# पुलिस ने किया दंगा नियंत्रण ड्रिल का रिहर्सल

**बृजमनगंज (एसएनबी)**। स्थानीय थाने पर थाना प्रभारी चन्द्रहास मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस ने दंगा नियंत्रण ड्रिल का रिहर्सल किया तथा शस्त्रों की हैडलिंग व साफ-सफाई करायी गयी। स्थानीय थाने पर थाने के सभी पुलिसकर्मियों ने किसी भी प्रकार के असमान्य स्थिति से निपटने के लिए दंगा नियंत्रण ड्रिल का अभ्यास किया। इस दौरान सुरक्षा जैकेटो को पहनकर पुलिस ने भीड़ तितर-बितर करने व दंगे को नियंत्रण करने हेतु विभिन्न प्रकार का अभ्यास किये। थाने में रखे विभिन्न शस्त्रों के साथ पुलिस ने अभ्यास किया जिसमें शस्त्रों की हैण्डलिंग पुलिस के जवानों को करायी गयी। इसमें रायफल्स व बन्दूको को खोलने व बन्द करने हेतु पुलिस कर्मियों को बताया गया तथा शस्त्रों की साफ-सफाई भी करायी गयी। थाना प्रभारी चन्द्रहास मिश्रा ने बताया कि किसी भी प्रकार की असामान्य स्थिति से निपटने के लिए पुलिस ने दंगा नियंत्रण ड्रिल का अभ्यास किया और थाने में रखी शस्त्र की साफ-सफाई करायी गयी है। इस दौरान थाने के सभी पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

# 18500 शमन शुल्क वसूला

**महराजगंज (एसएनबी)**। जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में चिन्ह्ति स्थानों पर दो पहिया वाहनों, संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी। चेकिंग के दौरान यातायात नियमों का उल्लघंन करने पर 240 वाहनों का चालान किया गया। साथ ही 21 वाहनों से 18500 ₹शमन शुल्क वसूल किया। **शांतिभंग की आशंका में 35 गिरफ्तार**: जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में शांति भंग की आशंका में कुल 35 व्यक्तियों को सीआरपीसी की धारा 151 केतहत गिरफ्तार किया गया। साथ ही उन्हें चालान न्यायालय किया गया।

# कच्ची व नेपाली शराब बरामद, पांच गिरफ्तार

**निचलौल (एसएनबी)**। स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम बजही के टोला पिपरपाती में आज आबकारी व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने छापेमारी कर ग्राम के पांच घरों से 90 लीटर कच्ची व 265 शीशी नेपाली शराब बरामद किया। मौके से पांच लोगों को गिरफ्तार भी किया गया। आबकारी निरीक्षक राकेश यादव ने बताया कि आबकारी व पुलिस की संयुक्त टीम ने शाम करीब 4 बजे छापेमारी कर घरों से 90 लीटर कच्ची व 265 शीशी नेपाली शराब बरामद किया। इस मामले में पांच आरोपितों रामभुवन, रमेश, अकली, उदयी व महेंद्र को गिरफ्तार किया गया। बाद में उन्हें जमानत दे दी गयी। छापेमारी के दौरान आबकारी निरीक्षक राकेश यादव, उपनिरीक्षक हौसिला प्रसाद, कांस्टेबल रोहित कुमार, सतीश चौहान व रामकिशुन शामिल रहे।

# थानाध्यक्ष को हटाने को लेकर प्रधानों का प्रदर्शन

**सिन्दुरिया (एसएनबी)**। मिठौरा ब्लक



परिसर में गुरुवार को ग्राम प्रधान संघ पदाधिकारियों ने सिन्दुरिया थानाध्यक्ष द्वारा एक ग्राम प्रधान के साथ अभद्रता करने को लेकर प्रदर्शन किया। साथ ही एसपी से थानाध्यक्ष को हटाने की मांग की। प्रधान संघ के पदाधिकारियों ने थानाध्यक्ष पर आरोप लगाते हुए कहा कि पड़री खुर्द के ग्राम प्रधान गुरुवार को एक मामले की पैरवी करने के लिए थाना पर गये थे। किसी बात को लेकर थानाध्यक्ष ने अपशब्दों का प्रयोग करते हुए उनका मोबाइल तक छीन लिया। साथ ही ग्राम प्रधान को आधे घण्टे तक थाने परिसर में ही बैठाये रहे। मामले की जानकारी होने पर प्रधानो ने पुलिस अधीक्षक को फोन किया। इसके बाद ग्राम प्रधान को छोड़ा गया। ग्राम प्रधान के साथ हुई अभद्रता को लेकर विकास खंड मिठौरा परिसर में प्रधानों ने प्रदर्शन करते हुए मामले को संज्ञान में लेकर थानाध्यक्ष सिंदुरिया को तत्काल हटाने की मांग पुलिस अधीक्षक से की। इस दौरान ग्राम प्रधान मान सिंह, नागेंद्र कुमार, उदयभान, दिनेश चंद यादव, सत्येंद्र गौतम, वीरू शर्मा सहित तमाम ग्राम प्रधान मौजूद रहे। इस बावत सिन्दुरिया थानाध्यक्ष रामकृष्ण यादव ने बताया कि उनकेऊपर लगाये गये आरोप निराधार व बेबुनियाद है। स्थानीय थाना पर जन प्रतिनिधियों का भरपूर सम्मान किया जाता है।



बृजमनगंज थाने में गुरुवार को दंगा नियंत्रण का अभ्यास किया गया। • हिन्दुस्तान

# दंगे से निपटने को पुलिस कर्मियों ने किया रिहर्सल

## कवायद

बृजमनगंज, हिन्दुस्तान संवाद। बृजमनगंज थाने में गुरुवार को दंगा से निपटने के लिए रिहर्सल हुआ। शस्त्रों की सफाई के साथ ही बलवा रोकने के लिए मॉकड्रिल हुई। पुलिस कर्मियों को इसका अभ्यास कराया गया। दंगा होने पर निपटने के गुर सिखाए गए।

एसओ चंद्रहास मिश्रा ने पुलिस कर्मियों को बताया कि यदि किसी तरह की गड़बड़ी होने पर दंगा या फिर बलवा हो जाता है तो सख्ती दिखाते हुए पुलिस को कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने इसको लेकर विस्तार से जानकारी दी। इसके अलावा पुलिसकर्मियों को शस्त्रों के बारे में भी बारीकी से बताया। कहा कि कि कम समय में कैसे शस्त्र को इस्तेमाल किया जाए, इसका तौर-तरीका सभी को जानना चाहिए। शस्त्रों और उपकरणों को किस तरह से चलाना है? शस्त्र चलाते समय क्या-क्या सावधानी बरतनी जरूरी है? इसके बारे में एसओ ने जानकारी दी। इस मौके पर एसआई उमाकांत सरोज, प्रिंस कुमार, दिव्य प्रकाश मौर्य, अश्वनी मौर्य सहित पुरुष व महिला कांस्टेबल मौजूद रहीं।

# चोरी की बाइक के साथ दो पकड़े गए

महराजगंज। सोनौली कोतवाल मनोज कुमार राय की अगुवाई में चौकी प्रभारी रामचरन सरोह ने श्यामकाट पुलिया के पास से चोरी की बाइक के साथ दो वाहन चोरों को पकड़ लिया। पुलिस के अनुसार चोरी गई बाइक हीरो स्प्लेंडर संख्या यूपी 56 वी-1907 के विवेचक एसआई रामचरन सरोज अपनी टीम के अमरेश कुमार राय व अनूप कुमार शर्मा के साथ श्यामकाट पुलिया के पास से यह बरामदगी की। इस दौरान सूरज व मंदेश निवासी लक्ष्मीनगर थाना धगधई-रुपन्देही नेपाल को गिरफ्तार कर लिया।

# युवती के अपहरण के मामले में केस

झनझनपुर। चौक की एक युवती को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में पुलिस ने एक युवक के खिलाफ केस दर्ज किया है। मामले की छानबीन की जा रही है। एसओ ने बताया कि युवती के पिता की तहरीर पर बहला-फुसलाकर अपहरण करने का केस दर्ज किया गया है।

# छापेमारी में 150 शीशी नेपाली शराब पकड़ी

निचलौल। आबकारी निरीक्षक राकेश कुमार यादव व पुलिस की संयुक्त छापेमारी में गुरूवार शाम को निचलौल थानाक्षेत्र के ग्राम बजही के पिपरपाती टोला पर 45 लीटर कच्ची व 150 शीशी नेपाली शराब पकड़ी गई है। टीम ने पकड़ी गई शराब को सीज करते हुए इस गॉव के राम भुवन, उदयी, रमेश, अकली व महेन्द्र पर आबकारी एक्ट में कार्रवाई कर मौके पर ही जमानत दे दिया है।

# सही जांच न करने का लगाया आरोप

परतावल, हिन्दुस्तान संवाद। श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी शख्स ने अपने ही गांव की एक महिला के सहयोग से एक युवक पर अपनी बेटी का अपहरण करने का आरोप लगाया है। कहा कि पुलिस ने बीते 26 मई को केस तो दर्ज कर लिया, लेकिन सही ढंग से जांच न होने के कारण वह परेशान है।

पीड़ित ने कहा कि उसने अपनी बेटी का शादी तय कर दी थी, लेकिन अचानक गांव का एक युवक उसकी बेटी को भगा ले गया। पीड़ित ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कहा कि 21 मई को उसकी लड़की को गांव के ही एक महिला के सहयोग से एक लड़का लेकर भाग गया। एसपी के कहने पर मुकदमा पंजीकृत तो हो गया लेकिन उसकी बेटी का पता नहीं चल पाया। यह भी कहा कि इसी बीच 31 मई को उसकी बेटी का एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें वह गांव के ही तीन लोगों का नाम ले रही है।

# हत्या और षडयंत्र में महिला को आजीवन कारावास

- परसौना में 2003 में मां व दो नाबालिग बेटियों की हुई थी हत्या
- जमानत पर बाहर रही महिला को न्यायालय ने जेल भेज दिया है

महराजगंज, वरिष्ठ संवाददाता। एडीजे चतुर्थ न्यायालय ने गुरुवार को हत्या व आपराधिक षडयंत्र के मामले में सजा सुनाई है। 2003 में श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र के परसौना में एक महिला व उसकी दो नाबालिग बेटियों की हत्या के मामले व आपराधिक षडयंत्र की दोषी पाई गई महिला को आजीवन कारावास व दस हजार रुपये अर्थदंड की सजा से दंडित किया गया है। जमानत पर बाहर रही महिला को न्यायालय ने जेल भेज दिया है।

सहायक शासकीय अधिवक्ता चंद्र प्रकाश पटेल ने बताया कि परसौना में दो भाई रामबेलास व कैलाश थे। इनमें से रामबेलास की मौत हो गई थी और उनकी विधवा पत्नी मंशा देवी व दो नाबालिग बेटियां सनम व संगम थी। 2003 में इन तीनों की हत्या हो गई और रात के समय एक साइकिल के फ्रेम व कैरियर पर दो बोरों में तीनों की लाश को गांव से बाहर ले जाते समय लोगों ने पकड़ लिया था। नाच देखकर लौट रहे लोगों ने जब दोनों बोरों से खून टपकता देख रोका तो एक में मंशा देवी व दूसरे बोरे में दोनों बच्चियों का शव मिला। शव का सिर व धड़ अलग था। मौके से बाकी लोग भाग गए, लेकिन एक बदमाश पकड़ लिया गया था। पकड़े गए बदमाश की पिटाई से मौत हो गई थी। इस मामले में तत्कालीन प्रधान की सूचना पर पुलिस ने केस दर्ज कर कोर्ट में चार्जशीट दाखिल किया। इसमें रामबेलास के भाई कैलाश समेत कई लोगों को आरोपित बनाया गया। वहीं विवेचना में कैलाश की पत्नी शांति देवी का नाम भी शामिल हुआ था। शांति देवी का मामला एडीजे चतुर्थ कोर्ट में चल रहा था। इस मामले में सहायक शासकीय अधिवक्ता चंद्र प्रकाश पटेल ने 12 गवाहों की गवाही कराते हुए साक्ष्यों के आधार पर सजा की मांग की। एडीजे चतुर्थ रेखा सिंह ने गवाही व साक्ष्यों के आधार पर दोषी पाए जाने पर शांति देवी को सजा सुनाई।

# धर्मगुरुओं के साथ हुई पीस कमेटी की बैठक

महराजगंज, हिन्दुस्तान टीम। कानपुर प्रकरण को देखते हुए जिले में शांति व कानून व्यवस्था सुदृढ बनाए रखे जाने के मद्देनजर पुलिस प्रशासन द्वारा जिले के सभी थानों पर धर्मगुरुओं के साथ पीस कमेटी की बैठक कर पुलिस व प्रशासन का सहयोग किए जाने की अपील की गई।

फरेंदा संवाद के अनुसार जुमे को होने वाले नमाज के मद्देनजर फरेंदा कोतवाली में पुलिस ने मार्क ड्रिल कर अभ्यास किया। इसके बाद आयोजित पीस कमेटी की बैठक में एसडीएम दिनेश मिश्र व सीओ कोमल मिश्र ने शांति व्यवस्था को कायम रखने की अपील की। इस दौरान नायब तहसीलदार डॉ. रवि यादव, कोतवाल संजय कुमार मिश्र सहित मौजुद रहे।



नौतनवा थाना परिसर में एसडीएम व सीओ ने धर्मगुरुओं के साथ बैठक की।

पुरंदरपुर संवाद के अनुसार पुरंदरपुर थाना परिसर में हुई पीस कमेटी की बैठक में एसडीएम फरेंदा दिनेश मिश्र व सीओ फरेंदा कोमल मिश्र ने कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग दें। यहां प्रभारी निरीक्षक सतेंद्र कुमार राय, एसआई विवेक सिंह, जितेंद्र यादव आदि उपस्थित रहे।

बृजमनगंज संवाद के अनुसार तहसीलदार फरेंदा रामअनुज की अध्यक्षता में धर्म गुरुओं व संभ्रांत लोगों के साथ बैठक हुई। तहसीलदार ने कहा कि किसी भी धर्म के विरुद्ध किसी भी तरह की बयानबाजी न करें। इस दौरान लेहड़ा मंदिर के महंथ देवीदत्त पांडेय, दिलीप चौधरी, हरिश्चंद्र पांडेय, सोनू सिंह, गुंजन पासवान आदि मौजूद रहे।

सिसवा संवाद के अनुसार कोठीभार थाना परिसर में धर्मगुरुओं के साथ हुई एसडीएम निचलौल सत्यप्रकाश मिश्र ने कहा कि जिले का माहौल खराब करने वाले किसी भी तरह के वायरल वीडियो या आपत्तिजनक तस्वीरों पर ध्यान न दें। इस मौके पर चौकी प्रभारी अमित, बैजनाथ, अभिनव आदि रहे।

नौतनवा संवाद के अनुसार नौतनवा थाना परिसर में हुई बैठक में एसडीएम रामसजीवन मौर्या व सीओ धीरेंद्र ने कहा कि सोशल मीडिया पर पोस्ट से समाज में वैमनस्यता फैलती है।

# शादी कराने के लिए नाबालिग का बनवाया फर्जी आधार कार्ड

**जासं, महराजगंज :** नाबालिग लड़की को घर से भगाने के मामले में पुलिस की कार्रवाई से बचने के लिए आरोपितों ने न सिर्फ उसका फर्जी आधार कार्ड बनवा दिया, बल्कि उसी के आधार पर कोर्ट मैरिज भी करा दिया। इधर मामले में किशोरी के स्वजन ने पुलिस अधीक्षक से कार्रवाई की मांग की है।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर शिकायत लेकर पहुंची किशोरी के स्वजन ने बताया कि उनकी पुत्री की उम्र 17 वर्ष है। उसे गोरखपुर थाना पीपीगंज के गायघाट निवासी आरोपित धर्मदेव भगा ले गया था। सात मई को पनियरा पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर पुत्री को बरामद कर लिया, लेकिन आरोपित अभी भी फरार हैं। किशोरी की बरामदगी के बाद पता चला है कि आरोपित धर्मदेव व उसके स्वजन द्वारा कूटरचित तरीके से उसकी पुत्री का फर्जी आधार बनाकर उसका कोर्ट मैरिज भी करा दिया गया है। कूटरचित आधार कार्ड में उसकी उम्र 19 वर्ष दर्शाई गई है, जबकि असली आधार और हाईस्कूल के अंकपत्र में उसकी उम्र 17 वर्ष है। पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ ने बताया कि जांच के निर्देश दिए गए हैं।

# पुलिसकर्मियों ने किया दंगा नियंत्रण का पूर्वाभ्यास

**जागरण संवाददाता, महराजगंज :** कानपुर हिंसा को देखते हुए शुक्रवार को जुमे की नमाज को लेकर पुलिस अलर्ट मोड पर है। इसको लेकर गुरुवार को जहां सभी थानों में फ्लैगमार्च कर लोगों को सुरक्षा का एहसास दिलाया, वहीं दंगा नियंत्रण का भी अभ्यास किया गया।

सदर कोतवाली पुलिस ने सीओ अजय सिंह चौहान के नेतृत्व में शस्त्र, एंटी राइट गन, एंटी राइट स्मोक गन, इन्सास गन, एक 47 व अन्य शस्त्रों तथा बुलेट प्रूफ जैकेट, बाडी प्रोटेक्टर तथा डंडा इस्तेमाल करने का तरीका बताते हुए शस्त्रों के कलपुर्जों के खोलने, जोड़ने व रखरखाव का भी प्रशिक्षण दिया गया। सीओ अजय सिंह चौहान ने कहा कि सभी को दंगा नियंत्रण अभ्यास करना चाहिए। इसी क्रम में सिंदुरिया संवाददाता के अनुसार थानाध्यक्ष रामकृष्ण यादव के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों ने दंगा नियंत्रण का अभ्यास व फ्लैगमार्च किया।



फरेंदा कोतवाली में दंगा नियंत्रण का अभ्यास करती पुलिस● जागरण

**अफवाहों पर न दें ध्यान, समझदारी से लें काम:** महराजगंजः कानपुर की घटना को देखते हुए जुमे की नमाज के पूर्व गुरुवार को जिले के सभी थानों पर पीस कमेटी की बैठक हुई, जिसमें विभिन्न धर्मों के धर्मगुरु व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सदर कोतवाली में सीओ अजय सिंह चौहान ने लोगों से सौहार्द बनाने की बात कही। उन्होंने कहा कि सभी लोग संयम से काम लें और इंटरनेट मीडिया के अफवाहों पर बिल्कुल भी ध्यान मत दें।

सदर सीओ ने कहा कि अफवाह फैलाने वालों की निगरानी पुलिस की साइबर सेल द्वारा भी की जा रही है, इसके अलावा अगर किसी भी प्रकार की अफवाह किसी अन्य माध्यम से फैलाई जाती है तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस प्रशासन को दें। इस दौरान सदर कोतवाल रवि कुमार राय, उपनिरीक्षक रविंद्र सिंह मौजूद रहे।

नौतनवा संवाददाता के अनुसार परसामलिक व नौतनवा थाने में भी गुरुवार को पीस कमेटी की बैठक कर जुमे की नमाज को शांति एवं सौहार्द के वातावरण में पढ़ने का सुझाव दिया गया। परसामलिक थाने के सभागार में बैठक के दौरान तहसीलदार मुकेश कुमार सिंह, थानाध्यक्ष गोरखनाथ सरोज मौजूद रहे।

वहीं नौतनवा में बैठक में उपजिलाधिकारी रामसजीवन मौर्य व सीओ धीरेन्द्र कुमार उपाध्याय शामिल रहे। आनंदनगर संवाददाता के अनुसार फरेंदा कोतवाली में उपजिलाधिकारी दिनेश कुमार मिश्र की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक संपन्न हुई।

## एक नजर में

### प्रशासन ने सड़क से हटाया अतिक्रमण

जासं, आनंदनगर : प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लोक विद्यापीठ नगर में अस्पताल तक जाने वाली सड़क पर हुए अतिक्रमण को प्रशासन ने हटवा दिया। उपजिलाधिकारी दिनेश कुमार मिश्र, पुलिस क्षेत्राधिकारी कोमल प्रसाद मिश्र, नायब तहसीलदार फरेंदा रवि यादव की देख रेख में सड़क की पैमाइश लेखपाल ने की। (जासं.)

### यातायात नियमों के उल्लंघन में 240 वाहनों का चालान

**महराजगंज:** विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस ने अभियान चलाकर बिना हेलमेट, तीन सवारी, चार पहिया वाहनों में बिना सीट बेल्ट के कुल 240 वाहनों का चालान किया है। इसी प्रकार 21 वाहन चालकों से 18500 रुपये का जुर्माना भी वसूल किया। (जासं.)

### अपहरण का मुकदमा

चौक बाजार : किशोरी को भगाने के मामले में चौक पुलिस ने गुरुवार को थाना क्षेत्र के गांव निवासी आरोपित हरपाल के विरुद्ध अपहरण का मुकदमा दर्ज किया है। (जासं.)

# तीन लोगों की हत्या के मामले में महिला को आजीवन कारावास की सजा

**जागरण संवाददाता, महराजगंज:** 20 वर्ष पूर्व श्यामदेउरवा के परसौना में भूमि विवाद को लेकर दो बेटियां और मां की हत्या के मामले में जिला न्यायालय ने मृतका की देवरानी शांति देवी को दोषी ठहराया है। हत्या के आरोप में दोषी मानते हुए न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा के साथ 10 हजार रुपये का अर्थदंड की सजा भी सुनाई है। अर्थदंड का भुगतान न करने पर एक वर्ष का अतिरिक्त सजा बढ़ाने का भी आदेश है।

परसौना गांव में कैलाश यादव व उनके भाई रामबेलास के बीच भूमि को लेकर कुछ विवाद था। रामबेलास की मृत्यु के बाद कैलाश के स्वजन की नजर उनकी संपत्ति पर थी। आरोप था कि 28 मई 2002 को आरोपित पक्ष में कैलाश, उनकी पत्नी शांति देवी, मां श्यामराजी व तीन अन्य बदमाशों ने मिलकर रामबेलास की पत्नी मंशा देवी व दो बेटियों सनम व संगम की हत्या कर तीनों शव को बोरे में रखकर नदी में फेंकने के लिए निकले थे। इसी दौरान ग्रामीणों ने उन्हें रंगे हाथों पकड़ लिया था। तीन लोगों की हत्या के बाद गांव में हड़कंप मच गया। पुलिस पहुंचती उसके पूर्व ही ग्रामीणों ने मारपीट कर एक बदमाश की मौके पर ही हत्या कर दी थी। बाद में श्यामदेउरवा पुलिस ने कैलाश यादव, उनकी पत्नी शांति और मां श्यामराजी के अलावा तीन अज्ञात बदमाशों के विरुद्ध मंशा देवी व सनम व संगम की हत्या का मुकदमा दर्ज किया था। विवेचना के बाद पुलिस ने कैलाश की मां श्यामराजी और पत्नी शांति देवी के विरुद्ध न्यायालय में चार्जशीट दाखिल किया था। मुकदमे की सुनवाई के दौरान श्यामराजी की मृत्यु हो गई। इधर गुरुवार को गवाहों की गवाही और साक्ष्यों के आधार पर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने मामले में आरोपिता शांति देवी के विरुद्ध सजा सुनाई है।

# तीन अभियुक्त गिरफ्तार

नौतनवा, महराजगंज : सोनौली पुलिस ने नशीली दवाओं, तीन अदद मोबाइल फोन व एक बाइक सहित तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। इनमें नौतनवा के गौतमबुद्धनगर वार्ड के राहुल प्रजापति, फुलगली वार्ड के संजय शर्मा तथा सोनौली थाना के सुकरौली के आमिर खान को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।(जासं.)

# छापेमारी में कच्ची व नेपाली शराब बरामद

**जासं, निचलौल :** गांव बजही टोला पिपरपाती में आबकारी व पुलिस की संयुक्त छापेमारी में पांच घरों से 90 लीटर कच्ची व 265 शीशी नेपाली शराब बरामद हुई। मौके से पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया।

आबकारी निरीक्षक राकेश यादव ने बताया कि पांच आरोपितों रामभुवन, रमेश, अकली, उदयी व महेंद्र को गिरफ्तार कर लिया गया, जिन्हें कार्रवाई कर जमानत दे दी गई। छापेमारी के दौरान आबकारी निरीक्षक राकेश यादव के साथ उपनिरीक्षक हौसिला प्रसाद मौजूद रहे।

# जिले में पुलिस ने किया पैदल मार्च

**महराजगंज।** जिले के सभी थाना क्षेत्रों में बृहस्पतिवार को पुलिस दंगा नियंत्रण पूर्वाभ्यास किया। इसके बाद पुलिस ने पैदल मार्च कर सुरक्षा का एहसास कराया।

शुक्रवार को जुमे की नमाज को देखते हुए पुलिस ने संवेदनशील स्थानों पर पैदल मार्च किया। किसी भी विषम परिस्थिति से निपटने के लिए पूर्वाभ्यास किया गया। यह जानकारी एसपी कार्यालय के सोशल मिडिया सेल द्वारा दी गई। संवाद

# बाइक की टक्कर में एक घायल

**पनियरा।** मुजुरी पनियरा मार्ग पर कुआचांप पेट्रोल पंप के पास दो बाइक की आमने-सामने टक्कर में माधोनगर निवासी रामू (25) गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसे स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से चौरी चौराहे पर स्थित एक निजी क्लिनिक पर भर्ती कराया गया। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। संवाद

# कोई भी धर्म हमें आपसी बैर की सीख नहीं देता

## शांति कमेटी की बैठक में सभी धर्मों के लोग हुए शामिल

संवाद न्यूज एजेंसी

**नौतनवां / परसामलिक/बृजमनगंज।** थाना परिसर में बृहस्पतिवार को धर्म गुरुओं की बैठक की गई। इसमें सभी धर्मों के लोगों से मिलजुल कर रहने की अपील की गई। एसडीएम राम सजीवन मौर्य ने कहा कि कोई भी धर्म हमें आपसी बैर की सीख नहीं देता है। हमें आपस में हमेशा एकजुटता के साथ त्योहारों को संपन्न कराना चाहिए।

सीओ धीरेन्द्र कुमार उपाध्याय ने कहा कि कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से आपत्तिजनक पोस्ट कर लोगों को भड़काने का प्रयास किया जाता है, लेकिन हम सभी को इससे बचते हुए बुद्धिमानी का परिचय देना चाहिए। ताकि कोई भी हमारी एकता और अखंडता को खंडित न कर सके। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार पांडेय, अतिरिक्त निरीक्षक रामाश्रय यादव, एसएसआई देवेंद्र सिंह, चौकी प्रभारी राजेंद्र सिंह, योगेश्वर पांडेय, अमित यादव आदि मौजूद रहे।

परसा मलिक थाना परिसर में बैठक के दौरान तहसीलदार मुकेश कुमार सिंह ने क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। थानाध्यक्ष गोरखनाथ सरोज, ग्राम प्रधान अनिल कुमार पासवान, बच्चू सिंह, राजू पासवान, नुरुल्लाह आदि मौजूद रहे। बृजमनगंज पुलिस ने बृहस्पतिवार को क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों एवं धर्म गुरुओं के साथ थाना परिसर में बैठक की। जिसमें शांति व्यवस्था कायम रखने पर जोर दिया गया। क्षेत्राधिकारी फरेंदा कोमल प्रसाद मिश्र ने क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए लोगों से सहयोग की अपील भी। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक चंद्रहास मिश्र, उपनिरीक्षक उमाकांत सरोज, चौकी इंचार्ज लेहड़ा डीके पांडे, उपनिरीक्षक प्रिंस कुमार आदि मौजूद रहे।



धर्म गुरुओं के साथ बैठक करते सीओ फरेंदा कोमल प्रसाद मिश्र। संवाद

### शांति व्यवस्था कायम रखने पर जोर

**बृजमनगंज।** पुलिस ने बृहस्पतिवार को क्षेत्र के संभ्रांत लोगों एवं धर्म गुरुओं के साथ थाना परिसर में बैठक की। इसमें शांति व्यवस्था कायम रखने पर जोर दिया गया। क्षेत्राधिकारी फरेंदा कोमल प्रसाद मिश्र ने क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए लोगों से सहयोग की अपील की। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक चंद्रहास मिश्र, उपनिरीक्षक उमाकांत सरोज, चौकी इंचार्ज लेहड़ा डीके पांडे, उपनिरीक्षक प्रिंस कुमार आदि मौजूद रहे। संवाद

# 10 लीटर कच्ची शराब बरामद

लक्ष्मीपुर। वन ग्राम तिकोनिया नर्सरी में छापा मारकर बृहस्पतिवार को पुलिस से 10 लीटर कच्ची शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया।

चौकी प्रभारी अंकित सिंह ने बताया कि अभियान के दौरान 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ अवधेश साहनी निवासी तिनकोनिया को गिरफ्तार किया गया। उसका चालान कर दिया गया है। संवाद

# BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 10-06-2022

# जाति प्रमाण पत्र के लिए धरना जारी

बस्ती। आदिवासी विकास सेवा संस्थान के बैनर तले धुरिया जाति के लोग अनुसूचित जाति/ जनजाति प्रमाण पत्र के लिए नौ मई 2022 से अमहट घाट पर धरना दे रहे हैं। बिरादरी के लोगों का कहना है कि केंद्र सरकार के आदेश के बावजूद बस्ती जिला प्रशासन उन्हें अजा/जजा का प्रमाण पत्र नहीं जारी कर रहा है।

धरने में शामिल जगराम धुरिया, राजनारायण धुरिया, रमेश धुरिया, अमित धुरिया, सुरेंद्र कुमार, हौसिला प्रसाद, शिव प्रसाद, अनुज, लालजी धुरिया आदि ने कहा कि जाति प्रमाण नहीं मिलने तक धरना जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के आदेश के बावजूद आखिर प्रमाण पत्र क्यों जारी नहीं किया जा रहा है, यह समझ से परे है।

# चुपके से रचा रहा था दूसरी शादी, पहुंच गई पहली पत्नी

**धोखेबाजी**

- लालगंज के एक गांव में बुधवार की रात चल रहा था शादी समारोह
- नगर व लालगंज पुलिस संग पहुंची पहली पत्नी ने रुकवा दी शादी

कुदरहा/ बनकटी, हिन्दुस्तान संवाद। पहली पत्नी के होते हुए चुपके से दूसरी शादी रचाना एक व्यक्ति को भारी पड़ गया। शादी के दिन स्टेज पर जयमाल होने के बाद पहली पत्नी लालगंज व नगर थाने की पुलिस टीम के साथ आयोजन स्थल पर पहुंच गई। पुलिस देख सब आवाक रह गए।

शादी को रूकवाने के साथ ही दूल्हे की पहली शादी के बारे में घराती पक्ष को जानकारी दी। यह जान वधू पक्ष लोगों ने भी शादी से इंकार कर दिया। पुलिस के अनुसार सहमति पत्र लिखवाने के बाद पहली पत्नी दूल्हा बने अपने पति को साथ लेकर चली गई।

जनपद के परसरामपुर थाना क्षेत्र के लालपुर गांव निवासी राम यादव की शादी करीब दस वर्ष पूर्व इसी थाना क्षेत्र की रहने चंद्रावती से हुई थी। दोनों की एक साल साल की बच्ची भी है। शादी के कुछ वर्ष बाद पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर आपसी मतभेद हो गया। प्रकरण पारिवारिक कोर्ट में चल रहा है। चंद्रावती के अनुसार राम यादव ने उसे बिना जानकारी दिए लालगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में अपनी दूसरी शादी तय कर ली।

बारात लेकर बुधवार को शादी करने भी पहुंच गया। इसकी जानकारी होते ही चंद्रावती पहले नगर थाने गई तो पता चला कि बारात वाला गांव लालगंज थाना क्षेत्र में पड़ता है। इसके बाद वह लालगंज थाने पर पहुंची। इसके बाद पुलिस व अपनी बच्ची को साथ लेकर उस गांव पहुंच गई, जहां उसका पहला पति दूसरी शादी रचा रहा था।

पहली पत्नी को देखते ही दूसरी शादी रचाने वाले पति के होश उड़ गए। इस घटना से शादी समारोह में अफरा-तफरी का माहौल हो गया। पुलिस के बताए अनुसार लड़की पक्ष के लोग भी दूल्हे की दूसरी शादी की बात से अनजान थे। लिहाजा इसकी जानकारी होते ही उन्होंने खुद शादी से मना कर दिया।

इसके बाद पहली पत्नी ने एक सहमति पत्र लिखकर पुलिस को सौंपा और अपने पति को इस शर्त पर साथ ले गई कि जब पुलिस थाने पर बुलाएगी तो हाजिर होना होगा।

# गांजा लेकर न्यायालय में घुसते एक गिरफ्तार

बस्ती। पुलिस ने न्यायालय में गांजा लेकर घुसते समय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान रितेश तिवारी निवासी पाऊं थाना कलवारी के रूप में हुई। कोतवाल संजय ने बताया कि उसके पास से छह सौ ग्राम गांजा बरामद किया गया। एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया। टीम में चौकी प्रभारी सर्वेश, प्रभारी चौकी जेल गेट चंद्र प्रकाश यादव, हेड कांस्टेबल अजीत आदि मौजूद रहे।

# नशीली दवा संग एक गिरफ्तार

बस्ती। कलवारी पुलिस ने 103 टैबलेट अल्प्राजोलम (नशीली दवा) संग एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष प्रदीव सिंह ने बताया कि बुधवार की रात करीब दस बजे आरोपी मोहम्मद इमरान निवासी टेमा थाना नगर जनपद बस्ती को 103 टैबलेट अल्प्राजोलम के साथ कुसौरा बाजार स्थित शिव तिराहे से गिरफ्तार किया गया। उस पर एनडीपीएस के तहत केस दर्ज किया गया है।

# पुलिस के हत्थे चढ़ा शातिर बदमाश

- बाराबंकी में मैरेज हाउस में चोरी के मामले में चल रहा था वांछित
- कप्तानगंज थाने में दर्ज हैं कई मुकदमे, पूर्व में जेल भी जा चुका है

कप्तानगंज, हिन्दुस्तान संवाद। कप्तानगंज पुलिस व स्वाट की संयुक्त टीम ने एक शातिर बदमाश को अवैध असलहा और चोरी के रुपयों के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी बाराबंकी जिले में एक मैरेज हाल में हुई चोरी के मामले में वांछित चल रहा था। तलाश में बाराबंकी पुलिस कई दफा कप्तानगंज आ चुकी थी। सूचना बाराबंकी पुलिस को भी दी गई है।

सीओ कलवारी विनय चौहान ने बताया कि गुरुवार को दोपहर में करीब डेढ़ बजे मुखबिर की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक कप्तानगंज शशांक शेखर राय और स्वाट टीम प्रभारी संतोष कुमार ने गढ़हा गौतम गांव के रहने वाले शातिर रौनक सिंह को सर्विस लेन पर नहर के पास से दबोच लिया। तलाशी में उसके पास से कट्टा और 13 सौ रुपए नगद बरामद हुआ। पता चला कि रौनक सिंह ने 27 अप्रैल की रात बाराबंकी जिले के कोटवाधाम जाने वाले रास्ते पर स्थित मैरेज हाउस से लाखों रुपए का जेवर और नगदी चुराया था। बाराबंकी पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर उसकी तलाश में कई दफा कप्तानगंज क्षेत्र में पहुंची थी।

पूछताछ में रौनक सिंह ने बाराबंकी में हुई चोरी की घटना को कबूल करते हुए बताया कि जेवरात को उसने फैजाबाद में बेच दिया था। बताया कि सुनसान जगह पर किसी को अकेला देखकर छिनैती करता है। इसी सिलसिल में वह गुरुवार को नहर के पास बैठा था।

सीओ विनय चौहान ने बताया शातिर रौनक सिंह के ऊपर कप्तानगंज थाने में भी चोरी के मुकदमें दर्ज हैं। पूर्व में वह जेल भी जा चुका है। आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया।

# शादी का झांसा देकर युवती का करता रहा शोषण, केस

- सितंबर 2019 को दवा लेने गई युवती संग हुआ था दुष्कर्म
- पांच जून को मां के साथ शादी की बात करने पर भड़का डॉक्टर

बस्ती, निज संवाददाता। दवा लेने के लिए मेडिकल स्टोर पर गई एक किशोरी के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। विरोध करने पर आरोपी चिकित्सक पर शादी का झांसा देकर करीब तीन साल तक शारीरिक शोषण करते रहने का आरोप है। शादी के लिए कहने पर मारपीट कर धमकी देने के बाद पीड़िता की तहरीर पर परसरामपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

परसरामपुर थानाक्षेत्र की रहने वाली सोलह वर्षीय पीड़िता ने थाने पर तहरीर देकर बताया है कि सितंबर 2019 को तबीयत खराब होने पर दवा लेने मेडिकल स्टोर पर गई थी। आरोप है कि यहां पर डॉ. सुभाष गुप्ता ने एक खुराक दवा देकर कहा कि दवा खाकर बेंच पर आराम करो। दवा खाने के बाद मैं बेहोश हो गई। बेहोशी की हालत में डॉक्टर ने बलात्कार किया। विरोध करने पर डॉक्टर ने शादी करने का भरोसा दिलाया। इसके बाद शादी का झांसा देकर वह शारीरिक शोषण करता रहा। पांच जून 2022 को जब अपनी मां के साथ शादी की बात करने डॉक्टर के पास गई तो वह भड़क गया। अपशब्दों का प्रयोग करते हुए वह और उसके दो भाईयों ने मारापीटा। बीच-बचाव में आई मां को भी मारपीट कर जानमाल की धमकी दी। थानाध्यक्ष अरविंद शाही ने बताया कि आरोपी सुभाष गुप्ता समेत तीन पर दुष्कर्म, पाक्सो का केस दर्ज किया है।

# बेहोशी की हालत में मिली युवती की मौत, मुकदमा दर्ज हुआ

सल्टौआ, हिसं। सोनहा थाना क्षेत्र के नरखोरिया (उत्तर पुरवा) में तीन जून को बेहोशी की हाल में मिली युवती की इलाज के दौरान लखनऊ में मौत हो गई। मृतका के परिजनों ने गांव के रहने वाले पिता-पुत्र पर मारपीट कर आरोप लगाया है। थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी सोनू व उसके खिलाफ के खिलाफ गैरइरादतन हत्या समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी गई है।

नरखोरिया (उत्तर पुरवा) निवासी बशंराज ने सोनहा थाने पर तहरीर देकर आरोप लगाया है कि 3 जून 2022 की रात करीब साढ़े नौ बजे गांव के रहने वाले सोनू व उसके पति हरिकेश ने मेरी बेटी मंजू (22) को मारपीट कर घायल कर दिया था। देर रात मैनिहवा मोड़ के पास घायल अवस्था में छोड़कर भाग गए थे। बेटी को इलाज के लिए लखनऊ ले गए थे। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# दो विवाहिताओं के उत्पीड़न में आठ पर केस

**कार्रवाई**

**बस्ती, निज संवाददाता।** महिला थाना और सोनहा पुलिस ने दहेज के लिए विवाहिताओं को प्रताड़ित करने के आरोप में आठ ससुरालियों के खिलाफ मुकदमा कायम किया है।

महिला थाना में तहरीर देकर गौर थाना क्षेत्र की रहने वाली सुमन ने बताया है कि उसकी शादी सिद्धार्थनगर डुमरियागंज थानांतर्गत महूआरा निवासी सुजीत कुमार के साथ हुई है। उसका आरोप हैकि ससुरान में दहेज में दो लाख रुपये की मांग को लेकर पतिस, ससुर महेश, सास रेखा, ननद रीमा व सीमा ने प्रताड़ित किया। मारपीट कर जानमाल की धमकी दी गई। पति ने सीढ़ियों से खींचा, जिससे चोट लगने के कारण उनका गर्भपात हो गया।

वहीं सोनहा थाने पर तहरीर देकर सिद्धार्थनगर जिले के इटवा थाना क्षेत्र की प्रमिला ने बताया है कि उसकी शादी सोनहा थाना क्षेत्र के केवटाखोर निवासी प्रदीप पाल के साथ हुई है।

उनका आरोप है कि ससुराल में दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित किया गया। मारपीट कर जान से मारने की धमकी भी दी गई। पुलिस ने पति प्रदीप, सास राजकुमारी देवी, ससुरा रामनरेश और देवर संदीप पाल के खिलाफ आईपीसी की धारा 498ए, 323, 504, 506 व 3/4 डीपी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस ने उक्त मामलों में केस दर्ज कर विवेचना सौंप दी है।

# 25 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

बभनान। छह माह से फरार चल रहे दुष्कर्म के मामले में वांछित 25 हजार रुपए के इनामी आरोपी को गौर पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। न्यायालय में पेश करने के बाद उसे जेल भेज दिया गया।

प्रभारी निरीक्षक गौर बृजेंद्र पटेल ने बताया कि थाना क्षेत्र के डिंगरभरिया गांव निवासी अमित कुमार शर्मा के विरुद्ध दुष्कर्म समेत कई अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज था। विदित हो कि वह पिछले छह माह से फरार चल रहा था। पुलिस अधीक्षक ने उस पर 25 हजार रुपए का इनाम घोषित कर रखा था। गुरुवार को मुखबिर की सूचना पर उसे क्षेत्र से ही पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया गया है। एसओ ने बताया कि वांछितों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। गिरफ्तार करने वालवी टीम में सर्विलांस सेल प्रभारी दुर्विजय, एसआई पवन कुमार मौर्या, कांस्टेबल जनार्दन, जितेंद्र, रवि कुमार राय, शीलू जायसवाल शामिल रहे।

# फब्तियां कसने में गिरफ्तार

**बस्ती:** वाल्टरगंज पुलिस ने महिलाओं और लड़कियों पर फब्तियां कसने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। थाने के एसआइ विजय कुमार ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि सिहबरा गांव के पास गांव के आने जाने वाली लड़कियों व महिलाओं को देखकर गांव का ही रहने वाला अबू सुफियान अश्लील टिप्पणी व फब्तियां कस रहा था। पुलिस ने उसे अश्लील हरकत के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। (जासं.)

# पांच के विरुद्ध मुकदमा

**बस्ती:** परसरामपुर थाने के हेड कांस्टेबल राम अवधेश ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि बड़ौरा गांव में आयोजित एक बैठक में दो पक्ष भिड़ गए और हाथापाई करने लगे। पुलिस बल पहुंचा। समझाने पर भी दोनों पक्ष नहीं माने और फौजदारी पर अमादा हो गए। इससे लोकशांति तो भंग ही हुई साथ ही संभ्रांत लोग भी बैठक छोड़कर चले गए। पुलिस ने मामले में बड़ौरा निवासी अंसुल दुबे, राम्जनक यादव, विष्णु दुबे, अभिनव, राम्जन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# दूसरी शादी रचा रहा था पुलिस लेकर पहुंची पत्नी

**जागरण संवाददाता, रुधौली, बस्ती :** लालगंज थाने के कम्हरिया गांव में एक व्यक्ति नाम व पता बदल कर दूसरी शादी रचा रहा था, इसी बीच उसकी पत्नी उसे खोजते हुए पुलिस के साथ विवाह मंडप में पहुंच गई। पत्नी ने सबको जब सच्चाई बताई तो वहां हड़कंप मच गया। सच जानने के बाद लड़की के घरवालों ने शादी करने से मना कर दिया।

कम्हरिया गांव में बुधवार को एक युवती की शादी थी। परशुरामपुर थाने के धनुगवां गांव से बरात आयी थी। जयमाल का कार्यक्रम हो चुका था। लोग वर व कन्या को आशीर्वाद दे रहे थे। इसी बीच एक महिला, पुलिस के साथ पहुंच गई। उसके साथ घरवाले भी थे। महिला ने पुलिस की मदद से शादी के कार्यक्रम को रोका तो विवाह मंडप में हडकंप मच गया। परशुरामपुर के किशुनपुर की रहने वाली चंद्रावती ने बताया कि जिस युवक की शादी हो रही थी उसकी पहले ही उनके साथ शादी हो चुकी है। दोनों से एक छह वर्ष की बच्ची भी है। यह सुनकर लड़की के घरवाले अवाक रह गए। इसके बाद चंद्रावती और घर के लोग युवक को पकड़ कर नगर थाने पहुंचे तो वहां पुलिस ने कहा कि वे उसे परशुरामपुर थाने ले जाए। पीड़िता ने बताया कि 2009 में उसकी शादी दूसरी शादी रचाने गए रामभगत से हुई थी। बेटी पैदा होने के बाद दोनों के बीच न्यायालय में मुकदमा चल रहा है। मामले में समझौते के लिए उनके पति के जीजा ने घर बुलाया था। इसके बाद उनके मौसा व परिवार के लोग गए तो उनसे कहा गया कि 12 को रामभगत मुंबई से आएंगे। बाद में पता चला कि वह चार जून को ही आ गए। इसी बीच पता चला कि वह दूसरी शादी करने जा रहे हैं तो इसकी शिकायत परशुरामपुर पुलिस से की गई। इसी बीच पति के दूसरी शादी का कार्ड हाथ लग गया। इसी के आधार पर वह मौके पर पहुंची। बताया कि उन्होंने जब पति को नगर पुलिस के हवाले करना चाहा तो पुलिस ने दूसरे थाने का मामला बता कर परशुरामपुर जाने को कहा। गुरुवार की सुबह जब वह वहां पहुंची तो उन्हें एसपी कार्यालय जाने को कहा गया। वहां पहुंची तो फिर से परशुरामपुर थाने पर जाने को कहा गया। परशुरामपुर के थानाध्यक्ष अरविंद कुमार शाही ने बताया कि दोनों पक्षों ने आपस में सुलह समझौता कर लिया है। वहीं एसपी आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में नहीं है। नगर और कलवारी पुलिस से इस बारे में जानकारी लेकर जरूरी कार्यवाही की जाएगी।

# गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

**बस्ती :** कोतवाल संजय कुमार और उनकी टीम ने न्यायालय मार्ग के गेट नंबर–दो से गुरुवार को गांजा लेकर न्यायालय में घुसते समय आरोपित रितेश तिवारी निवासी पाऊं थाना कलवारी को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से 600 ग्राम गांजा बरामद हुआ है। आरोपित के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। (जासं.)

# चाकू से वार कर किया घायल, मुकदमा

**बस्ती :** सोनहा थाने के जांता करमा गांव निवासी बाबू अली ने वाल्टरगंज पुलिस को तहरीर तहरीर देकर बताया है कि वे वाल्टरगंज के देईपार गांव में रिश्तेदार के घर आए हुए थे। यहां खाना खाने की बात को लेकर एक व्यक्ति से कहासुनी हो गई। आरोप लगाया है कि सोनहा के बड़ोखर बाजार निवासी तसव्वर अली ने गुस्से में आकर चाकू हमला कर दिया। जिसमें उनके अलावा अल्ताफ, सुल्तान, सहजाद, रेशमा, मोबीना खातून व अरशद भी घायल हो गए। तहरीर के आधार पर पुलिस आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर आरोपित की तलाश कर रही है।

# तमंचा व चोरी के रुपयों के साथ धराया युवक

**जासं,गौरा,बस्ती :** कप्तानगंज पुलिस व स्वाट टीम की संयुक्त टीम ने गुरुवार को एक युवक को तमंचा व चोरी के रुपये बरामद किया है।

प्रभारी निरीक्षक कप्तानगंज शशांक शेखर राय ने बताया कि कप्तानगंज चौराहे पर वह उप निरीक्षक राजेश कुमार गुप्ता, हेड कांस्टेबल गोरख सिंह, कांस्टेबल विनय ओझा, विजय कुमार यादव, शुभम सिंह के साथ संदिग्ध वाहन का चेकिंग कर रहे थे। यहां पहले से स्वाट टीम पहले से मौजूद थी। इसी बीच दुबौला चौकी प्रभारी जय प्रकाश चौबे पहुंच गए। इसके बाद टीमें गस्त पर निकली।

तभी हाईवे पर गढहा गौतम के निकट एक संदिग्ध युवक नहर पुलिया पर बैठा दिखाई दिया। जैसे ही पुलिस उसकी तरफ बढ़ी तो उस युवक ने पुलिस टीम पर फायर कर दिया। पुलिस अपना बचाव करते हुए उसे धर दबोचा। तलाशी के दौरान उसके पास एक तमंचा व चोरी के 1320 रुपये बरामद हुए। आरोपित ने अपनी पहचान रौनक सिंह निवासी गढहा गौतम थाना कप्तानगंज बताई। पूछताछ में उसने बताया कि उसने 27 अप्रैल 22 की रात बाराबंकी के कोटवाधाम स्थित एक बारात घर से दो जोड़ी पायल , बिछिया, एक जोड़ी चांदी का कड़ा, सोने का मंगलसूत्र, सोने की कील, एक स्मार्ट फोन व एक लेडिज पर्स जिसमें 13000 रुपये नकदी थे को चुराया था। दो अन्य पर्स भी चुराया था जिसमें कुल 8200 रुपये थे। चुराए सामान को फैजाबाद में एक ज्वैलर्स की दुकान पर बेंच दिया था। उससे मिले पैसे से अपना खर्चा चलाता था। उसी में से 1320 बचें थे। पुलिस ने आरोपित खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।


# घास काटने गई किशोरी से छेड़खानी, मुकदमा

**बस्ती** : कप्तानगंज थाना क्षेत्र के रहने वाले एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि पहली जून को उनकी 16 वर्षीय बेटी खेत में घास काटने के लिए गई थी। इसी दौरान गांव के रहने वाले अखिलेश ने वहां पहुंचकर जबरदस्ती उनकी बेटी का हाथ पकड़ लिया और छेड़खानी की। विरोध करने पर जानमाल की धमकी दी। पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपित की तलाश शुरू कर दी है। (जासं.)

# बरात में अगुवाई के दौरान मारपीट, मुकदमा

**जासं, बस्ती :** क्षेत्र के देईपार जोगीबारी गांव में बुधवार की रात आई एक बरात की अगुवानी के दौरान बरातियों से गांव के कुछ लोगों की मारपीट हो गई। मारपीट में तीन बराती घायल हो गए। घटना की जानकारी लड़की के पिता ने डायल 112 पर दी।

घायलों के साथ जिला अस्पताल पहुंचे दूल्हे व उसके परिवारीजनों से थानाध्यक्ष ने बातचीत कर उन्हें समझा-बुझाकर शादी के लिए राजी किया। इसके बाद देर रात करीब तीन बजे शादी की रस्में शुरू हुईं। इस दौरान पुलिस बल वहां मौजूद रहा। थानाध्यक्ष ने बताया कि बारात मुंडेरवा थाना क्षेत्र के कुम्हिया गांव से आई थी। मारपीट के बाद बरात वापस चली गई। वर पक्ष को समझाकर शादी सम्पन्न करा दी गई है। वर पक्ष की तरफ मिली तहरीर के आधार पर जोगीबारी गांव निवासी गोलू समेत दस लोगों पर केस दर्ज कर मामले की छानबीन की।



# शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने किया मार्च

## नगर, कलवारी, रुधौली, लालगंज पुलिस ने किया लोगों को जागरूक

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** जनपद के विभिन्न थानाक्षेत्रों में पुलिस ने सुरक्षा व शांति व्यवस्था के लिए बृहस्पतिवार को मार्च किया।

नगर बाजार प्रतिनिधि के मुताबिक कस्बे व आसपास के क्षेत्रों में पुलिस ने अपराध रोकने के लिए थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार तिवारी के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों ने मार्च किया। उन्होंने व्यापारियों से प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी लगाने पर जोर दिया। धार्मिक स्थलों के आसपास व पोखरनी चौराहा, मदारपुर, अक्सडा चौराहा, कोठवा भरतपुर, बक्सर समेत ग्रामीण क्षेत्रों के धार्मिक स्थलों के आसपास भी मार्च किया गया।

बनकटी प्रतिनिधि के मुताबिक थानाक्षेत्र में शांति व्यवस्था के लिए दंगा नियंत्रण उपकरणों से लैस होकर थानाध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह सहित पुलिसकर्मियों ने देईसांड़, बनकटी,



लालगंज में फ्लैग मार्च करते पुलिसकर्मी। संवाद

महादेवा व लालगंज कस्बे में मार्च किया। उपनिरीक्षक भगवान सिंह, विजय गौतम, आशुतोष शुक्ला, किरन भास्कर, कांस्टेबल महेंद्र सिंह चौहान, प्रिया मिश्रा, रामवृक्ष यादव, राम मिलन, अमित कुमार समेत थाने के पुलिसकर्मी शामिल हुए।

कलवारी प्रतिनिधि के अनुसार थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह के नेतृत्व में कुसौरा बाजार व गायघाट में संवेदनशील स्थानों पर दंगा नियंत्रण उपकरणों के साथ गश्त किया गया तथा जनता से संवाद स्थापित किया गया।

रुधौली ने प्रभारी निरीक्षक राम कृष्ण मिश्र के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बखरिया, रुधौली, बहादुरपुर, मुड़ियार, हनुमानगंज, बिशुनपुरवा, पटवरिया, अतरडीहा आदि स्थानों पर मार्च किया।

# दूसरी शादी कर रहा था युवक पुलिस के साथ पहुंची पत्नी

## परशुरामपुर क्षेत्र का युवक लालगंज थानाक्षेत्र में ले गया था बरात

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** पहले से शादीशुदा युवक दूसरी शादी करने बरात लेकर पहुंच गया। इधर सूचना पाकर पत्नी भी पुलिस लेकर पहुंच गई। पुलिस को देख घरातियों-बरातियों में खलबली मच गई। अंततः शादी रोक दी गई और युवक को पत्नी के साथ जाना पड़ा।

पुलिस के अनुसार लड़की पक्ष के लोग भी दूसरी शादी की बात से अनजान थे। लिहाजा इसकी जानकारी होते ही उन्होंने खुद शादी करने से मना कर दिया। इसके बाद पत्नी ने एक सहमति पत्र लिखकर पुलिस को सौंपा और पति को इस शर्त पर साथ ले गई कि जब पुलिस थाने पर बुलाएगी तो हाजिर होना होगा।

पुलिस के मुताबिक परशुरामपुर थानाक्षेत्र के लालपुर गांव निवासी राम यादव की करीब दस वर्ष पहले इसी थाना क्षेत्र की रहने वाली चंद्रावती से शादी हुई है। उनकी एक साल की बेटी भी है। कुछ समय बाद पति-पत्नी में मतभेद है। मामला पारिवारिक न्यायालय में चल रहा है। इसी दौरान राम यादव ने लालगंज थानाक्षेत्र में दूसरी शादी तय कर ली।

### पुलिस के साथ पहुंची पत्नी ने रुकवाई शादी

बुधवार को वह बरात लेकर शादी करने पहुंचा। इस बात की भनक पत्नी चंद्रावती को लग गई। उसे पता चला कि नगर थानाक्षेत्र में बरात गई है। इसलिए वह बेटी को लेकर पहले नगर थाने पर पहुंची। वहां पता चला कि बरात वाला गांव लालगंज थानाक्षेत्र में है। इसके बाद वह लालगंज थाने पर पहुंची। वहां से पुलिस साथ लेकर उस गांव में पहुंच गई, जहां उसका पति दूसरी शादी रचा रहा था। उस समय जयमाल आदि हो चुका था और आशीर्वाद का कार्यक्रम चल रहा था। पत्नी को देखते ही राम यादव को मानो सांप सूंघ गया। सब लोग एक-दूसरे का मुंह ताकने लगे। कई बराती-घराती माहौल देख खिसक लिए।

## द्वारपूजा में मारपीट, मंडप से भागा दूल्हा

**महराजगंज (बस्ती)।** द्वार पूजा में बराती और गांव वालों के बीच मारपीट हो गई। दूल्हे के भाई समेत चार बराती घायल हो गए। घटना से नाराज दूल्हा मंडप छोड़कर भाग गया। पुलिस समझा-बुझाकर कर दूल्हे को वापस ले गई और शादी कराया। मुंडेरवा थानाक्षेत्र के कुमरहिया (मिश्रौलिया) गांव से पुरानी बस्ती थानाक्षेत्र के देईपार गांव में बरात आई थी। बरातियों का जलपान कराने बाद द्वार पूजा के लिए जनवासे से बरात चली। बरात गांव में पहुंचने पर कुछ ग्रामीणों और बरातियों में कहासुनी होने लगी। कुछ ही देर में गांव के लोग लाठी-डंडा और सरिया लेकर बरातियों पर टूट पड़े। घटना में दूल्हे के भाई सुनील कुमार, संदीप कुमार, सुजीत कुमार और राजू घायल हो गए। मारपीट के बाद गांव में अफरातफरी मच गई। सूचना पर पुरानी बस्ती के एसओ आलोक श्रीवास्तव फोर्स के साथ पहुंचे। मारपीट में शामिल चार लोगों को हिरासत में लेकर घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। एसओ ने बताया कि वर पक्ष की तहरीर पर केस दर्ज करके चार लोगों गिरफ्तार कर लिया गया है। संवाद

## गांजा के साथ एक गिरफ्तार

**बस्ती।** जनपद न्यायालय में गांजा लेकर घुसते समय एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पूछताछ में पकड़े गए युवक की पहचान रितेश तिवारी निवासी पाऊं थाना कलवारी के रूप में की गई। सिविल लाइंस चौकी प्रभारी सर्वेश कुमार ने बताया कि उसके पास से 600 ग्राम गांजा बरामद किया गया। एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया। संवाद

## नशीली दवा के साथ युवक गिरफ्तार

**कलवारी।** पुलिस ने लुंबिनी दुद्धी मार्ग के शिव तिराहे से एक युवक को नशीली दवा के साथ गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि बुधवार रात गश्त के दौरान शिव तिराहे पर एक संदिग्ध युवक दिखाई दिया। वह पुलिस की गाड़ी को देखकर भागने लगा। साथ में मौजूद आरक्षी ने दौड़ाकर उसे पकड़ लिया। उसकी तलाशी ली गई तो 103 गोली अल्प्राजोलम बरामद हुई। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम मोहम्मद इमरान निवासी टेमा थाना नगर बताया। उसके विरुद्ध मादक द्रव्य अधिनियम में मुकदमा पंजीकृत कर बृहस्पतिवार को चालान कर दिया गया। संवाद

SIDDHARTH NAGAR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 10-06-2022

# कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाने पर जोर

जागरण संवाददाता, बांसी, सिद्धार्थनगर : नवागत प्रभारी निरीक्षक थाना पथरा बाजार बलजीत कुमार राव ने थाने के आरक्षी व उपनिरीक्षकों के साथ बैठक कर कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने पर जोर दिया। कहा हमारी पहली प्राथमिकता रात्रि गश्त में मुस्तैदी व अपराध पर अंकुश लगाना है।

उन्होंने सभी बीट की समीक्षा करते हुए कहा कि जिस भी आरक्षी व दारोगा का जो हल्का व गांव हैं वहां के हर छोटी बड़ी घटनाओं पर विशेष निगाह रखी जाए। क्षेत्र में कोई वांछित व वारंटी है तो उस पर निगाह रखने के साथ उसे कोर्ट में प्रस्तुत किया जाए।

इस दौरान उन्होंने थाना क्षेत्र के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की तथा अपराध व अपराधियों पर अंकुश हेतु कार्य योजना बनाकर कार्य करने को कहा। बीट रोस्टर, महिला सशक्तिकरण एवं भूमि विवाद संबंधी विषयों पर भी गहनता से चर्चा की गई।

# योग दिवस पर होगा भव्य कार्यक्रम पांच हजार लोग होंगे शामिल



कलेक्ट्रेट में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के संबध में आयोजित बैठक उपस्थित अधिकारी। विज्ञप्ति

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जनपद स्तर पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस कार्यक्रम में लगभग पांच हजार लोगों की संख्या होगी। ये बातें डीएम संजीव रंजन ने कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में कही।

जिलाधिकारी संजीव रंजन ने कहा कि योग दिवस पर महाविद्यालय, विद्यालय, स्कूलों पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके अलावा

## कलेक्ट्रेट कक्ष में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी के संबंध में हुई बैठक

ग्राम पंचायत तथा नगर पालिका व नगर पंचायतों पर भी कार्यक्रम आयोजित होंगे। क्षेत्रीय आयुर्वेद एवं युनानी अधिकारी डॉ. अशोक कुमार ने बताया कि तहसील स्तर व ब्लॉक स्तर हेतु मास्टर ट्रेनर को कामन योगा प्रोटोकाल का प्रशिक्षण एवं जनपद स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी को कामन योगा प्रोटोकाल के अनुसार योगाभ्यास कराया जायेगा। 21 जून को सुबह सात से आठ बजे तक ग्राम पंचायत स्तर पर सामूहिक योगा का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी पुलकित गर्ग, उपजिलाधिकारी नौगढ़ जग प्रवेश, जिला विद्यालय निरीक्षक अवधेश नारायण मौर्य, जिला विकास अधिकारी शेषमणि सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेंद्र कुमार पांडेय, जिला पंचायत राज अधिकारी आदर्श आदि उपस्थित थे।



शहर के उस्का मार्ग पर मार्च करती पुलिस और एसएसबी की टीम। संवाद

## नेपाल बॉर्डर पर किया मार्च

**बढ़नी।** भारत-नेपाल बॉर्डर पर बृहस्पतिवार शाम पुलिस के जवानों ने मार्च कर लोगों को सुरक्षा का अहसास कराया।

थानाध्यक्ष हरिओम कुशवाहा, तथा चौकी इंचार्ज बृजेश सिंह की अगुवाई में कस्बे में मार्च किया गया। संवाद

# शिकायत निस्तारण में जनपद को सूबे में प्रथम स्थान

**सिद्धार्थनगर।** पुलिस विभाग के आईजीआरएस पोर्टल पर होने वाली शिकायत के निस्तारण में मई माह के रैंकिंग में जिले को प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। आईजीआरएस सेल के प्रभारी और उनकी टीम को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

पुलिस विभाग की जन शिकायतों का निस्तारण ऑनलाइन किया जाता है। पोर्टल पर प्राप्त संदर्भों का एक निश्चित समय दिया जाता है, नियत समयावधि में शिकायत का निस्तारण किया जाना अनिवार्य होता है।

पोर्टल पर विभिन्न माध्यमों से प्राप्त मामले की जांच के लिए जांचकर्ता अधिकारी द्वारा मौके पर जाकर प्रकरण का निष्पक्ष एवं गुणवत्तापरक जांच कर नियमानुसार विधिक कार्रवाई करते हैं। इसी आधार पर प्रदेश स्तर से रैंकिंग की जाती है। अगर शिकायत का समाधान नहीं होता है तो संबंधित पर कार्रवाई भी होती है। मई 2022 की प्रदेश स्तरीय मासिक रैंकिंग में जनपद सिद्धार्थनगर पुलिस को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। इसके लिए आईजीआरएस सेल के प्रभारी राजेश त्रिपाठी और टीम को प्रशस्ति पत्र दिया गया। संवाद



शोहरतगढ़ सीएचसी का निरीक्षण करतीं राज्य महिला आयोग की सदस्य इंद्रवास सिंह व अन्य। संवाद

# मरीजों का हो बेहतर इलाज : इंद्रवास

संवाद न्यूज एजेंसी

## महिला आयोग की सदस्य ने सीएचसी व जेल का निरीक्षण किया

**सिद्धार्थनगर।** राज्य महिला आयोग की सदस्य इंद्रवास सिंह ने महिला जन सुनवाई करते हुए तीन मामलों में एक का समझौता से निस्तारण कराया। उन्होंने सीएचसी शोहरतगढ़ का निरीक्षण भी किया। इस दौरान डॉक्टरों को मरीजों का बेहतर इलाज करने का निर्देश दिया।

पीडब्लूडी गेस्ट हाउस में आयोजित महिला जन सुनवाई एवं जागरूकता कार्यक्रम में महिलाओं से संबंधित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इसके बाद राज्य महिला आयोग की सदस्य इंद्रवास सिंह ने सीएचसी शोहरतगढ़ का निरीक्षण करते हुए सभी वार्डों को देखा।

उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में साफ-सफाई एवं डॉक्टरों को समय से उपस्थित होकर बेहतर इलाज, मरीजों को स्वास्थ्य केंद्र पर उपलब्ध जांच की सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। मरीजों के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा महिला हेल्प डेस्क को भी देखा। इसके बाद जिला जेल में महिला बंदियों से मुलाकात की और उनके खान-पान की जानकारी ली। सुनवाई के दौरान तहसीलदार नौगढ ऋषि राम रमन, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनोद राय, तहसीलदार न्यायिक प्रियंका चैरसिया, प्रीती सिंह, जिला समन्वयक महिला शक्ति केंद्र विवेक मालवीय, अर्पणा विश्वास, साधना पांडेय, संजू, रजनी उपस्थित रही। वहीं, इंद्रवास सिंह ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शोहरतगढ़ का निरीक्षण किया। महिलाओं के इलाज की व्यवस्था देखी और मरीजों के उपचार में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने के निर्देश दिए।

# बेटों ने की थी पिता की हत्या, मां ने दर्ज कराया केस

## दो भाइयों ने हत्या कर शव को गांव से पांच किलोमीटर दूर छिपाया था, जमीन बेचकर रकम बहन को देने से थे नाराज

संवाद न्यूज एजेंसी

सिद्धार्थनगर। लापता पिता की हत्या उसके दोनों बेटों ने ही की थी। पुलिस ने मां की तहरीर पर दोनों के खिलाफ हत्या सहित अन्य धारा में केस दर्ज किया है। बृहस्पतिवार को सदर पुलिस ने शहर के बांसी तिराहा से दोनों आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद दोनों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

सदर थाना में बृहस्पतिवार शाम आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में सीओ सदर प्रदीप कुमार यादव ने बताया

### सदर पुलिस ने बांसी तिराहा के पास से दोनों को पकड़ा

कि क्षेत्र के जगदीशपुर गांव के टोला मधुबेनवा निवासी परशुराम (60) छह जून को संदिग्ध हाल में लापता हो गए। इसकी शिकायत परशुराम के बेटे सोनू ने थाने में की।

गुमशुदगी का केस दर्ज करके पुलिस छानबीन में जुट गई। टीम को जानकारी मिली कि भूमि बेचकर रकम बेटी को देने के विरोध में चार और पांच मई को दोनों बेटे राजाराम और सोनू से



सदर पुलिस की गिरफ्त में हत्या के आरोपी बेटे। संवाद

पिता का विवाद हुआ था। दोनों ने मारपीट भी की थी। इसके बाद टीम को संदेह हुआ। बुधवार शाम को सूचना मिली की क्षेत्र के धौरीकुईया गांव के पास जमुआर नाले के पास शव मिट्टी में दबाया गया है। मौके पर पहुंच गए और शव को बाहर निकाला गया। उधर मृतक की पत्नी सुरसती देवी ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि उसके दोनों बेटों ने ही पति की हत्या की है। हत्या, शव छुपाने सहित अन्य धारा में बुधवार रात में केस दर्ज करके गिरफ्तारी के लिए टीम लग गई। बृहस्पतिवार को बांसी तिराहा से दोनों भाईयों को पकड़ लिया गया। पूछताछ में यह बात सामने आई कि दोनों जमीन बेचने से नाराज थे। इसलिए वारदात को अंजाम दिया।

दोनों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

### हत्या कर शव छुपाया, खुद पहुंचकर दर्ज कराया केस

बाइक से पिता को लेकर गए और हत्या करके शव को छुपा दिया। पुलिस को शक न हो, इसे ध्यान देते हुए छोटे लड़के सोनू ने खुद थाने पहुंचकर पिता की गुमशुदगी का केस दर्ज कराया। केस दर्ज कराने के पीछे उद्देश्य था कि पुलिस और परिवार को लोगों को शक नहीं होगा कि वे हत्या किए हैं।

# पैगंबर हजरत मोहम्मद पर की विवादित टिप्पणी, केस

संवाद न्यूज एजेंसी

डुमरियागंज। पैगंबर हजरत मोहम्मद पर डुमरियागंज नगर के एक युवक द्वारा की गई विवादित टिप्पणी के मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया है। एआईआईएम के जिलाध्यक्ष अजीममुसशान फारूकी की तहरीर के आधार पर कार्रवाई की गई है।

जिलाध्यक्ष फारूकी ने बताया कि डुमरियागंज नगर के वार्ड नंबर 13 हबीबुल्लाह नगर निवासी राजकुमार ने पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब पर विवादित टिप्पणी की है। युवक की टिप्पणी से उनकी भावना को ठेस पहुंचा है और इससे मुस्लिम समुदाय के लोग नाराज हैं। आरोपी के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। पुलिस ने तहरीर और दिए गए साक्ष्य के आधार पर आरोपी के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को ज्ञापन देते समय एआईआईएम के प्रदेश अध्यक्ष पूर्वांचल इरफान मलिक, रहमान, मुकीम, शादाब, रेहान, जुनेद, एहतेशाम, सलमान, शादाब खान, नौशाद आदि भी मौजूद रहे। इस संबंध में डुमरियागंज थानाध्यक्ष सूर्यभान सिंह ने बताया केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# कल शाहपुर चौराहे पर चलेगा अतिक्रमण हटाओ अभियान

डुमरियागंज। तहसील प्रशासन का अतिक्रमण हटाओ अभियान शनिवार को नगर क्षेत्र के शाहपुर चौराहे पर चलाया जाएगा। यह जानकारी एसडीएम प्रदीप कुमार यादव ने दी।

उन्होंने बताया कि नगर क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त कराने के बाद ग्रामीण क्षेत्र के प्रमुख चौराहों से भी अतिक्रमण और कब्जे को हटवाने की कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन के इस अभियान में लोग पूरा सहयोग करें। संवाद

# चहारदीवारी पार करने को बनी सीढ़ी ढहाई



गलत तरीके से बनाई गई सीढ़ी को तोड़ा गया। संवाद

**सिद्धार्थनगर।** माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज से संबद्ध जिला अस्पताल की बाउंड्रीवाल के अंदर बनाई गई सीढ़ी को बृहस्पतिवार शाम को तोड़ दिया गया। दवा व्यापारी इसी रास्ते आते-जाते थे।

**दवा कारोबारी इसी रास्ते आते-जाते थे अस्पताल में**

माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज से संबद्ध जिला अस्पताल की बाउंड्रीवाल पर दोनों तरफ से पक्की सीढ़ी का निर्माण करवा दिया गया था। अस्पताल के निरीक्षण पर निकले मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सलिल श्रीवास्तव को इसकी जानकारी हुई तो कब्जा हटवाने के लिए डीएम से वार्ता करके अवगत कराया। सुरक्षा के संबंध में पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखाकर कार्रवाई की मांग की। मामले को संज्ञान में लेते हुए तहसीलदार आरआर रमन नगर पालिका को बुलडोजर लेकर अस्पताल परिसर में पहुंच गए। यहां सीएमएस डॉ. नीना वर्मा और स्वास्थ्य कर्मियों की मौजूदगी में बुलडोजर चलाकर सीढ़ियां गिरा दी गईं। संवाद

# जिला अस्पताल से अतिक्रमण हटवाया

**सिद्धार्थनगर (एसएनबी)।** माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कालेज से सम्बद्ध जिला चिकित्सालय के पूर्वी बाउंड्री वाल के आसपास मेडिकल स्टोर की दुकानों द्वारा अवैध रूप से अतिक्रमण किया गया था, जिसको तहसीलदार सदर ग्राम ऋषि रमन एवं नगर पालिका के कर्मचारियों द्वारा अवैध अतिक्रमण को बुलडोजर से हटवा दिया।

जिला अस्पताल की मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. नीना वर्मा के प्रार्थना पत्र पर उप जिलाधिकारी सदर जगप्रवेश के निर्देश पर तहसीलदार सदर राम ऋषि रमन नगरपालिका के कर्मचारियों एवं बुलडोजर ले जाकर मौके से अवैध अतिक्रमण को हटवा दिया। मौके पर तहसीलदार सदर ने निर्देश दिया कि इसके बाद भी कोई थोड़ा सा भी अतिक्रमण किया, तो उसके विरुद्ध प्राथमिकता दर्ज कराई जाएगी। इस अवसर पर राजस्व निरीक्षक सदर शीतल प्रसाद द्विवेदी, लेखपाल कमलेश पाण्डेय, पंकज मिश्रा, अमित चौधरी, आदि उपस्थित रहे।

# विवादित टिप्पणी करने पर युवक पर केस

एआईएमएम के जिलाध्यक्ष के तहरीर पर पुलिस ने की कारवाई

**डुमरियागंज (एसएनबी)।** इस्लाम धर्म प्रवर्तक हजरत मोहम्मद साहब के विरुद्ध डुमरियागंज नगर के एक युवक द्वारा की गई आपत्तिजनक एवं विवादित टिप्पणी के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक के विरुद्ध केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने यह कार्रवाई एआईएमआईएम के जिलाध्यक्ष अजीममुसशान फारूकी द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर की है। पुलिस को दी गई तहरीर में एआईएमएम के जिलाध्यक्ष अजीममुसशान फारूकी ने बताया कि डुमरियागंज नगर के वार्ड नंबर 13 हबीबुल्लाह नगर निवासी राजकुमार पुत्र प्रहलाद द्वारा पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब को लेकर विवादित टिप्पणी की गई है। उक्त युवक की टिप्पणी से हमारी भावना को ठेस पहुंचा है और इससे मुस्लिम समुदाय के लोग नाराज हैं। आरोपी के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। पुलिस ने तहरीर और दिए गए साक्षय के आधार पर आरोपी के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को ज्ञापन देते समय एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष (पूर्वाचल) इरफान मलिक, रहमान, मुकीम, शादाब, रेहान, जुनेद, एहतेशाम, सलमान, शादाब खान, नौशाद आदि मौजूद रहे। इस संबंध में थानाध्यक्ष सूर्यभान सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# राज्य महिला आयोग की सदस्य ने किया जेल व सीएससी का निरीक्षण

**सिद्धार्थनगर/शोहरतगढ़ (एसएनबी)।** राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती इन्द्रवास सिंह द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शोहरतगढ़ का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने सभी वार्डो को देखा। राज्य महिला आयोग की सदस्य ने स्वास्थ्य केंद्र में साफ-सफाई एवं डाक्टरों को समय से उपस्थित होकर बेहतर चिकित्सा इलाज, मरीजों को स्वास्थ्य केंद्र पर उपलब्ध जांच की सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़, जिला प्रोवेशन अधिकारी विनोद राय एवं स्वास्थ्य केंद्र के डाक्टर व कर्मचारी उपस्थित रहे। इसी क्रम में मिशन शक्ति फेज 4.0 के अंतर्गत महिलाओं से संबंधित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं विषयक, जागरूकता चौपाल राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती सिंह की अध्यक्षता में सम्पंन हुआ। महिला जनसुनवाई कार्यक्रम में 3 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुआ। जिसमें 1 प्रार्थना-पत्र में समझौता करा दिया गया तथा 2 प्रार्थना-पत्रों पर संबधित अधिकारी को कार्यवाही हेतु निर्देश दिया गया। इस अवसर पर तहसीलदार नौगढ़ ऋषि राम रमन, जिला प्रोवेशन अधिकारी विनोद राय, तहसीलदार न्यायिक प्रियंका चौरसिया, थाना से प्रीती सिंह, जिला समन्वयक महिला शक्ति केंद्र विवेक मालवीय, अर्पणा विश्वास, साधना पाण्डेय, संजू, रजनी आदि की उपस्थिति रही। जन सुनवाई के उपरांत महिला आयोग की सदस्य श्रीमती इन्द्रवास सिंह द्वारा जिला जेल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान राज्य महिला आयोग की सदस्य द्वारा महिला बंदियों से मुलाकात किया तथा उनके खान-पान के बारे में जानकारी प्राप्त किया।



जिला कारागार व सीएचसी शोहरतगढ़ का किया निरीक्षण। फोटो : एसएनबी



शहर में गुरुवार शाम सीओ सदर के नेतृत्व में पुलिस ने किया पैदल मार्च।

# अमन का पैगाम लेकर किया पैदल मार्च

सिद्धार्थनगर। पैगंबर मोहम्मद साहब के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी के बाद कानपुर में पिछले जुमा के दिन हुए बवाल को लेकर जिले की पुलिस अलर्ट हो गई। गुरुवार शाम सीओ सदर प्रदीप कुमार यादव के नेतृत्व में सुरक्षा कर्मियों ने अमन का पैगाम लेकर शहर में पैदल मार्च किया। उन्होंने गश्त के दौरान कहा कि यह बुद्ध की धरती है। यहीं से समूचे विश्व को शांति अमन का पैगाम पहुंचा है।

# महिला सशक्तिकरण के तहत चला अभियान

सिद्धार्थनगर। महिला सशक्तिकरण व महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान के तहत भवानीगंज थाना की पुलिस ने जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देने के साथ उनसे किसी भी समस्या आने पर पुलिस को काल करने को कहा गया। महिलाओं से कहा गया कि वह किसी भी समस्या पर पुलिस को काल सकती हैं तत्काल मदद की जाएगी।

# अवैध खनन में 4 ट्रैक्टर ट्रॉली व 2 लोडर जब्त

- इटवा के दुफेड़िया व कठेला के इन्द्रीग्रांट गांव से पकड़े गए वाहन
- वाहनों को संबंधित थानों के सुपुर्द कर करा दिया सीज

इटवा, हिन्दुस्तान संवाद। मिट्टी के हो रहे अवैध खनन को लेकर एसडीएम अभिषेक पाठक के तेवर तल्ख हो गए है। पिछले दो दिनों से वह इसके खिलाफ अभियान चला रहे है। छापेमारी की कार्रवाई वह रात के अंधेरे में कर रहे हैं।

बुधवार की रात कठेला थाने के इन्द्रीग्रांट व इटवा थाने के दुफेड़िया गांव में छापेमारी कर एसडीएम ने मिट्टी से भरी चार ट्रैक्टर-ट्राली व दो लोडर को पकड़ने में कामयाबी हासिल की है। हालांकि वाहनों के चालक रात के अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भाग निकले हैं। एसडीएम ने पकड़े गए सभी वाहनों को संबंधित थानों के सुपुर्द कर उन्हें सीज करा दिया है। एसडीएम की इस कार्रवाई को लेकर खनन से जुड़े लोगों में हलचल मची हुई है। इलाके में गेहूं की मड़ाई होने के बाद खाली हुए खेतों से मिट्टी का अवैध खनन बड़े पैमाने पर चला रहा था। इसको लेकर लगातार प्रशासनिक अमले तक इसकी शिकायतें भी पहुंच रही थी लेकिन कार्रवाई नहीं हो पा रही थी। इधर पिछले दो दिनों से अवैध खनन के खिलाफ एसडीएम के रुख खासे सख्त हो गए हैं। इसको लेकर वह निरंतर छापेमारी कर रहे है। यह कार्रवाई वह दिन में नहीं रात के अंधेरे में कर रहे हैं। बुधवार की रात तकरीबन एक बजे छापेमारी कर एसडीएम ने इटवा थाना क्षेत्र के दुफेड़िया गांव के सीवान से मिट्टी भरी दो ट्रैक्टर-ट्राली व एक लोडर, कठेला थाना क्षेत्र के इन्द्रीग्रांट गांव के सीवान से भी मिट्टी भरी दो ट्रैक्टर-ट्राली व एक लोडर पकड़ने में कामयाबी हासिल की है। एसडीएम ने बताया कि वाहन के चालक रात के अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गए हैं। मौके से पकड़े गए वाहनों को संबंधित थानों के सुपुर्द कर सीज करा दिया गया है और मामले में कार्रवाई के लिए रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेज दी गई है। एसडीएम ने बताया कि बिना अनुमति के अवैध तरीके से मिट्टी का खनन किसी को भी नहीं करने दिया जाएगा।

# बेटे ही निकले बाप के कातिल

# मारने के बाद कर दिया था दफन

फॉलोअप

- सदर थाना के जगदीशपुर गांव के टोला मधुबेनवा की घटना
- बेटों ने छह जून को दर्ज कराई थी गुमशुदगी की रिपोर्ट बुधवार को मिला दफन शव

**सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता।** सिद्धार्थनगर के एक गांव में कलयुगी बेटों ने अपने बाप की हत्या कर शव को दफन कर पिता-पुत्र के रिश्ते को कलंकित कर दिया है। मां की तहरीर पर पुलिस ने बाप के कातिल दोनों बेटों को गिरफ्तार कर लिया है।

सदर थाना के जगदीशपुर गांव के टोला मधुबेनवा निवासी परशुराम (60) दो बेटों व चार बेटियों के पिता थे। बेटों राजाराम व सोनू की आदत खराब होने की वजह से वह जमीन आदि बेचने के बाद पैसा उन्हें न देकर अपनी शादीशुदा बड़ी बेटी को दे देते थे। इसी बात को लेकर अक्सर बाप बेटों के बीच तकरार ही नहीं मारपीट की भी नौबत आ जाती थी। चार जून को भी पैसों को लेकर बेटों ने बाप की पिटाई कर दी थी। पांच जून को परशुराम अचानक कहीं लापता हो गया। छह जून को बेटों ने सदर थाना में गुमशुदगी का केस दर्ज करा दिया। गुमशुदगी दर्ज करने के बाद पुलिस तलाश में लगी थी। पुलिस को बुधवार शाम किसी जरिए से सूचना मिली कि धौरीकुइंया गांव के सिवान में एक स्थान पर ताजी मिट्टी खोदी दिख रही है ऐसा लग रहा कि उसके अंदर कुछ दफन किया गया है। सूचना पर पंहुंची पुलिस ने गड्ढे को खोदवाया तो एक मानव शरीर मिला। पहचान कराई गई तो उसकी शिनाख्त गुमशुदा परशुराम के रूप में हो गई। पुलिस की रडार पर उसी समय मृतक के बेटे जिन्होंने गुमशुदगी की तहरीर दी थी आ गए थे। गुरुवार को मृतक परशुराम की पत्नी श्रस्वती देवी ने अपने दोनों बेटों राजाराम व सोनू पर पति की हत्या कर शव छिपाने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर राजाराम व सोनू के खिलाफ केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। सदर थानाध्यक्ष तहसीलदार सिंह ने कहा कि मृतक की पत्नी ने अपने दोनों बेटों पर पति की हत्या करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी थी। तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# जनशिकायतों के निस्तारण में जिला प्रदेश में रहा अव्वल

- आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त संदर्भों का हुआ गुणवत्तापरक निस्तारण
- मई माह की प्रदेश स्तरीय मासिक रैंकिंग में प्रदेश में अव्वल स्थान पर रहा

सिद्धार्थनगर, निज संवाददता। सिद्धार्थनगर जिला आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त संदर्भों का गुणवत्तापरक निस्तारण करने के मामले में मई माह की प्रदेश स्तरीय मासिक रैंकिंग में प्रदेश में अव्वल स्थान पर रहा।

जनपद सिद्धार्थनगर पुलिस को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। पोर्टल पर प्राप्त संदर्भों का एक नश्चिति समय दिया जाता है, जिसे उन संदर्भों को नियत समयावधि के अन्तर्गत निस्तारण किया जाना अनिवार्य है। पोर्टल पर प्राप्त संदर्भों की जांच आख्या प्राप्त होने पर जांच आख्याओं का गहनता से परीक्षण किया जाता है। फीडबैक सेल के द्वारा शिकायत कर्ताओं से से फीडबैक लिया जाता है। जांच पुष्टि कारक न होने पर उस संदर्भ को पुनः जांच के लिए संबन्धित अधिकारी को कड़े निंदेश के साथ वापस कर दिए जाने के कारण रैंकिंग में स्थान हासिल हुआ है।

आईजीआरएस सेल में तैनात कर्मी :प्रभारी आईजीआरएस राजेश कुमार तिवारी, कांस्टेबल कृष्णमोहन मिश्र, प्रिंस कुमार सिंह, विरेंद्र वक्रिम सिंह व कमलेश यादव आईजीआरएस टीम में शामिल हैं।

### महिला आयोग की सदस्य ने सीएचसी शोहरतगढ़ का किया निरीक्षण, सुविधाओं के बारे में लिया फीडबैक

# स्वास्थ्य केंद्रों पर मिलें सभी सुविधाएं

**निरीक्षण**

**सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य इंद्रवास ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शोहरतगढ़ का निरीक्षण किया। इस मौके पर साफ-सफाई समेत मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में पूछताछ की।

उन्होंने कहा कि अस्पताल में आने वाले मरीजों का बेहतर उपचार हो। बाहर की बजाए अस्पताल की दवाएं मुहैया कराई जाए। गुरुवार को राज्य महिला आयोग की सदस्य इंद्रवास सिंह ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में साफ-सफाई एवं डॉक्टरों को समय से उपस्थित होकर बेहतर चिकित्सा इलाज, मरीजों को स्वास्थ्य केंद्र पर उपलब्ध जांच की सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। मरीजों से सुविधाओं के बारे में जानकारी ली।

- अस्पताल में आने वाले मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने को कहा
- जिला कारागार के निरीक्षण में महिला बंदियों से बातचीत भी की

महिला हेल्प डेस्क को भी देखा। जिला प्रोवेशन अधिकारी विनोद कुमार राय समेत पुलिस और प्रशासिनक अधिकारियों के अलावा डॉक्टर और कर्मचारी उपस्थित थे। इसके बाद उन्होंने जिला जेल का निरीक्षण किया। इस दौरान महिला बंदियों से मुलाकात किया और उनके खान-पान के बारे में जाकारी प्राप्त की।

**तीन मामले आए, एक निस्तारित** :मिशन शक्ति फेज 4.0 अंतर्गत महिलाओं से संबंधित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं विषयक, जागरूकता चौपाल तथा महिला जनसुनवाई कार्यक्रम में राज्य महिला आयोग की सदस्य इंद्रावास सिंह ने अहम जानकारी ली। रेस्ट हाउस में महिला जनसुनवाई कार्यक्रम में तीन प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुआ। मौके पर एक प्रकरण में समझौता करा दिया गया। शेष दो प्रार्थनापत्रों पर संबधित अधिकारी को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया। तहसीलदार नौगढ़ ऋषि राम रमन, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनोद राय, तहसीलदार न्यायिक प्रियंका चौरसिया, थाना कोतवाली से प्रीती सिंह, जिला समन्वयक महिला शक्ति केंद्र विवेक मालवीय, अर्पणा विश्वास, साधना पांडेय, संजू, रजनी आदि मौजूद रहे।



रेस्ट हाउस पर गुरुवार को महिला उत्पीड़न के मामलों की सुनवाई करती राज्य महिला आयोग की सदस्य इंद्रवास सिंह। ● हिन्दुस्तान

# संदिग्ध हाल में मिला महिला का शव, ससुरालियों पर केस

- फंदे पर लटकता मिला विवाहिता का शव
- पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद शुरू की जांच

बिस्कोहर, हिन्दुस्तान संवाद। त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के सिकौथा गांव में गुरुवार को बंद कमरे में संदिग्ध हाल में फंदे से लटकती एक विवाहिता की लाश मिली है। इसको लेकर पूरे गांव में सनसनी फैल गई है। मामले में मृतका के पिता की तहरीर पर पुलिस ने ससुरालियों पर दहेज हत्या का केस दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के पलेसर गांव निवासी तुलसीराम कन्नौजिया की पुत्री रोली(21) की शादी मई 2021 में सिकौथा गांव निवासी अरविंद कन्नौजिया पुत्र सुरेश के साथ हुई थी। वर्तमान में पति व ससुर दोनों रोजी रोटी के सिलसिले में मुम्बई में हैं। ससुराल में रोली के अलावा उसकी सास प्रेमा व जेठ प्रदीप ही केवल मौजूद रहे। सास के मुताबिक पांच जून को बहू के छोटे भाई की शादी थी। लेकिन उस शादी में बुलावा नहीं आने से बहू वहां नहीं गई थी। गुरुवार रात तकरीबन 10 बजे के करीब बहू के मायके वालों का फोन आया था। किसी बात को लेकर बहू व उसके मायके वालों से फोन पर ही तू तू मैं मैं हो रही थी। उन्होंने बताया कि मैंने सोचा कि भाई की शादी को लेकर बातचीत हो रही होगी लेकिन बहू बात करते करते अपने कमरे में चली गई। सुबह पांच बजे के करीब जब वह सोकर उठी तो देखा बहू का कमरा अंदर से बंद था। आवाज देने पर जब वह नहीं बोली तो जंगले से देखा तो वह छत के कुंडे में लगे फंदे से लटकी हुई थी। उसने तत्काल इसकी सूचना मायके वालों को दी। इसको लेकर मौके पर पहुंचे मृतका के पिता तुलसीराम व भाई रामसिंह कन्नौजिया ने ससुरालीजनों पर दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए पहले पुलिस के 112 नम्बर पर इसकी सूचना दी। इसके बाद तहरीर देते हुए पुलिस को बताया कि जिस कमरे में रोली की लाश लटकी हुई मिली है।




गुरुवार को जिला अस्पताल परिसर में अतिक्रमण हटवाते तहसीलदार। • हिन्दुस्तान

# जिला अस्पताल परिसर में अतिक्रमण पर चली जेसीबी

- बाउंड्री से सटे दवा दुकानदारों ने बना लिया था सार्वजनिक रास्ता
- मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य की पहल पर जिला प्रशासन की कार्रवाई

सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता। माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज से संबंद्ध संयुक्त जिला चिकित्सालय के परिसर पर बने बाउंड्रीवाल के पास किए गए अतिक्रमण पर गुरुवार को आखिरकार प्रशासन का बुलडोजर चल ही गया। तहसीलदार सदर और सीएमएस की मौजूदगी में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई।

इस कार्रवाई के बाद बाउंड्री से सटे परिसर में किए गए अतिक्रमणकारियों में खलबली मच गई है। संयुक्त जिला अस्पताल में मरीजों का हर स्तर पर शोषण होता है, यह बात किसी से छुपी नहीं है। कभी बाहर से दवा लिखने के नाम तो प्रायः बाहर से विभिन्न जांच का मामला हो। हर जगह दलाल हावी है। दलाली इस कदर कि जिला अस्पताल के परिसर में बने बाउंड्रीवाल के अंदर अवैध रूप से आवागमन के लिए मिट्टी पटाई, सीढ़ी बनवाने का कार्य किया गया था। इस स्थिति से जहां कालोनी में रह रहे चिकित्सकों, स्वास्थ्य कर्मियों को दिन या रात, हर समय चोरी होने समेत अन्य घटनाएं घटित होने की आशंका रहती थी। अवैध रूप से अतिक्रमण करने वाले कोई और नहीं, बाउंड्री पार कई दवा की दुकानदार शामिल बताए जाते हैं।

इस प्रकरण में मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ.सलिल श्रीवास्तव ने एसपी को पत्र लिखकर अवगत कराया था कि बाउंड्री से सटे दवा की दुकानदारों की ओर से अतिक्रमण किया गया है। गुरुवार को सदर तहसीलदार ऋषि राम रमन ने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. नीना वर्मा की मौजूदगी में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। तहसीदार ने भविष्य में अतिक्रमण होने पर विधिक कार्रवाई की चेतावनी भी दी।

# लापता किशोर को परिजनों को सौंपा

शोहरतगढ़। मिश्रौलिया थाना के बभनी गांव से एक किशोर 11 महीने पहले लापता हो गया था। विधायक विनय वर्मा ने एसपी से बात की तब पुलिस सक्रिय हो गई और किशोर को बरामद कर परिजनों को सौंप दिया।

# ग्रामीणों-बारातियों में मारपीट, नौ घायल

- त्रिलोकपुर के लमुइया गांव में बुधवार रात की घटना
- वीडियो में मनचाहा फिल्म लगाने को लेकर विवाद
- दो घायलों की हालत बताई जा रही नाजुक

**बिस्कोहर, हिन्दुस्तान संवाद।** त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के लमुइया गांव में बुधवार रात पर्दे वाले वीडियो में मनचाहा फिल्म लगाने को लेकर ग्रामीणों और बरातियों में जमकर मारपीट हुई। इसमें दोनों पक्षों के नौ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में दो की हालत नाजुक बताई जा रही है। दोनों का पास के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस दोनों पक्षों की तहरीर पर घटना की जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के लमुईया गांव निवासी मोती गौतम के यहां बुधवार रात बलरामपुर जिले के गौरा थाना क्षेत्र के इटई गांव से बारात आई हुई थी। बताया जा रहा है कि द्वाराचार होने के बाद बारात पक्ष के लोग भोजन करने के बाद गांव के दक्षिण स्थित आंबेडकर पार्क में बने जनवास में ठहरे हुए थे। जनवास में पर्दा वाला वीडियो भी चल रहा था। इसमें गांव के भी कुछ लोग वीडियो देखने आए हुए थे। इस दौरान मनचाहा फिल्म लगाने को लेकर गांव निवासी पत्तीराम यादव व बारातियों के बीच पहले कहासुनी हुई इसके बाद मारपीट होने लगी। हल्ला सुन लड़की पक्ष के साथ गांव के अन्य लोग भी जनवास में पहुंच गए और बीच बचाव करने लगे लेकिन मामला और बढ़ गया व जमकर लाठी डंडा चलने लगा। मारपीट में लड़की पक्ष के दुल्हन के पिता मोती (48), रिश्तेदार चन्दराम (37) निवासी बड़हरा, रंजीत (24), भूति (45) व बिदुर निवासी तिलगड़िया थाना गौरा जिला बलरामपुर व दूसरे पक्ष के गांव निवासी तुलसीराम (45), पत्तीराम (28), सत्तीराम (25) व पुजारी (28) घायल हो गए। इसमें दुल्हन के पिता मोती व एक रिश्तेदार भूती की हालत गंभीर बताई जा रही है। मौके पर पहुंचे पूर्व प्रधान ने डायल 108 पर फोन लगा कर एंबुलेंस को सूचना दी। करीब डेढ़ घंटे तक एम्बुलेंस नहीं पहुंची तो लड़की पक्ष के सभी घायलों को निजी गाड़ी से त्रिलोकपुर थाने ले गए। लड़की पक्ष की मोती हरिजन ने बताया कि रात दो बजे जब हम लोग थाने पर पहुंचे तो दोनों पक्षों के मामूली रूप से घायलो को थाने पर बैठा लिया गया और मुझे व मेरे रिश्तेदार भुती को इलाज कराने के लिए भेज दिया। गुरुवार सुबह 11 बजे थानेदार ने हम लोगों से कहा कि जाकर तुम लोग भी दवा करवा लो और बिस्कोहर पुलिस चौकी पर चले जाओ तुम्हारे मामले को वही पर देखा जाएगा। एसएचओ विद्याधर कुशवाहा ने बताया कि मामला संज्ञान में है। पुलिस टीम घटना की जांच पड़ताल कर रही है।

# जनशिकायतों के निस्तारण में सिद्धार्थनगर प्रथम

**सिद्धार्थनगर (एसएनबी)।** आईजीआरएस पोर्टल पर जनशिकायतों के निस्तारण में प्रदेश स्तरीय मासिक रैंकिंग मई माह 2022 में जनपद सिद्धार्थनगर को प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।

अपर पुलिस अधीक्षक सुरेश चंद्र रावत ने बताया कि जनशिकायतों का निस्तारण आनलाईन किया जाता है। पोर्टल पर प्राप्त संदर्भो का एक निश्चित समय दिया जाता है, जिसे उन संदर्भो को नियत समयावधि के अन्तर्गत निस्तारण किया जाना अनिवार्य है। पोर्टल पर प्राप्त संदर्भो की जच आख्या प्राप्त होने पर जांच आख्याओं का गहनता से परीक्षण किया जाता है तथा फीडबैक सेल के द्वारा शिकायत करता हूं से फीडबैक लिया जाता है। जांच पुष्टि कारक न होने पर पुनः जच के लिए सम्बन्धित अधिकारी को कड़े निर्देश के साथ वापस कर दिए जाने के कारण रैंकिंग में सुधार हुआ है।

# मेडिकल कालेज की दीवार पर चला बुलडोजर

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर: माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल मेडिकल कालेज के पिछले हिस्से की चहारदीवारी पर कुछ दवा व्यवसायियों ने अवैध तरीके से कब्जा कर लिया था। इसकी शिकायत सीएचएस डा. नीना वर्मा ने प्रशासन से की थी। उनकी शिकायत का संज्ञान लेते हुए तहसीलदार सदर राम ऋषि रमन गुरुवार को राजस्व कर्मियों की टीम के साथ मौके पर पहुंचे और बाउंड्री की जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराया। उन्होंने दुकानदारों को चेताया कि दोबारा अवैध कब्जा किया गया तो मुकदमा भी दर्ज कराया जाएगा। बाउंड्री को तोड़कर कुछ दुकानदारों ने कब्जा कर लिया था। इस पर मिट्टी आदि डालकर सीधे मेडिकल कालेज में आवागमन के लिये रास्ता बना लिया था। राजस्व निरीक्षक सदर शीतल प्रसाद द्विवेदी,लेखपाल कमलेश पाण्डेय,पंकज मिश्रा,अमित चौधरी आदि उपस्थित रहे।



मेडिकल कालेज परिसर से अवैध कब्जा बुलडोजर से हटवाते तहसीलदार राम ऋषि रमन एवं सीएमएस नीना वर्मा (बाएं) ● जागरण

**लापरवाह चिकित्सकों के खिलाफ जांच शुरू:** सिद्धार्थनगर: माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कालेज में सोमवार की रात्रि गर्भवती महिला का आपरेशन बेहोशी के चिकित्सक के न रहने की वजह से नहीं हो सका था। स्त्री व प्रसूति रोग विशेषज्ञ डा. एसएन उपाध्याय ने काफी इंतजार के बाद महिला को रेफर कर दिया था। मेडिकल कालेज में तैनात बेहोशी के तीन चिकित्सकों में कोई भी मौजूद नहीं मिला। इसकी शिकायत प्राचार्य व सीएमएस से हुई थी।

प्राचार्य ने सीएमएस के नेतृत्व में तीन सदस्ययी टीम का गठन करते हुए जांच रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिये हैं। जांच टीम में सीएमएस डा. नीना वर्मा, डा. आशीष कुमार त्रिपाठी व डा. एके झा को शामिल किया गया है।

कैंपियरगंज के बलुआ सोनौली के लक्ष्मी शंकर द्विवेदी की पत्नी रूबी को प्रसव पीड़ा होने पर सोमवार रात जिला अस्पताल में भर्ती किया गया था। जांच के बाद पता चला कि मरीज की स्थिति गंभीर है। बच्चे के गले में नाल फंसी हुई थी, जबकि रूबी की जांच में प्लेटलेट्स और शुगर कम मिले। उपचार के बाद दोबारा जांच हुई तो प्लेटलेट्स की 70 हजार के बजाए 1.35 लाख आई। शुगर का स्तर 95 तक पहुंच गया था। डाक्टर उपाध्याय ने महिला को ओटी में भेजा। पर बेहोशी के डाक्टर अस्पताल परिसर में मौजूद नहीं थे। इसकी जानकारी डा. उपाध्याय ने सीएमएस डा. नीना वर्मा को जानकारी दी। उन्होंने भी डाक्टरों को बुलाने की कोशिश की, सफलता नहीं मिली थी।

**डाक्टरों के बीच हुए विवाद की होगी जांच :** मेडिकल कालेज के बच्ची के भर्ती करने को लेकर दो डाक्टरों के बीच बुधवार को हुए विवाद का मामला उच्चाधिकारियों तक पहुंच गया है। प्राचार्य ने विवाद से जुड़े सभी पहलुओं जांच कराने का फैसला किया है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को जांच टीम का गठन कर दिया जाएगा। गुरुवार को व्यस्तता की वजह से कमेटी का गठन नहीं किया जा सका। इस संबंध में डा. सलिल कुमार श्रीवास्तव, प्राचार्य मेडिकल कालेज ने बताया कि चिकित्सक के मौजूद न रहने व दो डाक्टरों के बीच हुए विवाद की जांच करायी जाएगी। मामले में जो भी दोषी होगा, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। अनुशासनहीनता कदापि बर्दाश्त नहीं होगी।

# शिकायत निस्तारण में जनपद पुलिस प्रदेश में प्रथम

**सिद्धार्थनगर:** आइजीआरएस पर दर्ज शिकायत के निस्तारण में जिले की पुलिस ने मई में प्रथम स्थान हासिल किया है। उसे 130 में 117 अंक हासिल हुआ है। यह जानकारी एएसपी सुरेश चंद्र रावत ने दी। संतकबीरनगर को प्रदेश में 22वां व बस्ती को 26वां स्थान हासिल हुआ है दर्ज मामलों के निस्तारण का फीड बैक लेने के लिए उपनिरीक्षक अनिल कुमार तिवारी के नेतृत्व में पांच सदस्यी टीम का गठन किया गया है। वह स्वयं इसकी निगरानी करते हैं।

**एअर बैग खुलने से भीषण हादसा टला:** लोटन - मोहाना मार्ग पर ग्राम अजान के पास कार व ट्रक के अपने सामने टक्कर होने से कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। परन्तु एअर बैग के चलते सवार बच गए। एक कार से इटवा से बरात में शामिल होकर पांच व्यक्ति वापस लौट रहे थे कि लोटन से मोहाना जा रही ट्रक से टक्कर हो गई।

# निर्माणाधीन भवनों की कमियों को कराएं दूर



इटवा थाना परिसर में बना नवनिर्मित भवन का निरीक्षण करते पुलिस क्षेत्राधिकारी नौगढ़ प्रदीप कुमार यादव ● जागरण

**जागरण संवाददाता, इटवा, सिद्धार्थनगर** : पुलिस क्षेत्राधिकारी नौगढ़ प्रदीप कुमार यादव ने गुरुवार को इटवा व मिश्रौलिया थाना परिसर में बने थाना भवन, विवेचना कक्ष एवं आरक्षी बैरक का निरीक्षण किया। छोटी-छोटी कमियों को शीघ्र ही दूर करने संबंधित निर्देश दिए। दोनों थाने में भवन एवं आरक्षी बैरक बनकर तैयार हो गया है। शीघ्र की कमेटी की जांच के बाद इसे हैंडओवर किया जाए। कमेटी की जांच में कोई कमी न रहे, इसी के दृष्टिगत सीओ सदर दोनों थाने पर पहुंचे और निरीक्षण करते वस्तुस्थिति को देखा। इटवा में थाना भवन व आरक्षी बैरक बनकर तैयार है। भवन के साथ विवेचना कक्ष एवं बैरक को देखा। यहां 48 लोगों के रहने की व्यवस्था बनाई गई है। कुछ स्थानों पर जाली अभी नहीं लगी थी, इसको लगाने की हिदायत दी। छत के ऊपर जल निकासी की कुछ समस्या दिखाई दी, जिसको दूर करने संबंधित निर्देश दिए। कार्यदायी संस्था के अधिकारियों समेत प्रभारी निरीक्षक बिंदेश्वरी मणि त्रिपाठी उपस्थित रहे। मिश्रौलिया थाने में बने विवेचना कक्ष एवं बैरक का निरीक्षण किया। निर्देश दिए कि जो भी कमी रह गई हो, उसको दूर कराएं। जिससे हैंडओवर की प्रक्रिया प्रारंभ की जा सके। थानाध्यक्ष घनश्याम सिंह सहित थाना स्टाफ के लोग मौजूद रहे।

SANT KABEER NAGAR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 10-06-2022

# बेलहर पुलिस का फ्लैग मार्च

**बेलहर/सांथा (एसएनबी)**। बेलहर पुलिस ने गुरुवार को पुलिस बल के साथ थाना क्षेत्र के विभिन्न जगहों गनवरियां, सांथा लोहरसन, करनजोत, सांड़ा आदि जगहों पर फ्लैग मार्च निकालते हुए लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। साथ ही बेलहर एसओ संतोष कुमार मिश्रा के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों ने दंगा नियंत्रण पर काबू पाने का अभ्यास किया तथा लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। ज्ञात हो कि कानपुर में जुमे की नमाज के बाद भड़की हिंसा के बाद योगी सरकार ने सख्त रूख अख्तियार करते हुए यूपी पुलिस को अहम दिशा निर्देश जारी किए हैं। किसी भी स्थिति से निपटने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर उत्तर प्रदेश में जुमे की नमाज यानी शुक्रवार को पुलिस प्रशासन को अलर्ट मोड पर रहने की हिदायत दी गई है। इसी को देखते हुए बेलहर क्षेत्र के मुस्लिम बाहुल्य इलाकों तथा अन्य मुख्य चौराहों पर पुलिस फोर्स ने फ्लैग मार्च किया है। एसओ बेलहर ने भारी पुलिस फोर्स के साथ गुरुवार दोपहर को क्षेत्र के लोहरसन सहित अन्य चौराहों और मुख्य मार्गो से होते हुए मुस्लिम बहुल इलाकों में फ्लैग मार्च निकालते हुए नागरिकों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की।

# समन्वय से मामलों का यथाशीघ्र करें निस्तारण



कलेक्ट्रेट सभागार में अभियोजन पक्ष द्वारा की गई कार्रवाईयों पर चर्चा करते अधिकारी।

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** अभियोजन अधिकारियों व थाना प्रभारियों के साथ न्यायालय में लंबित अभियोगों, गुंडा एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट, पाक्सो एक्ट, एससी/एसटी एक्ट, 'महिला संबंधी अपराधों आदि के दृष्टिगत जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल व पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार द्वारा संयुक्त रूप से कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक कर अब तक अभियोजन पक्ष द्वारा की गई कार्रवाईयों पर विस्तार से चर्चा की गयी।

दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने बैठक में अपराधियों को चिन्हित कर अपराधों में लिप्त अपराधियों को कठोर सजा दिलाने, अभियोगों का त्वरित निस्तारण व अभियोजन की कार्रवाई को और बेहतर करने के उपायों पर चर्चा की। उन्होंने न्यायालय में विचारण के दौरान आने वाली कठिनाइयों का उल्लेख अभियोजन अधिकारियों द्वारा किया गया जिनको संज्ञान में लेते हुए उसे अविलंब दूर करने हेतु संबंधित को हिदायत दी। बैठक में यह भी निर्धारित किया गया कि महिलाओं व बच्चों के साथ हो रहे अपराधों में पंजीत अभियोगों में न्यायालय के विचारण के दौरान अभियोजन पक्ष और बेहतर ढंग से साक्ष्यों को प्रस्तुत करें, जिससे कि अपराधियों को शत प्रतिशत सजा सुनिश्चित की जा सके व अभियोजन पक्ष तथा पुलिस आपस में समन्वय कर मामलों का यथाशीघ्र निस्तारण कराएं। इस दौरान अपर जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अंशुमान मिश्र, क्षेत्राधिकारी मेहदावल अंम्बरीश सिंह भदौरिया, अभियोजन पक्ष के अधिकारी/कर्मचारीगण व समस्त थानों के प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष उपस्थित रहे।

# चुनौतियों से भरी धनघटा थाने की कमान

**शनिचरा (एसएनबी)**। बीते मंगलवार की देर शाम को हुई प्रशासनिक फेरबदल में धनघटा थाने की कमान प्रभारी निरीक्षक महुली को सौंप दी गई और उनके स्थान पर महुली की कमान रवीन्द्र कुमार सिंह को दी गई है लेकिन धनघटा थाने की कमान नवागत प्रभारी के लिए चुनौतियों से भरा है। जहां धनघटा थाना क्षेत्र की सीमाएं तीन जिलों की सीमाओं से मिलती है वही थाना क्षेत्र के दक्षिणी और उत्तरी सीमाओं पर क्रमशः सरयू और कुआनों नदियों के दियारे स्थित है। धनघटा थाना क्षेत्र के भौगोलिक स्वरूप पर नजर डाले तो धनघटा थाना क्षेत्र की पूर्वी,पश्चिमी और दक्षिणी सीमाएं क्रमशः गोरखपुर, बस्ती और अम्बेडकरनगर की सीमाओं से जुड़ी हुई है। इसके अलावा सरयू नदी व कुआनों नदी के दियारे आपराधिक दृष्टि से संवेदनशील इलाके रहे हैं। इन दियारों मे काश आदि के झुरमुट, अवैध कच्ची शराब के निर्माण और व्यापार के लिए काफी सहूलियत भरे स्थान होते हैं। जहां तटवर्ती इलाकों के रहने वाले लोग इस व्यापार को अपनी कमाई का मुख्य जरिया बनाकर इलाकों में अवैध शराब के निर्माण और व्यापार को बढ़ावा देते हैं वहीं जनपदों के अपराधियों के लिए अक्सर ए दियारे पनाहगार साबित होते रहे हैं। बताते चले कि धनघटा थाना क्षेत्र करीब 442 वर्ग किमी. के क्षेत्रफल में फैला हुआ है जिसमें बिड़हरघाट,पौली, लोहरैया, बंसवारीगांव और जगदीशपुर पुलिस चौकियां स्थापित है। इसके अलावा थाना क्षेत्र की महिलाओं की सुविधा के लिए थाना मुख्यालय पर महिला रिपोर्टिंग पुलिस चौकी स्थापित है। इसके बावजूद थाना क्षेत्र में घटने वाली आपराधिक घटनाओं पर नियंत्रण पाना काफी बड़ी चुनौतियों से भरा काम है। अब देखना यह है कि थाने के नवागत प्रभारी निरीक्षक अपने इस काम में कहां तक सफल होते हैं। हालाकि कमान सम्भालने के बाद प्रभारी निरीक्षक धनघटा कृष्णदेव सिंह ने कहा कि थाने पर तैनात पुलिसकर्मियों से सलाह मशविरा करते हुए क्षेत्र की हर छोटी-बड़ी घटनाओं पर पैनी नजर रखकर हर चुनौती का सामना किया जाएगा। इसके अलावा क्षेत्र के सम्भ्रान्त एवं बुद्धिजीवी वर्ग से संपर्क बनाते हुए क्षेत्र की आपराधिक घटनाओं पर पूर्णतया अंकुश लगाने का गंभीर प्रयास करने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी।

**धनघटा थाना क्षेत्र की सीमाओं से जुड़ी है तीन जिलों की सीमाएं**

**थाना क्षेत्र के उत्तरी और दक्षिणी छोर पर स्थित है कुआनों और सरयू का दियारा**

# दो पक्षों के बीच हो रहे विवाद को कराया शांत

संतकबीरनगर। पीआरवी 3310 को थाना धनघटा क्षेत्र के पारासीर से कालर ने दो पक्षों के बीच मारपीट , विवाद होने के संबन्ध में सूचना दिया। सूचना मिलते ही पीआरवी कर्मी सात मिनट के अंदर घटना स्थल पर पहुंच गए। विवाद को शान्त कराकर दोनों पक्षों को विधिक कार्रवाई के लिए थाना धनघटा को सुपुर्द किया।

# फरियादियों को न्याय दिलाएं शांति-सौहार्द बनाकर रखें

## निर्देश

**नाथनगर, हिन्दुस्तान संवाद।** महुली थाने का चार्ज संभालते ही इंस्पेक्टर रविन्द्र कुमार सिंह ने पुलिसकर्मियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि घटना की सूचना पाते ही मौके पर पुलिसकर्मी तत्काल पहुंचकर मुझे अवगत कराएं। फरियादियों को न्याय दिलाने के साथ - साथ क्षेत्र में साम्प्रदायिक सौहार्द बनाए रखना पहली प्राथमिकता होगी।

उन्होंने कहा कि वारंटियों की गिफ्तारी के लिए धर पकड़ अभियान चलाया जाएगा तथा न्यायालय द्वारा जारी किए गए सम्म्मन का तामिला हर हालत के कराया जाए। आईआरजीएस की शिकायतों का शत प्रतिशत निस्तारण कराया जाने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि असामाजिक तत्वों तथा अराजकतत्वों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी तथा अतिक्रमण हटवाया जाएगा। क्षेत्र भ्रमण के दौरान यदि कोई संदिग्ध या घटना की सूचना मिले तो सबसे पहले उन्हें अवगत कराया जाए। दलालों का प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया गया है।

फरियादियों से अपील किया कि वे स्वंय पहुंचकर अपनी बात कह सकते हैं। बैठक में मुख्य रूप से एसआई रमजान अली, एसआई लालविहारी निषाद, चौकी इंचार्ज मनोज पटेल, चौकी इंचार्ज शनिचरा रमेश यादव, हेडकांस्टेबल बृज नारायण यादव, मोहम्मद आरिफ खान, संतोष सिंह, परमेश मिश्र, अनिल सिंह, उमेश यादव, अजीत कुशवाहा, सुषमा, पिंकी, मनीषा, सोनल, गोल्डी तिवारी आदि मौजूद रहे।

# एक वारंटी दबोचा गया

बखिरा। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर बढ़ते अपराधों की रोकथाम के लिए बखिरा पुलिस ने गुरूवार को फरार चल रहे क्षेत्र के समदहा निवासी फूलचंद यादव पुत्र मनोहर को गिरफ्तार कर जेल/न्यायालय भेज दिया। चौकी प्रभारी हरेन्द्र पाठक ने बताया कि उक्त आरोपी मारपीट व अन्य मामले में वांछित था।

# 67 वाहनों का चालान किया

संतकबीरनगर। जिले की पुलिस ने बैंकों के साथ ही वाहनों के चेकिंग का अभियान चलाया। सभी थाना क्षेत्र में बैंकों की जांच के दौरान सभी को जरूरी सर्तकता बरतने की जानकारी दिया। इसके अलावा वाहनों की जांच में यातायात नियमों का पालन न करने वालों में 67 वाहनों का चालान करते हुए 60 हजार रुपए का सम्मन शुल्क वसूल किया।

# शांतिभंग में 11 लोग गिरफ्तार

संतकबीरनगर। जिले की पुलिस ने क्षेत्र में अशांति फैलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए 11 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया शांतिभंग की धारा में चालान किया। धनघटा पुलिस ने आठ और बेलहर कला पुलिस ने तीन अभियुक्त को गिरफ्तार किया।

# आपसी समन्वय से मामलों का करें निस्तारण

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल व पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार द्वारा संयुक्त रूप से अभियोजन अधिकारियों व थाना प्रभारियों के साथ न्यायालय में लंबित अभियोगों को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की गई। बैठक में डीएम की अनुपस्थिति में एडीएम मनोज कुमार सिंह शामिल हुए। इसमें गुंडा एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट, पाक्सो एक्ट, एससी/एसटी एक्ट, महिला संबंधी अपराधों आदि के मामलों अबतक अभियोजन पक्ष द्वारा की गई कार्यवाहियों पर विस्तार से चर्चा की।

अधिकारियों ने बैठक में अपराधियों को चिन्हित कर अपराधों में लिप्त अपराधियों को कठोर सजा दिलाने, अभियोगों का त्वरित निस्तारण व अभियोजन की कार्रवाई को और बेहतर करने के उपायों पर चर्चा की। इसमें न्यायालय में विचारण के दौरान आने वाली कठिनाइयों का उल्लेख अभियोजन अधिकारियों द्वारा किया गया। जिनको संज्ञान में लेते हुए उसे अविलंब दूर करने के लिए संबंधित को हिदायत दी। बैठक में यह भी निर्धारित किया गया कि महिलाओं व बच्चों के साथ हो रहे अपराधों में पंजीकृत अभियोगों में न्यायालय के विचारण के दौरान अभियोजन पक्ष और बेहतर ढंग से साक्ष्यों को प्रस्तुत करें। अभियोजन पक्ष तथा पुलिस आपस में समन्वय कर मामलों का यथाशीघ्र निस्तारण कराएं। इस दौरान क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अंशुमान मिश्र, क्षेत्राधिकारी मेंहदावल अंम्बरीश सिंह भदौरिया आदि मौजूद रहे।



गुरुवार को बैठक में मौजूद एडीएम मनोज कुमार सिंह व एसपी।




गुरुवार को पुलिस लाइन में बलवा ड्रिल का पूर्वाभ्यास करती पुलिस फोर्स।

# पुलिस कर्मियों ने बलवा ड्रिल का किया पूर्वाभ्यास

**संतकबीरनगर, निज संवाददाता।** जनपद में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने व किसी भी प्रतिकूल परिस्थिति से निपटने के लिए पुलिस टीम ने पूर्वाभ्यास किया।

पुलिस लाइन में बलवा ड्रिल के पूर्वाभ्यास के दौरान पुलिस कर्मियों ने अपनी ताकत को दिखाया। हर परिस्थिति से निपटने के लिए तैयार पुलिस टीम के पूर्वाभ्यास का जायजा एसपी सोनम कुमार ने भी लिया। उन्होंने सभी को सख्त निर्देश दिए। क्षेत्राधिकारी लाइन राजीव कुमार यादव के नेतृत्व में पुलिस लाइन ग्राउंड पर पुलिस टीम को दंगा निरोधक, बलवा निरोधक उपकरणों के प्रशिक्षण एवं अभ्यास का आयोजन किया । पुलिस बल के कर्मियों को विभिन्न प्रकार के शस्त्रों एवं दंगा नियंत्रण उपकरणों के संचालन का परीक्षण प्रदान किया गया। पुलिस बल को दंगाईयों से निपटने के लिए गुर सिखाए गए । अभ्यास के दौरान भीड़ को तितर-बीतर करने के विभिन्न तरीकों के साथ फायर ब्रिगेड की गाड़ी से पानी की बौछार, लाठी चार्ज, आंसू गैस के गोले और दंगाईयों पर रबर के गोले, एंटी राइट गन आदि शस्त्रों को चलाकर पूर्वाभ्यास किया विभिन्न टीमें बनाकर दंगा नियत्रंण कोअमल में ले आए जाने वाले सभी विधिक प्रावधानों का क्रमवार अभ्यास किया ।



मगहर में फोर्स के साथ पैदल गश्त करते एसपी सोनम कुमार।

# पैदल गश्त कर एसपी ने किया संवाद

संतकबीरनगर। एसपी सोनम कुमार ने गुरुवार की देर शाम मगहर और बखिरा कस्बे में पहुंचकर फोर्स के साथ पदैल गश्त किया। इस बीच सभ्रांत लोगों के साथ वार्ता करते हुए उनसे शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील किया। एसपी ने कहा कि जुमे की नमाज के बाद सभी सीधे घर वापस जाएं, बीच में कहीं भी बिना अवश्यकता रुकने की आवश्यकता नहीं है। लोगों ने एसपी को भरोसा दिलाया कि जनपद में शांति व्यवस्था को बिगड़ने नहीं दिया जाएगा।

# अवैध बालू खनन में चुप्पी के बाद जागा प्रशासन

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर : अवैध बालू खनन के मामले में लंबे समय तक चुप्पी साधे रहने के बाद प्रशासनिक महकमा जागा है। जिला पंचायत चुनाव के पूर्व तीन आरोपितों को नोटिस जारी कर जिला प्रशासन ने जुर्माना राशि जल्द जमा न करने पर कड़ी कार्रवाई किए जाए की चेतावनी दी थी। इससे बालू माफियाओं में खलबली मची थी। कुछ दिन पूर्व शासन स्तर से आई टीम ने दबिश दी। बालू के अवैध खनन व परिवहन के अलावा जिला खनन अधिकारी की मिलीभगत का सच सामने आ गया। इस पर जिला खनन अधिकारी निलंबित कर दिए गए। सिद्धार्थनगर के अधिकारी का तबादला करके उन्हें यह दायित्व सौंप दिया गया। बहरहाल जुर्माने की राशि शत-प्रतिशत कब तक वसूली होगी, इसके बारे में फिलहाल कुछ कहा नहीं जा सकता।

- तीन आरोपितों को जुर्माना राशि जमा न करने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी
- निदेशक के निर्देश पर शासन से आई टीम की जांच में अवैध खनन, परिवहन का मामला सामने आया

धनघटा तहसील क्षेत्र में पट्टा तीन खनन क्षेत्रों का हुआ है जबकि बालू खनन कार्य 12 से 13 जगहों पर देर रात तक पूर्व में होता रहा है। सरयू नदी के विभिन्न तटों के पास बालू माफिया यह कार्य पुलिस और तहसील प्रशासन के सहयोग से करते हैं। इस जिले में अब तक जितने भी जिला खनन अधिकारी रहे, उनकी भूमिका संदिग्ध रही है। धनघटा तहसील के विभिन्न घाटों से तिरपाल से ढकी बालू लदी ट्रकें सड़क पर देर रात में दौड़ती रही। धनघटा तहसील मुख्यालय, पुलिस थाना से होकर गुजरने वाली इन ट्रकों को जांच के लिए रोका तक नहीं जाता था। जांच के नाम पर जिला खनन अधिकारी खानापूर्ति करते रहे। इन्हें कोई कमी नहीं दिखती थी। हर दिन बालू के अवैध खनन के कारण लाखों रुपये राजस्व की क्षति हो रही थी। जिला पंचायत चुनाव के पूर्व खनन के मामले में खलीलाबाद तहसील के तामाखास गांव निवासी सपा के जिला पंचायत अध्यक्ष बलिराम यादव से एक करोड़ 25 लाख 12 हजार 382 रुपये, धनघटा तहसील के सरहड़ा गांव निवासी बैजनाथ पाण्डेय से तीन करोड़ 72 लाख 30 हजार 650 रुपये तथा खलीलाबाद तहसील के बलही गांव निवासी शैलेंद्र सिंह से आठ करोड़ चार लाख 99 हजार 530 रुपये यानी कुल 13 करोड़ एक लाख 42 हजार 562 रुपये जुर्माना राशि वसूली की जानी है। इसमें से अब तक मई-2022 में पांच लाख रुपये जमा किया गया है। वहीं दो से तीन दिन के अंदर पांच लाख रुपये और जमा होने की संभावना है। धनघटा तहसील क्षेत्र में नारायणपुर, छपरामगर्वी, भोतहा वं पड़रिया आदि चार बालू खनन क्षेत्र हैं। इसमें से छपरामगर्वी खनन क्षेत्र के पट्टाधारक द्वारा पैसा जमा न किए जाने से यह बंद है। वहीं पड़रिया खनन क्षेत्र जलजमाव के कारण बंद है। भोतहा बालू खनन क्षेत्र का टेंडर होना है। जिला पंचायत अध्यक्ष जुर्माना राशि को कम करने के लिए हाईकोर्ट-इलाहाबाद गए थे लेकिन कोर्ट ने इनकी याचिका खारिज कर दी। कुछ दिन पूर्व निदेशक डा. रोशन जैकब के निर्देश पर शासन से आई टीम ने धनघटा तहसील क्षेत्र में सरयू नदी के तट के पास विभिन्न जगहों पर दबिश दी थी। इस दौरान अवैध बालू खनन व परिवहन के अलावा जिला खनन अधिकारी योगेंद्र भदौरिया की भूमिका संदिग्ध मिली थी। इस पर उन्हें बीते सोमवार को निलंबित कर दिया गया था। इनके स्थान पर सिद्धार्थनगर जिले के खनन अधिकारी रहे नरेश कुमार महतो ने बीते मंगलवार को कार्यभार ग्रहण किया। आरोपित बैजनाथ पाण्डेय व शैलेंद्र सिंह की गिरफ्तारी के लिए वारंट जारी किया गया है। एसडीएम,धनघटा रवींद्र कुमार ने बताया कि बालू के अवैध खनन के मामले में तहसील प्रशासन सख्त है। आरोपितों से जुर्माना राशि की वसूली के लिए प्रयास जारी है।

# विषम हालात से निपटने को पुलिस ने किया पूर्वाभ्यास



खलीलाबाद पुलिस लाइन में दंगा नियंत्रण के बारे में जानकारी देते सीओ राजीव कुमार यादव • जागरण

जासं, संतकबीर नगर: पुलिस लाइन के ग्राउंड में गुरुवार को क्षेत्राधिकारी राजीव कुमार यादव के नेतृत्व में पुलिस कर्मियों ने किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूर्वाभ्यास किया। पुलिस कर्मियों ने विभिन्न प्रकार के शस्त्रों एवं दंगा नियंत्रण उपकरणों के संचालन का परीक्षण किया। दंगाइयों से निपटने के लिए विभिन्न जानकारियां दी गई।

इस अभ्यास में भीड़ को तितर-बीतर करने के लिए फायर ब्रिगेड की गाड़ी से पानी की बौछार की गई। पुलिस कर्मियों ने लाठी चार्ज, आंसू गैस के गोले, दंगाइयों पर रबर की गोली दागने, एंटी राइट गन, टीयर गैस गन, हैंड ग्रेनेड,मिर्ची बम, अमिट छाप बम आदि शस्त्रों को चलाया। विभिन्न टीमें बनाकर दंगा नियत्रंण के लिए अभ्यास किया गया। एसपी सोनम कुमार ने कहा कि जिले में यदि कोई भी व्यक्ति शांति भंग करने का प्रयास करता है तो उसके विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई की जाएगी।

## डीएम-एसपी ने अफसरों के साथ लंबित मामलों की समीक्षा की

जासं,संतकबीर नगर : डीएम दिव्या मित्तल व एसपी सोनम कुमार की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई। इसमें पुलिस अधिकारियों के साथ लंबित मामलों की समीक्षा की गई। न्यायालय से संबंधित लंबित मामलों के जल्द निस्तारण करने का निर्देश दिया गया। न्यायालय में लंबित अभियोग जैसे-गुंडा एक्ट, गैंगस्टर एक्ट, पाक्सो एक्ट, एससी-एसटी एक्ट, महिला संबंधी अपराधों के बारे में की गई कार्रवाई पर चर्चा की गई। अपराधियों को चिह्नित कर उन्हें कठोर सजा दिलाने, अभियोगों का त्वरित निस्तारण व अभियोजन की कार्यवाही को और बेहतर करने के उपायों पर विमर्श किया गया। इस बैठक में एडीएम वित्त.एवं राजस्व मनोज कुमार सिंह, सीओ खलीलाबाद अंशुमान मिश्र, सीओ मेंहदावल अंबरीश सिंह भदौरिया, अभियोजन पक्ष के अधिकारियों, कर्मचारियों के अलावा सभी थानों के थानाध्यक्ष उपस्थित रहे।

## क्षेत्र में शांति व्यवस्था के लिए पुलिस ने किया गश्त

जागरण संवाददाता, धनघटा, संतकबीर नगर : धनघटा क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए गुरुवार को पुलिस ने फ्लैगमार्च किया तथा लोगों को निश्चित होकर रहने की बात कही। क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाने के लिए निरीक्षक चंदन कुमार के नेतृत्व में फ्लैगमार्च किया तथा लोगों को शांति बनाए रखने की अपील की।

लोगों को आगाह करते हुए कहा कि जुमा की नमाज अपने घरों में पढ़े और शांति बनाए रखें। अराजक तत्वों पर ध्यान दें, अगर कोई अफवाह फैलाने का प्रयास करता है तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें।

# बखिरा में पुलिस टीम के साथ उतरे कप्तान

जागरण संवाददाता, बखिरा, संतकबीर नगर : कानपुर में हुई घटना को देखते हुए पुलिस अलर्ट हो गई है। गुरुवार को बखिरा की सड़कों पर पुलिस टीम के साथ कप्तान उतरे। पैदल कस्बे में गश्त कर लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि कबीर की यह धरती प्रेम और सौहार्द की है। यदि यहां किसी ने गलत करने की सोची तो पुलिस उससे सख्ती से निपटेगी। बड़ी संख्या में पुलिस को देखकर लोग चर्चा करते दिखे।



बखिरा कस्बे मे शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए फ्लैग मार्च करते पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार ( मध्य मे ) • जागरण

बखिरा कस्बे में शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार ने फ्लैग मार्च निकाला। इस दौरान पुलिस ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की। पुलिस अधीक्षक सीओ अंबरीश भदौरिया के साथ पहुंचे। उन्होंने पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और टीम के साथ पैदल ही गश्त पर निकल लिये। बड़ी संख्या में पुलिस के लोग बखिरा चौकी होते हुए अमरडोभा, लेडुआ महुआ, तरकुलवा, ढोढ़या, हारापट्टी तक गए। पुलिस ने लोगों से शांति बनाए रखने के साथ ही पुलिस का सहयोग करने की अपील की। इस दौरान थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, चौकी प्रभारी हरेन्द्र पाठक, प्रमोद यादव, संजय यादव, आदित्य सिंह, मंजीत, बृजभूषण पटेल, संदीप, सत्यम आदि पुलिस कर्मी शामिल रहे।

**बेलहर पुलिस ने किया फ्लैग मार्च:** दंगा नियंत्रण को लेकर बेलहर पुलिस ने गुरुवार को फ्लैग मार्च किया। इस दौरान पुलिस ने आम ज़नमानस से शांति बनाए रखने की अपील की। लोगों को अफवाह से दूर रहने की हिदायत दी।

थानाध्यक्ष संतोष कुमार मिश्र की अगुवाई में पुलिस टीम थाना क्षेत्र के गनवरियां, सांथा, लोहरसन, करनजोत, सांड़ा पर पहुंचकर लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। इस दौरान एसआई प्रमोद नायक, राजेश चौरसिया, विनय, 28 पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# अभियोजन व पुलिस समन्वय से निपटाएं मामले : डीएम

**संतकबीरनगर।** डीएम दिव्या मित्तल व एसपी सोनम कुमार ने संयुक्त रुप से अभियोजन अधिकारियों व थाना प्रभारियों के साथ न्यायालय में लंबित अभियोगों को लेकर बृहस्पतिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की।

इस दौरान गुंडा एक्ट, गैंगस्टर एक्ट, पॉक्सो एक्ट, एससी/एसटी एक्ट, महिला संबंधी अपराधों आदि के दृष्टिगत अब तक अभियोजन पक्ष द्वारा की गई कार्रवाइयों पर चर्चा की। कहा कि अभियोजन पक्ष व पुलिस आपस में समन्वय से मामले निपटाएं। बैठक में अपराधियों को चिह्नित कर अपराधों में लिप्त अपराधियों को कठोर सजा दिलाने, अभियोगों का त्वरित निस्तारण व अभियोजन की कार्रवाई को और बेहतर करने के उपायों पर चर्चा की गई। जिसमें न्यायालय में विचारण के दौरान आने वाली कठिनाइयों का उल्लेख अभियोजन अधिकारियों द्वारा किया गया। संवाद



पुलिस लाइन में दंगा नियंत्रण का अभ्यास करते पुलिसकर्मी। संवाद

# पुलिस कर्मियों को दंगा नियंत्रण का कराया अभ्यास

अमर उजाला ब्यूरो

संतकबीरनगर। बृहस्पतिवार को पुलिस लाइंस परिसर में पुलिस कर्मियों ने दंगा नियंत्रण का अभ्यास किया। इस दौरान पुलिस कर्मियों को दंगा रोकने के लिए विभिन्न गुर सिखाए गए।

सीओ राजीव कुमार यादव के नेतृत्व में पुलिस लाइन परिसर में दंगा निरोधक/बलवा निरोधक उपकरणों के प्रशिक्षण एवं अभ्यास का आयोजन हुआ। पुलिस कर्मियों को विभिन्न प्रकार के शस्त्रों एवं दंगा नियंत्रण उपकरणों के संचालन का अभ्यास कराया गया। दंगाइयों से निपटने के लिए विभिन्न तरीके के गुर सिखाए गए। अभ्यास के दौरान भीड़ को तितर बितर करने के विभिन्न तरीकों के साथ फायर ब्रिगेड की गाड़ी से पानी की बौछार, लाठी चार्ज, आंसू गैस के गोले और दंगाइयों पर रबर के गोले, एंटी राइट गन, रबर बुलेट गन, हैंड ग्रेनेड, मिर्ची बम आदि शस्त्रों को चलाकर पूर्वाभ्यास कराया गया। पुलिस की अलग-अलग टीमें बनाकर दंगा नियत्रंण के लिए अमल में लाए जाने वाले सभी विधिक प्रावधानों का क्रमवार अभ्यास किया गया।

# बेलहर पुलिस ने किया पैदल मार्च

संवाद न्यूज एजेंसी

बेलहर। दंगा नियंत्रण को लेकर बेलहर पुलिस ने बृहस्पतिवार को क्षेत्र में पैदल मार्च किया।

इस दौरान पुलिस ने आम जनमानस से शांति बनाए रखने की अपील की। एसओ संतोष कुमार

**आम जनमानस से शांति बनाए रखने की अपील की**

मिश्र के नेतृत्व में पुलिस बल ने गनवरियां, सांथा, लोहरसन, करनजोत, सांड़ा आदि जगहों पर पैदल मार्च किया। साथ ही दंगा नियंत्रण पर काबू पाने का अभ्यास किया तथा लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की।

इस दौरान एसआई प्रमोद कुमार नायक, धर्मनाथ यादव, पुनीत पाठक, विजय यादव, राजेश कुमार चौरसिया, विनय कुमार, राजाराम गुप्ता और दिलीप कुमार आदि मौजूद थे।



बेलहर थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था को लेकर पैदल मार्च करते एसओ। संवाद

GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 10-06-2022

# चोरी की जांच करने पहुंची पुलिस, मिला शव

बालपुर, संवाददाता। सफाईकर्मी गुरुवार की सुबह स्कूल पहुंचा तो दरवाजा खुला देखकर दंग रह गया। स्कूल का सारा सामान बिखरा देखकर उसने प्रधानाध्यापक को सूचना दी। प्रधानाध्यापक की सूचना पर स्कूल पहुंची पुलिस जांच पड़ताल कर रही थी। बताया जा रहा है कि इसी दौरान बगल स्थित प्राथमिक विद्यालय द्वितीय के एक कमरे में 14 वर्षीय बालक का शव फंदे से लटक रहा था। यह देखकर पुलिस के भी होश फाख्ता हो गए। बालपुर चौकी प्रभारी ने फौरन घटना की सूचना आला-अफसरों को दी।

- स्कूल में सारा सामान बिखरा देखकर सफाई कर्मी ने दी सूचना
- प्राथमिक विद्यालय द्वितीय के एक कमरे में फंदे से लटका मिला शव

बालपुर पुलिस चौकी के निकट पास स्थित दो प्राथमिक और दो जूनियर हाईस्कूल हैं। गुरुवार को प्राथमिक स्कूल बालपुर में पचास हजार से अधिक के सामान की चोरी हो गयी थी। स्कूल के प्रधानाध्यापक राहुल कुमार सिंह ने पुलिस चौकी पर चोरी की सूचना दी। इस पर चौकी इंचार्ज स्कूल में जांच करने के लिए गए। जांच के दौरान देखा कि चौदह वर्षीय बालक का शव स्कूल के कमरे में फंदे पर लटका है। बताया जा रहा है कि बालक की चप्पल दूसरे कमरे में मिली है। उसके दोनों पैर जमीन पर टिके थे। जांच में पता चला कि स्कूल के सामने रिटायर्ड शिक्षिका कृष्नावती सिंह के यहां करीब सात साल से लौकाही मिहीपुरवा बहराइच निवासी मोहित उर्फ मुन्ना रहता था। परिवार के लोग उसे एक बार लेने भी आए लेकिन वह नहीं गया। कृष्नावती सिंह के मुताबिक सुबह नौ बजे तक वह घर पर था। उन्होंने आशंका जताई है कि किसी ने हत्या करके शव को लटका दिया है।

## पुलिस चौकी से चंद कदम दूर पर हुई घटना

प्राथमिक विद्यालय और पुलिस चौकी के बीच करीब सौ मीटर का फासला होगा। इसके बावजूद भी आये दिन विद्यालय के ताले टूटते रहते हैं और सामान गायब होते रहते हैं। जबकि पुलिस का दावा है कि वह निरंतर गश्त करती है।

**मोबाइल से हो सकता है खुलासा:** घटनास्थल पर पुलिस को एक मोबाइल फोन मिला है। पुलिस को इसी मोबाइल के सहारे जांच पड़ताल करन में जुटी है।

# पुलिसकर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण

करनैलगंज। कोतवाली में गुरुवार को दंगा नियंत्रण के लिए पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें सभी पुलिसकर्मियों को सीओ मुन्ना उपाध्याय व कोतवाल सुधीर कुमार सिंह ने प्रशिक्षित किया। जिसमें बलवा ड्रिल का सम्पूर्ण अभ्यास, पुलिसकर्मियों को बलवाइयों व अराजकतत्वों से निपटने के लिए एंटीराइट गन, गैस गन, मिर्ची बम आदि के बारे में जानकारी दी गई।

# दुष्कर्म आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

वजीरगंज। थाना क्षेत्र की एक महिला अपने गांव के ही एक युवक पर जबरन दुष्कर्म करने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता का आरोप है कि फोन पर आरोपी विकास चौबे आपत्तिजनक बात करता था। बीते 29 अप्रैल को पीड़िता खेत जा रही थी तभी आरोपी उसे खेत में खींचकर उसके साथ दुष्कर्म किया।

# बोरिंग से पानी निकालने को लेकर मारपीट

वजीरगंज। थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत अशोकपुर में बोरिंग से पानी चलाने को लेकर दो पक्षों में गुरुवार को मारपीट हो गई। एक पक्ष के स्वतंत्र सिंह का आरोप है कि दबंगों ने बोरिंग से पानी चलाने को लेकर उसे मारापीटा। वहीं दूसरे पक्ष के ललित मोहन सिंह ने भी पहले पक्ष पर मारपीट का आरोप लगाया है। एसओ सीपी सिंह ने कहा कि दोनों पक्षों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

# मादक पदार्थ के साथ एक गिरफ्तार

गोण्डा। थाना उमरीबेगम पुलिस ने गश्त के दौरान एक युवक को प्रतिबंधित नशीली गोलियों के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 240 नशीली गोलियां बरामद की हैं। पुलिस ने बताया कि थाना उमरीबेगमगंज के उपनिरीक्षक कमलेश कुमार पाण्डेय पुलिस टीम के साथ गश्त पर थे। इसी दौरान कन्हैया उर्फ प्रिंस सिंह निवासी चौहान पुरवा को पकड़ा गया।

## मनचले समेत 16 लोग गिरफ्तार

तरबगंज। पुलिस ने महिलाओं और लड़कियों पर अश्लील गाने व टिप्पणी करने वाले एक आरोपी सहित 15 शांति भंग आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। जिसमें अमरनाथ कोरी पुत्र मिश्री लाल निवासी पुरदील पुरवा बेलसर को एंटी रोमियो टीम ने गिरफ्तार किया है।

शांति भंग के आरोप में कुसमा देवी पत्नी राम सवारे, कुसमा देवी, सुंदर पति देवी, लल्ली निवासी गण कौचिहा थाना तरबगंज गोण्डा, सचिन मिश्रा, दिनेश मिश्रा निवासीगण करनीपुर थाना तरबगंज, संतोष सिंह, सुरेन्द्र सिंह निवासीगण चिरेबसना, राजकुमार पांडे निवासी रामापुर रघुनाथपुर थाना तरबगंज, मनीष तिवारी, राजेश तिवारी, अजय तिवारी, संजय तिवारी निवासी गण अकबरपुर ,जीवननाथ यादव, संदीप यादव को पकड़ा है।

# एसपी ने पुलिस बल के साथ शहर का लिया जायजा

**फ्लैग मार्च**

**गोण्डा, संवाददाता।** जुमे की नमाज के एक दिन पूर्व पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने गुरुवार दोपहर शहर में पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च किया। उन्होंने इस दौरान आगामी जुमे की नमाज के दृष्टिगत नगर क्षेत्र का भ्रमण कर शांति व सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। और चिन्हित हॉटस्पॉट, मस्जिद सुरक्षा, मुन्नन खां तिराहे पर सुरक्षा ड्यूटी में लगे पुलिस बल को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

शुक्रवार को जुमे की नमाज़ को सकुशल ढंग से सम्पन्न कराये जाने के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा शहर क्षेत्र में भारी पुलिस बल के साथ पैदल गश्त कर ड्यूटी में तैनात जवानों के पास मौजूद दंगा नियंत्रण उपकरणों को चेक किया गया। इस दौरान चिन्हित हॉटस्पॉट क्षेत्रों व मस्जिदों में शांति व सुरक्षा ड्यूटी में लगे पुलिस बल को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

पुलिस अधीक्षक ने मस्जिदों के मौलवी, धर्मगुरुओं, संभ्रांत व्यक्तियों व आमजन से संवाद कर शासन द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुरूप लोगों को शुक्रवार के दिन जुमें की नमाज को शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के लिए अपील किया। साथ ही गड़बड़ी पैदा करने वाले लोगो के विरूद्ध सख्त कार्रवाई करने का संदेश भी दिया गया।

# महिला की चेन लूटने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

## कार्रवाई

**गोण्डा, संवाददाता।** लखनऊ की महिला सोने की चेन लूटने के तीन आरोपियों को नगर कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी महंगी बाइक से लूट को अंजाम देते थे।

बीते सात मई को लखनऊ के एमडी-30 अलीगंज निवासी क्षमा टंडन पत्नी विजय कुमार टंडन ने शहर के आवास विकास कालोनी में अपने साथ हुई वारदात की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। घटना के वक्त वह बाजार से अपनी अपनी बहन नीता सेठ पत्नी अनिल कुमार सेठ घर लौट रही थीं। मेरी गले की सोने की चेन लूट कर फरार हो गए थे। एसपी के निर्देश पर पुलिस टीम ने नगर कोतवाली क्षेत्र के पोर्टरगंज निवासी वैभव उर्फ मैगी, गरीबीपुरवा के आदर्श पाण्डेय उर्फ आकाश पाण्डेय और तल्ला मुरावन पथवलिया निवासी सचिन शुक्ला को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के कब्जे से सोने की चेन, रेसर बाइक बाइक बरामद किया गया। पुलिस का कहना है कि आरोपी नशे का शौक पूरा करने लिए लूट की घटना को अंजाम देते थे।

# जेई से बदसलूकी मामले में रिपोर्ट दर्ज

तरबगंज। विद्युत विभाग के अवर अभियंता के साथ बदसलूकी संविदा कर्मी को भारी पड़ गई। अवर अभियंता ने संविदा कर्मी के विरुद्ध तरबगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

विद्युत उपकेंद्र ढोढेपुर में तैनात अवर अभियंता आमोद कुमार ने तरबगंज थाने में नामजद तहरीर देते हुए बताया कि डिस्कनेक्सन व ओटीएस अभियान के दौरान संविदा कर्मी से जानकारी मांगी गई थी। जिसपर संविदा कर्मी निवासी रघुनाथपुर ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया और मारपीट की। प्रभारी निरीक्षक मनोज पाठक ने बताया कि अवर अभियंता के तहरीर पर संविदा कर्मी के विरुद्ध रिपोर्ट हो गई है।

मनकापुर आईटीआई में बुधवार देर रात तक चला आपरेशन, तेंदुए को फंसाने के लिए बकरा भी बांधा था

# छह दिन बाद पिंजरे में कैद हुआ तेंदुआ

**सफलता**

- पिछले शनिवार को आईटीआई परिसर में तेंदुए ने दी थी दस्तक
- बुधवार देर रात कबाड़ के कमरे से पिंजरे में हुआ कैद

मनकापुर, संवाददाता। आखिरकार छह दिन तक आईटीआई परिसर में छिपा तेंदुआ पिंजरे में कैद हो गया। बुधवार देर रात वह पिंजरे में पहुंचा। रात में ही उसे पिंजरा सहित टिकरी वन रेंज ले जाया गया। वन विभाग के अफसरों ने बताया कि उसे लखनऊ से आदेश मिलने के बाद जंगल में छोड़ा जाएगा।

पिछले शनिवार को आईटीआई के उत्पादन प्लांट के आस पास तेंदुए की आमद हुई थी जिससे पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया था। बताया जाता है कि बुधवार देर शाम तेंदुआ झाड़ियों से निकलकर आईटीआई के प्रोडक्शन प्लांट रूम में घुस गया। तेंदुए के घुसते ही दरवाजे को बंद कर दिया गया। देर रात रेंजर विनोद नायक की अगुवाई में आपरेशन तेंदुआ शुरू किया गया। कमरे की दीवार तोड़कर पिंजरे को कमरे के पास लगाया गया। पिंजरे में तेंदुए को फंसाने के लिए एक बकरा भी बांधा गया था।

**इन गांवों में भी फैली रही दहशत :** आईटीआई लि. के आसपास के गांवों मऊ, फिरोजपुर, बरदही, राजापुर, मिर्जापुर, बैरीपुर, पंडितपुर, रामापुर में दहशत का माहौल बना हुआ था । भीषण गर्मी में भी लोग घरों में दुबकने को मजबूर रहे । बच्चों की देखभाल करने के लिए लोगों को सतर्क कर दिया गया था।

**राजकीय प्राणी उद्यान या फिर दुधवा नेशनल पार्क भेजा जा सकता है तेंदुआ :** रेंजर विनोद नायक ने बताया कि उच्चाधिकारियों को सूचना दे दी गई है। राज्य सरकार से अनुमति मिलते ही उसे लखनऊ स्थित राजकीय प्राणी उद्यान अथवा दुधवा नेशनल पार्क लखीमपुर भेजा जा सकता है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार से अनुमति मांगी गई है। जैसे ही वन टीम को अनुमति मिलती है वैसे ही तेंदुए को वहां शिफ्ट किया जाएगा।



वन विभाग के पिंजरे में कैद किया गया तेंदुआ। ● हिन्दुस्तान

## संचार विहार में एक और तेंदुए की सूचना

आईटीआई लिमिटेड के प्रोडक्शन प्लांट के अलावा संचार विहार कॉलोनी में भी एक और तेंदुआ होने की सूचना मिल रही है। बताया जाता है कि रविवार को एक तेंदुए की चहलकदमी को कर्मचारियों और उनके परिवार ने देखा था। दूसरे तेंदूए की मौजूदगी से संचार विहार में एक बार फिर लोग दहशत में हैं। आईटीआई लि. के वरिष्ठ जनसंपर्क अधिकारी जेके श्रीवास्तव ने बताया कि वन विभाग से संचार विहार कालोनी में भी पिंजरा लगाने की मांग की गई है। लोगों की मांग पर वन विभाग ने पिंजरा लगाकर काम्बिंग भी शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि कालोनीवासी दावा कर रहे हैं कि रविवार को लोगों ने तेंदुए को देखा था। फिलहाल वन विभाग की टीम संचार विहार परिसर में भी तेंदुआ तलाशने में जुट गई है।

गोण्डा। आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत साइबर अपराध से आजादी विषय पर जनजागरूकता कार्यक्रम इटियाथोक विकास खंड सभागार में हुआ। नुक्कड़ नाटक व लोकगीत के माध्यम से साइबर अपराधों से बचने की जानकारी दी गई। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक सत्य प्रकाश यादव, उप निरीक्षक राजकुमार सिंह, उदित कुमार वर्मा, सतीश कुमार, आदित्य कुमार शाह, नीतू यादव, प्रिया त्रिपाठी आदि मौजूद रहीं।

# गोला दागने के मामले में दो लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज

मनकापुर। पड़ोसियों के गोला दागने से एक किशोर घायल हो गया। घायल का इलाज एक निजी अस्पताल में चल रहा है। इस मामले पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज किया है।

मनकापुर गांव के पीलखाना निवासी शमीम अली उर्फ राजूमिस्त्री पुत्र ताहीर अली की ओर से दर्ज रिपोर्ट में बताया गया है कि वह रोजी रोटी के सिलसिले में बाहर रहता है। बीते 2 मई को उसका बेटा उनैद अली वर्ष अपने घर के गली में खेल रहा था। उसी समय पड़ोस के रहने वाले विपक्षी गण अनारक व इंतजार आलम जो विस्फोटक गोला गलत तरीके से दगा रहे थे कि एक गोला प्रार्थी के बेटे के सिर पर पर दग कर लग गया। जिससे उसका बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे आनन-फानन में सीएचसी मनकापुर लाया गया। जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। उसकी हालत अधिक बिगड़ते हुए देख कर लखनऊ ट्रामा सेंटर में भर्ती करवाया गया है। जहां इलाज चल रहा है। कोतवाल मनोज कुमार राय ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# टेक्नीशियन का बैग लेकर भागे चोर, कैमरे में कैद

गोण्डा। शहर के मालवीये नगर स्थित एक मकान के सामने बैग रख पोल पर सीढ़ी लगाकर नेट का केबल ठीक कर रहे टेक्नीशियन का बैग चोर चोरी कर ले गए। टेक्नीशियन ने बैग न होने पर दुकान में लगा सीसीटीवी देखा तो उसमें चोरी की वारदात कैद हो गई। पीड़ित ने नगर कोतवाली पहुंचकर तहरीर दी है।

नगर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पेरी पोखर के दूधनाथ सोनकर उर्फ धर्मेंद्र पुत्र राम सरन केबल नेट की एक निजी कंपनी में कार्यरत है। उन्होंने ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह बुधवार दोपहर शहर के मालवीय नगर स्थित एक मकान के बाहर बैग रखकर वहा लगे पोल पर सीढ़ी लगाकर नेट का केबल ठीक कर रहे थे। इसी दौरान दो अज्ञात व्यक्तियों द्वारा बैग लेकर फरार हो गए। दुकान में लगी सीसीटीवी में देखा तो दो युवक आये और बैग लेकर साइकिल से भाग निकले। बताया बैग में एक मशीन, हथौड़ा, बॉक्स, नेट का केबल रखा था। पीड़ित ने तहरीर देकर पुलिस को फुटेज उपलब्ध करा करवाई की मांग की है।

# नाबालिग को भगाने वाला आरोपी गिरफ्तार

छपिया। नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक संदीप सिंह ने बताया कि आरोपी दिनेश यादव निवासी सोनबरसा खोड़ारे को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया है।

# शराब की दुकान हटवाने थाने पहुंचीं महिलाएं

संवादसूत्र, परसपुर (गोंडा) : धार्मिक स्थल के समीप शराब की दुकान खुल जाने से मुहल्लेवासी व दुकानदार परेशान है। शराब ठेका यहां से हटाने को लेकर वार्ड नंबर छह की महिलाओं ने पुलिस से शिकायत की है।

करीब तीन दशक से परसपुर में देशी शराब की दुकान पुराने बस स्टाप के पास थी। इस बार यहां का ठेका मार्च महीने में नहीं हुआ जिसके चलते ठेका बंद हो गया। ठेका मई में हुआ। नया ठेका नगर पंचायत के वार्ड छह मुरावन टोला में धार्मिक स्थान के पास खोला गया। प्रदर्शन में पिंकी, ऊषा, सुशीला, पिंटू, शिवकांती, बेबी, सुनीता, गीता, श्यामा देवी, आशा उर्मिला, गायत्री, नानपती शामिल रहीं।

# आखिर क्यों अधूरी हैं विवेचनाएं

संसू, गोंडाः पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्र ने सदर सर्किल के पांच थानों में लंबित विवेचना की समीक्षा कर रहे थे। विवेचकों से पूछा कि समय से विवेचना पूरा न होने के क्या कारण हैं।

बोले-समय से विवेचना न पूरा करने वाले उपनिरीक्षक टीम से बाहर किए जाएंगे। एसपी नगर कोतवाली में नगर, देहात कोतवाली, खरगूपुर, इटियाथोक व महिला थाना के प्रभारियों व विवेचकों की बैठक लेकर समीक्षा कर रहे थे। छह माह से अधिक लंबित विवेचना के बारे में जानकारी ली।

विवेचना में आ रही समस्याओं के बारे में जाना और विवेचना में सहयोग न करने वालों के खिलाफ विधिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। एसपी ने कहा कि जालसाजी, अपहरण, चोरी, हत्या व महिला संबंधी मुकदमों को समय से पूरा करने के निर्देश दिए। अपहरण के मामलों में टीमें गठित कर अपहृत को बरामद कर आरोपितों की गिरफ्तारी की जाए। साइबर अपराध से बचाव के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाए।

**लगाई फटकार** : खरगूपुर थानाध्यक्ष, जानकीनगर पुलिस चौकी इंचार्ज, पिपरा बाजार चौकी के अलावा उपनिरीक्षकों को कार्यशैली में सुधार लाने की हिदायद दी। सप्ताह भीतर सभी लंबित विवेचना निस्तारण कर सूचित करें। यही नहीं, सभी लापरवाह उपनिरीक्षकों की प्रारंभिक जांच के आदेश दिए।

# फकीर के साथ अभद्रता के मामले मे दो गिरफ्तार

संसू, खरगूपुर (गोंडा) : फकीर के वेश में गांव में घूम रहे तीन लोगों के साथ अभद्रता किए जाने के मामले में पुलिस ने बृजमोहन तिवारी व फर्जी पत्रकार अंबरीष कुमार तिवारी के खिलाफ मुकदमा कर जेल भेज दिया है। बताया जाता है कि बुधवार की दोपहर खरगूपुर के डींगुर गांव में इटियाथोक के दुलहापुर पहाड़ी निवासी तीन लोग भीख मांगने के लिए पहुंचे थे। वे लोग फकीर के वेश में थे। गांव के दो युवकों ने उनसे आधार कार्ड मांगा। इस पर फकीर अपना आधार कार्ड नहीं दिखा सके। इस पर तीनों के साथ अभद्रता करते हुए पिटाई कर दी। वीडियो में युवकों ने धार्मिक नारे भी लगवाए। युवकों ने दोबारा गांव में न आने की चेतावनी दी। इसका किसी ने वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। इसके बाद पुलिस ने बृजमोहन तिवारी व फर्जी पत्रकार अंबरीष कुमार तिवारी के खिलाफ मुकदमा कर जेल भेज दिया।

# युवती के साथ दुष्कर्म का प्रयास

धानेपुर : युवती के साथ दुष्कर्म करने के प्रयास का मामला प्रकाश में आया है। पिता ने थाने पर तहरीर दी है। कहा कि गुरुवार की सुबह उनकी पुत्री शौच के लिए गई थी। रास्ते में बैठे गांव के दो व्यक्तियों ने खेत में उसे जबरन खींच ले गए। दुष्कर्म करने की कोशिश की। बेटी के शोर मचाने पर आरोपित धमकी दे कर चले गए। थानाध्यक्ष संजय कुमार गुप्ता ने कहा कि तहरीर मिली है। (संसू)

# शुक्रवार की नमाज को लेकर एसपी ने किया पैदल मार्च

संसू, गोंडा: शुक्रवार की नमाज को लेकर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्र ने पैदल मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। लोगों से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिया। वहीं थानों में दंगाइयों से निपटने के लिए पुलिस कर्मियों ने पूर्वभ्यास किया।

जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में बीते कई दिनों से धर्म गुरुओं के साथ बैठक कर आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की। उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाया। हर मोर्चे पर दंगाइयों से निपटने को लेकर पुलिस कर्मियों को तैयार रहने के निर्देश दिए। वहीं जिले भर में अलर्ट जारी किया जा चुका है।

शहर में विभिन्न चौराहों पर पैदल मार्च कर एसपी ने लोगों से बात की। कहा कि सभी लोग शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए तत्पर रहें। किसी तरह की अफवाह में न आएं।

एसपी ने यह भी बताया कि इंटरनेट पर अफवाह फैलाने वालों की निगरानी के लिए टीमें लगाई गई हैं। कुछ लोगों पर मुकदमा भी किया जा चुका। शुक्रवार की नमाज को लेकर पुलिस व पीएसी की अतिरिक्त टीमें लगाई हैं।

# आइटीआइ के कबाड़ रूम से पकड़ा गया खूंखार तेंदुआ

जागरण टीम, गोंडा : मनकापुर आइटीआइ परिसर के कबाड़ रूप से वन विभाग की टीम ने बुधवार की देररात तेंदुआ पकड़ लिया है। तेंदुआ को जंगल में छोड़ने के लिए वन्य जीव के प्रमुख से अनुमति मांगी गई है। वहीं, अधिकारियों व कर्मचारियों ने राहत की सांस ली है। वहीं, इटियाथोक के मेहनौन व समदा गांव में जंगली जानवर के हमले में 13 लोग घायल हुए हैं।

मनकापुर आइटीआइ परिसर में करीब 15 दिन पूर्व तेंदुआ ने दस्तक दी थी। रात में कर्मचारियों ने जानवर को देखा था। इसके बाद बच्चों व महिलाओं के घरो से बाहर निकलने पर पाबंदी लगा दी गई थी। वन विभाग की टीम ने पिंजड़ा लगाकर कांबिंग शुरू की थी। एक सप्ताह तक कांबिंग के बावजूद कोई कामयाबी नहीं मिली। सोमवार को अचानक फिर आइटीआइ परिसर में तेंदुआ की लोकेशन मिली।



मनकापुर आइटीआइ पिंजड़े में बंद तेंदुआ ● जागरण

कबाड़ रूप में जानवर होने की आशंका पर पिंजड़ा लगाकर बकरी बांधी गई। वन क्षेत्राधिकारी टिकरी रेंज विनोद कुमार नायक ने कहा कि काफी मशक्कत के बाद बुधवार की देररात तेंदुआ को पकड़ने में कामयाबी मिली। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को सूचना भेजी गई है। डीएफओ आरके त्रिपाठी ने कहा कि तेंदुआ को जंगल में छोड़ने के लिए उच्चाधिकारियों से अनुमति मांगी गई है।



हमले में घायल पूनम व अमन ● जागरण

- वन विभाग की टीम को रात 12 बजे मिली कामयाबी, जंगल में छोड़ने के लिए मांगी गई अनुमति
- इटियाथोक के मेहनौन व समदा गांव में जंगली जानवर ने किया हमला, 13 लोग घायल

**अधिकारियों व कर्मचारियों ने ली राहत की सांस:** मनकापुर आइटीआइ में तैनात पर्यावरण विद् संतोष वाजपेयी ने कहा कि तेंदुआ की दहशत से अधिकारी व कर्मचारी 15 दिन से परेशान थे। जानवर पकड़ जाने से लोगों ने राहत की सांस ली है।

## जंगली जानवर के हमले में 13 लोग घायल

इटियाथोक : क्षेत्र के मेहनौन व समदा गांव में बुधवार की देररात एक जंगली जानवर ने हमला कर दिया। इससे करीब 10 लोग घायल हुए। घायलों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। समदा निवासी पवन तिवारी व रंजन मिश्र ने कहा कि वह अपने खेत में धान के नर्सरी की रखवाली कर रहे थे। अचानक किसी जानवर ने हमला कर दिया। शोर सुनकर दौड़े ग्रामीणों ने जानवर को खदेड़ा। पूनम, रानी, पूनम, अमन, साधना, गन्नू, अरबुन, अब्बास, कृष्ण कुमार, मोहित तिवारी, शिवकुमार तिवारी घायल हुए हैं। ग्रामीण जानवर के तेंदुआ होने की आशंका जता रहे हैं। वन विभाग की टीम कांबिंग कर रही है।

# महिला से चेन लूटने वाले तीन आरोपित गिरफ्तार

संसू, गोंडा: लखनऊ के अलीगंज निवासी क्षमा टंडन अपनी बहन नीता सेठ निवासी आवास विकास कालोनी नगर कोतवाली बीते माह आई थीं। बीते 31 मई को बाजार से वापस आते वक्त बाइक सवार बदमाशों ने गले पहने चेन को छीन लिया और भाग निकले। क्षमा की तहरीर पर नगर कोतवाली में मुकदमा किया गया। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्र ने घटना के राजफाश के लिए सीओ सिटी के नेतृत्व में टीम गठित की। नगर कोतवाली पुलिस सहित अन्य टीमों ने घटना का राजफाश करते हुए तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। नगर कोतवाल पंकज सिंह ने कहा लूट के मामले में आरोपित वैभव उर्फ मैंगी निवासी पोर्टरगंज, आदर्श पांडेय निवासी गरीबी पुरवा व सचिन शुक्ल निवासी तल्ला मुरावन पुरवा पथवलिया को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से एक सोने की चेन व घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद की गई है। दूसरी तरफ छपिया पुलिस ने युवती के अपहरण करने के आरोपित दिनेश यादव निवासी सोनवरसा खोड़ारे को गिरफ्तार किया है।

# चार महिलाओं समेत 15 गिरफ्तार

**तरबगंज (गोंडा)।** क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायतों में शांतिभंग के मामले में पुलिस ने चार महिला समेत 15 लोगों पर कार्रवाई करते हुए न्यायालय भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक मनोज पाठक ने बताया कि कुसमा देवी, कुसमा देवी, सुंदर पति देवी, लल्ली निवासी कौंचिहा, सचिन मिश्रा, दिनेश मिश्रा निवासी करनीपुर, संतोष सिंह, सुरेंद्र सिंह निवासी चिरेबसना, रामापुर रघुनाथपुर, मनीष तिवारी, राजेश तिवारी, अजय कुमार तिवारी, संजय कुमार तिवारी निवासी अकबरपुर, जीवननाथ यादव, संदीप यादव निवासी परसदा को पकड़कर न्यायालय भेजा गया है। (संवाद)

# आठ बोटा साखू की लकड़ी बरामद

**वजीरगंज (गोंडा)।** क्षेत्र के जमलापुर चौराहे के पास से रेंजर के नेतृत्व में वन कर्मियों ने रात में एक ट्रैक्टर-ट्रॉली पर लदी साखू की आठ बोटा लकड़ी को बरामद किया है। वन क्षेत्राधिकारी विनोद कुमार नायक ने बताया कि आरोपी लकड़ी के ऊपर भूसा रखकर ले जा रहे थे। ट्रैक्टर -ट्रॉली अंबरपुर से वजीरगंज की तरफ जा रही थी। अंबरपुर निवासी आशीष को गिरफ्तार किया गया। (संवाद)

# युवक लापता, केस दर्ज

**वजीरगंज (गोंडा)।** क्षेत्र के ग्रामसभा जमुनहा मझरेती निवासी हनुमान गोस्वामी ने कोतवाली देहात में प्रार्थना पत्र देकर अपने बेटे की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। कहा कि उनका बेटा राहुल (18) अपने दूर के रिश्तेदार ग्राम गोगिया गोसाई पुरवा थाना कोतवाली देहात निवासी लालजी गोस्वामी के घर पर रहकर काम करता था। संवाद

# अभियान चलाकर स्वजन के सिपुर्द किए गए बच्चे

संसू, गोंडा : बाल भिक्षावृत्ति रोकने को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। इसमें तीन बच्चे भीख मांगते मिले। इनको स्वजन के सिपुर्द किया गया है।

चाइल्ड लाइन प्रभारी आशीष मिश्र ने कहा कि वजीरगंज बाजार में अरविंद कुमार, श्रम प्रवर्तन अधिकारी योगेश दीक्षित व पुलिस टीम के साथ मिलकर अभियान चलाया गया। तीन बच्चों को रेस्क्यू किया गया। इनको बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया। यहां आवश्यक कार्रवाई के बाद बच्चों को स्वजन के सिपुर्द कर दिया गया है। उनको बच्चों को पढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

# बस डकैती में गैंगस्टर को सात साल की सजा

संवाद न्यूज एजेंसी

**गोंडा।** अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट ने डकैती के 20 साल पुराने अपराध में एक अभियुक्त को सात वर्ष का सश्रम कारावास व दस हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है।

विशेष लोक अभियोजक गैंगस्टर एक्ट उदय प्रताप वर्मा व दान बहादुर सिंह ने बताया कि पांच मार्च 2002 को बस चालक हरदेव सिंह ने कौड़िया थाने में तहरीर देकर कहा कि वह अपनी बस लेकर लुधियाना से पूर्णिया बिहार जा रहा था। रात करीब 12 बजे गोंडा-बहराइच रोड पर आर्यनगर से एक किमी आगे गोंडा की ओर पहुंचा तो सड़क पर टायर में कील घुस जाने से बस खड़ी हो गई। तभी 10-15 बदमाश आ गए और घेरकर कुछ बदमाश अंदर घुसे। धमकाकर 23 हजार व अन्य सवारियों से रुपये व कपड़ा आदि लूटकर भाग गए। पुलिस ने बस में डकैती व गैंगस्टर एक्ट में विवेचना की। साक्ष्य संकलित कर अन्य सह अभियुक्तों के साथ आरोपी माबूद निवासी पठानटोला थाना कटरा बाजार के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया। पुख्ता सबूत मिलने पर दोषसिद्ध किया गया। गुरुवार को अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश (गिरोह बंद अधिनियम) राज बहादुर रामदेव यादव ने आरोपी माबूद को सात साल के सश्रम कारावास व 10 हजार रुपये अर्थदंड लगाया है।

## दरोगा को महंगी पड़ी गिरफ्तारी और विवेचना में मनमानी

**गोंडा।** अभियुक्त की गिरफ्तारी और विवेचना में कानूनी प्रक्रियाएं दरकिनार कर मनमाना तरीका अख्तियार करना एक दरोगा को महंगा पड़ गया। अदालत ने इसे गंभीरता से लेते हुए डीआईजी व पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर दरोगा के खिलाफ कार्रवाई का आदेश दिया है। मामला धानेपुर थाना क्षेत्र का है। मौजा खम्हरिया के खौदी पुरवा गांव निवासी शिवम मिश्र के खिलाफ थाने में आईपीसी की धारा 354, 504, 506 के तहत अभियोग दर्ज हुआ था। अभियुक्त को गिरफ्तार कर उपनिरीक्षक ने न्यायालय में पेश कर 14 दिन के रिमांड की मांग की थी। अभियुक्त के अधिवक्ता सुरेंद्र मिश्र सूर्य ने इस पर आपत्ति की। गिरफ्तारी के दौरान निर्धारित क्रिया का पालन न करने का हवाला देते हुए रिमांड खारिज करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि जिन धाराओं में अभियुक्त की गिरफ्तारी की गई है उसमें सात वर्ष से कम सजा का प्रावधान है। ऐसे में गिरफ्तारी नहीं की जा सकती। विवेचक ने दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 41 क का पालन भी नहीं किया। ऐसे में अभियुक्त की गिरफ्तारी विधि विरुद्ध है और रिमांड स्वीकार नहीं किया जा सकता। इसके अलावा भी कई सवाल उठाए। मामले की सुनवाई के दौरान प्रभारी मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सौम्या मिश्रा ने निर्णय देते हुए अभियुक्त का रिमांड खारिज कर दिया। विवेचना कर रहे धानेपुर थाने के दरोगा अयोध्या सिंह के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई के लिए देवीपाटन परिक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक व पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखा है। (संवाद)

# मारपीट में आठ पर मुकदमा

**वजीरगंज (गोंडा)।** क्षेत्र के दो गांवों में हुई मारपीट की घटना में पुलिस ने आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पहले मामले में मझगवां निवासिनी सुंदरपता के अनुसार उसके गांव के तीन सगे भाइयों शत्रोहन बारी, जोगिंदर बारी, देवेंदर बारी व दापा ने अभद्रता कर लाठी-डंडों से मारापीटा। चिकित्सक ने सुंदरपता को जनपद चिकित्सालय रेफर कर दिया है। पुलिस ने चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। दूसरे मामले में कोंडर निवासी बब्बू सिंह ने गांव के ही तीन सगे भाइयों संजय सिंह, बड़कऊ सिंह, विनोद सिंह व प्रवीण सिंह के विरुद्ध अभद्रता व लाठी-डंडों से मारने-पीटने का आरोप लगा केस दर्ज कराया है। थानाध्यक्ष चंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। (संवाद)

# दो बदमाश जिला बदर

**गोंडा।** अपर जिलाधिकारी ने आपराधिक कृत्य में शामिल अलग-अलग थाना क्षेत्र के दो अभ्यस्त अपराधियों को गुंडा एक्ट के तहत जिला बदर किया है। सहायक अभियोजन अधिकारी सुभाष कुमार के अनुसार प्रभारी निरीक्षक कोतवाली करनैलगंज ने शिव किशोर निवासी ग्राम शीशामऊ व थानाध्यक्ष वजीरगंज ने रसीद निवासी रमचेरापुर के विरुद्ध पुलिस अधीक्षक को रिपोर्ट भेजा। दोनों आरोपी अपराधी प्रवृत्ति के हैं। अपर जिला मजिस्ट्रेट सुरेश कुमार सोनी ने दोनों को छह माह की अवधि के लिए जिला बदर किया गया है। (संवाद)

# आईटीआई में घुसा तेंदुआ पिंजरे में हो गया कैद



गोंडा के आईटीआई मनकापुर में पिंजरे में कैद हुआ तेंदुआ। -संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**मनकापुर (गोंडा)।** बीते एक पखवारे से आईटीआई परिसर में उत्पादन प्लांट के आसपास तेंदुए की आमद से दहशत का माहौल बना हुआ था। वन विभाग की टीम ने काफी मशक्कत के बाद बुधवार रात में प्लांट परिसर से तेंदुए को पिंजरे में कैद कर लिया। इससे प्रशासन समेत आईटीआई के कर्मचारियों व उनके परिवारीजनों ने राहत की सांस ली।

आईटीआई परिसर में तेंदुए की आमद से संचार विहार कॉलोनी, आईटीआई कामगारों व आसपास के दर्जनों गांवों में दहशत के बीच बुधवार देर शाम तेंदुआ झाड़ियों से निकलकर आईटीआई के प्रोडक्शन प्लांट में घुस गया। तेंदुए के भीतर घुसते ही दरवाजे को बंद कर दिया गया। रेंजर विनोद कुमार नायक की अगुवाई में ऑपरेशन शुरू किया गया। कमरे की दीवार काटकर बकरे के साथ पिंजरा लगाकर तेंदुए को उसमें आने के लिए उकसाया गया। देर रात तक चले ऑपरेशन के बाद तेंदुआ आखिरकार लोहे के पिंजरे में कैद हो गया। वरिष्ठ जनसंपर्क अधिकारी जेके श्रीवास्तव ने बताया कि तेंदुए को वन विभाग की टीम ने टिकरी जंगल में रखा है। रेंजर विनोद कुमार नायक ने बताया कि अनुमति मिलते ही तेंदुए को लखनऊ स्थित राजकीय प्राणी उद्यान अथवा दुधवा नेशनल पार्क लखीमपुर भेजा जा सकता है।

**संचार विहार कॉलोनी में दहशत का माहौल :** आईटीआई परिसर में एक और तेंदुआ होने की बात कही जा रही है। जिससे संचार विहार कॉलोनी में दहशत है। वरिष्ठ जनसंपर्क अधिकारी जेके श्रीवास्तव ने बताया कि वन विभाग की टीम से पिंजरा लगाने की मांग की गई है। कॉलोनी में कांबिंग कराने को भी कहा है। जिससे कर्मचारियों की दहशत को दूर किया जा सके।

**एक पखवारे से दहशत में थे आईटीआई कर्मचारी व उनके परिवार**

**प्रोडक्शन प्लांट में घुसते ही बाहर से बंद कर दिया गया दरवाजा**

## जंगली जानवर के हमले में 12 घायल



हमले में घायल महिला व युवक।

**मुजेहना (गोंडा)।** धानेपुर थाना क्षेत्र की मेहनौन ग्राम पंचायत में जंगली जानवर के हमले में 12 लोग घायल हो गये। ग्रामीण उसे तेंदुआ बता रहे हैं। समदा मजरा निवासी रज्जन मिश्र ने बताया कि तेंदुए के हमले में 12 से अधिक लोग जख्मी हुए हैं। इनमें से कुछ लोगों का इलाज भी चल रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि रात में कुछ लोग घरों से बाहर सो रहे थे तो कुछ लोग फसलों की रखवाली कर रहे थे। इसी बीच जंगली जानवर ने हमला करके लोगों को जख्मी कर दिया। घायलों में अमन, साधना, रानी, पूनम, विमला, गन्नू, अब्बास, पवन कुमार, रज्जन मिश्र आदि शामिल हैं। प्रधान प्रतिनिधि अजीत सिंह रामू ने वन विभाग को मामले की जानकारी दी। वन क्षेत्राधिकारी बकाउल्ला खान ने बताया कि मौके पर जांच पड़ताल की गई है। जानवर के पगचिह्न भी देखे गये हैं। मगर तेंदुए की पुष्टि नहीं हुई है। रात में टीम गांव में रहेगी और कांबिंग कर असलियत का पता लगाया जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों से सतर्क रहने को कहा है। (संवाद)

# चोरी की जांच करने पहुंची पुलिस को लटका मिला शव

## प्राइमरी स्कूल बालपुर में चोरी की जांच करने पहुंची थी पुलिस, स्कूल के सामने रिटायर्ड शिक्षिका के यहां रहता था किशोर

संवाद न्यूज एजेंसी

बालपुर (गोंडा)। चोरी की सूचना पर प्राथमिक विद्यालय बालपुर में छानबीन करने पहुंची पुलिस को वहां 14 वर्षीय किशोर का शव रस्सी से बंधे फांसी के फंदे पर लटका मिला। पुलिस ने डॉग स्क्वाएड व फॉरेंसिक टीम बुलाकर जांच-पड़ताल के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। गांव के लोग किशोर की हत्या की आशंका जता रहे हैं। जबकि पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर छानबीन कर आवश्यक कार्रवाई करने की बात कही है।

बालपुर पुलिस चौकी के पास स्थित प्राथमिक स्कूल बालपुर में चोरी हो गई थी। प्रधानाध्यापक राहुल सिंह ने पुलिस चौकी पर सूचना दी। इस पर चौकी प्रभारी नीरज कुमार सिंह गुरुवार को मौका मुआयना करने पहुंचे। यहां एक ही स्थान पर दो प्राथमिक व दो जूनियर स्कूल संचालित हैं। चौकी प्रभारी बगल के दूसरे प्राथमिक स्कूल में जांच करने के लिए गये तो देखा कि 14 वर्षीय एक किशोर का शव छत के हुक में रस्सी से बंधे फंदे पर लटका हुआ है। मृतक की पहचान मोहित उर्फ मुन्ना के रूप में हुई। पता चला कि मोहित स्कूल के सामने रहने वाली रिटायर्ड शिक्षिका कृष्णावती सिंह के यहां करीब सात साल से रह रहा था।

मोहित बहराइच के लौकाही, थाना मिहींपुरवा का रहने वाला था। परिवार के लोग एक बार मोहित को लेने आए थे मगर वो नहीं गया। कृष्णावती के मुताबिक सुबह नौ बजे तक मोहित घर में था। किसी ने हत्या कर उसका शव स्कूल परिसर में फंदे पर लटकाया है। कृष्णावती ने अज्ञात लोगों के खिलाफ तहरीर दी है। सीओ कर्नलगंज मुन्ना उपाध्याय ने बताया कि जो भी इस वारदात में शामिल हैं, वो जल्द ही पकड़े जाएंगे। पुलिस टीम लगी हुई है।



बालपुर में स्कूल में किशोर का शव मिलने के बाद जांच करती पुलिस। संवाद

### पैर में मिले चोट के निशान

नारियल की रस्सी से बंधे फांसी के फंदे पर मोहित का शव तो लटका था मगर उसके पैर जमीन पर टिके थे। पैर में चोट के निशान भी मिले हैं। मोहित की चप्पलें दूसरे कमरे में मिली हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि उस कमरे में मोहित को मारने के बाद घसीटकर दूसरे कमरे में ले जाकर फंदे पर लटकाया गया हो।

### परिवार के सदस्य की तरह था मोहित

कृष्णावती सिंह ने पुलिस को बताया कि उनका मायका लौकाही, थाना मिहींपुरवा, बहराइच में है। मोहित भी वहीं का था। उनके पति की मौत बरसों पहले हो गई थी। कोई संतान नहीं है। इस वजह से वह अपने भतीजे रिंकू सिंह को साथ रखती हैं। रिंकू व मोहित एक ही गांव के हैं। कृष्णावती का कहना है कि सात साल से मोहित परिवार के सदस्य की तरह रहा था। किसी ने उसकी हत्या करके शव स्कूल में फंदे पर लटकाया है।

### फोन के जरिए हत्यारों तक पहुंचने का प्रयास

पुलिस को छानबीन के दौरान घटनास्थल पर एक मोबाइल फोन चार्जिंग में लगा मिला है। जिसमें पैटर्न लॉक लगा है। पुलिस इसी मोबाइल फोन के सहारे हत्यारों तक पहुंचने के प्रयास में जुटी है।

> “ स्कूलों में रात में कोई नहीं रहता है। इस वजह से अक्सर स्कूलों में चोरी हो जाती है, लेकिन ये घटना दिल दहलाने वाली है। इस विद्यालय से करीब 60 हजार का सामान चोरी हुआ है।
>
> –रियाज अहमद, खंड शिक्षा अधिकारी, हलधरमऊ

# BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 10-06-2022

# तीन को विशेष लोक अदालत

बलरामपुर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ज्ञानेन्द्र कुमार ने बताया कि आगामी तीन जुलाई को विशेष लोक अदालत का आयोजन दीवानी न्यायालय परिसर में किया जाएगा। उन्होंने जिले वासियों से अपील किया है कि सभी वादकारी विशेष लोक अदालत में सुलह समझौता के आधार पर अपने मामलों का निस्तारण करा सकते हैं।

# वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

बलरामपुर। गैसड़ी कोतवाली पुलिस ने वांछित अभियुक्त पिपरी निवासी इनामुल को गिरफ्तार किया है। उस पर मारपीट व एससी एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।

# तमंचा रखने के आरोप में पांच माह 11 दिन की सजा

बलरामपुर। थाना देहात की बिशुनीपुर निवासी लालमन को सीजीएम न्यायालय ने पांच माह 11 दिन की सजा सुनाई है। लालमन को तमंचा रखने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। सजा के साथ-साथ उन्हें 500 रुपए का जुर्माना भी देना होगा।

# एसपी ने लोगों की शिकायतें सुनीं

बलरामपुर। एसपी ने गुरुवार को अपने कार्यालय में लोगों की फरियाद सुन कर प्रार्थना पत्रों के निस्तारण का निर्देश दिया। लगभग दर्जन भर लोगों ने एसपी से मिलकर अपनी शिकायत दर्ज कराई। एसपी ने संबंधित प्रभारी निरीक्षकों को फोन कर तीन दिन के भीतर समस्याओं के निस्तारण का निर्देश दिया।

# पुलिस ने पूर्वाभ्यास किया

बलरामपुर। सभी थानों की पुलिस ने दंगा नियंत्रण के लिए उपकरणों की साफ सफाई की। दंगा नियंत्रण का पूर्वाभ्यास भी किया। दंगा नियंत्रण उपकरण रबर बुलेट गन, टियर गैस गन, हैंड ग्रेनेड आदि शस्त्रों की जानकारी एक दूसरे से साझा की।

हिन्दुस्तान

### सिंचाई के लिए बिछी पाइप लाइन ने सुनील व राजकुमार के बीच चल रही प्रधानी के चुनाव की रंजिश को बढ़ा दिया

# चुनाव में विरोध पर शुरू हुई थी दुश्मनी

## वारदात

बलरामपुर, संवाददाता। राजकीय नलकूप से सिंचाई के लिए बिछी पाइप लाइन ने सुनील व राजकुमार के बीच प्रधानी चुनाव को लेकर सुलग रही दुश्मनी की आग को भड़का दिया। दोनों पड़ोसी शाम को घर पहुंचे तो विवाद बढ़ गया। ग्राम प्रधान सुनील अपने गुस्से पर काबू नहीं पा सका। उसने पिस्टल से निशाना साधकर राजकुमार व उनके छोटे भाई शिवकुमार पर फायर कर दिया। गोली अपना काम कर चुकी है, अब पुलिस के काम की बारी है। गांव में सन्नाटा पसरा है। एहतियातन गांव में पुलिस बल तैनात है। राजकुमार की पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। बुजुर्ग पिता की आंखों से आंसुओं की वर्षा हो रही है।

थाना देहात क्षेत्र का गांव है इमिलिया डिहवा। यहां की आबादी लगभग 700 है। सुनील कुमार व राजकुमार का घर अगल-बगल बना है। दोनों आपस में

- गांव में पसरा है सन्नाटा, बवाल को रोकने के लिए पुलिस बल तैनाती
- पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल, बुजुर्ग पिता की अश्रुधारा नहीं रुक रही

पटीदार है। दोनों परिवारों के बीच पहले से ही अनबन थी। प्रधानी का चुनाव करीब आया तो राजकुमार ने पूर्व प्रधान जयप्रकाश का समर्थन किया। अपने पटीदार सुनील की मदद नहीं की। सुनील ने पूर्व प्रधान जयप्रकाश को चुनाव हरा दिया। इसी बात पर दोनों के बीच खुन्नस बढ़ गई।

राजकुमार के पिता मुन्नालाल बताते हैं कि सुनील एक मनबढ़ प्रवृत्ति का व्यक्ति है। वह जरा जरा सी बात पर गांव वालों को धमकाता था। मनरेगा कार्य के लिए जिसके खेत से चाहा उससे मिट्टी निकाल ली। सुनील व राजकुमार का खेत भी अगल-बगल है। पास में ही राजकीय नलकूप लगा



राजकुमार जायसवाल (फाइल फोटो)

है। 15 दिन पहले मुन्ना लाल ने फसल सिंचाई के लिए प्लास्टिक की पाइप लाइन बिछाई थी। पाइपलाइन को सुनील के खेत से लाना पड़ा था। रामसुंदर का आरोप है कि बुधवार सुबह करीब 10 बजे सुनील व उनके परिजनों ने पाइप लाइन को उखाड़ कर फेंक दिया।

देर शाम सुनील व राजकुमार घर लौटे तो दोनों के बीच कहासुनी होने लगी। मुन्ना लाल का आरोप है कि सुनील को सुखराम व बुद्धराम ने भड़का कर गोली चलवाई है।



अस्पताल में भर्ती घायल शिवकुमार।

**घटना के बाद गांव में रहा अफरा तफरी का माहौल:** घटना के बाद गांव में अफरा तफरी का माहौल हो गया। अधिकांश लोग घर छोड़कर कर रिश्तेदारी में चले गए। घटनास्थल पर पहुंचे थाना देहात के प्रभारी निरीक्षक विद्यासागर वर्मा ने मामले की छानबीन शुरू की। विवाद बढ़ने न पाए इसलिए गांव में पुलिस बल तैनात कर दी गई। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है। सदर विधायक पलटूराम, भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष प्रकाश सिंह गुड्डू, बृजेन्द्र

## बीट सिपाही निलंबित दो आरोपी गिरफ्तार

एसपी राजेश कुमार सक्सेना ने बताया कि हत्या के मामले में दो आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। सुनील की तलाश में पुलिस जुटी हुई है। प्रथम दृष्ट्या कार्य में शिथिलता बरतने के आरोप में बीट सिपाही राशिद खान को निलंबित कर दिया गया है। अन्य पुलिस कर्मियों की भूमिका की जांच के आदेश दिये हैं।

तिवारी, महेश मिश्रा, आकाश तिवारी आदि ने मुन्नालाल के घर पहुंच कर उनका हालचाल पूछा।

**प्रतिबंधित बोर की पिस्टल से हुई हत्या:** सुनील ने राजकुमार व उनके भाई शिवकुमार पर प्रतिबंधित बोर की पिस्टल से फायर किया है। पुलिस अभियुक्तों को पकड़ कर जेल भेज देती है लेकिन आला कत्ल बरामद करने में हीलाहवाली करती है। जिले में मुंगेर पिस्टल का कारोबार फैला है

हिन्दुस्त

# तीन को विशेष लोक अदालत

बलरामपुर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ज्ञानेन्द्र कुमार ने बताया कि आगामी तीन जुलाई को विशेष लोक अदालत का आयोजन दीवानी न्यायालय परिसर में किया जाएगा। उन्होंने जिले वासियों से अपील किया है कि सभी वादकारी विशेष लोक अदालत में सुलह समझौता के आधार पर अपने मामलों का निस्तारण करा सकते हैं।

# वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

बलरामपुर। गैसड़ी कोतवाली पुलिस ने वांछित अभियुक्त पिपरी निवासी इनामुल को गिरफ्तार किया है। उस पर मारपीट व एससी एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।

# तमंचा रखने के आरोप में पांच माह 11 दिन की सजा

बलरामपुर। थाना देहात की बिशुनीपुर निवासी लालमन को सीजीएम न्यायालय ने पांच माह 11 दिन की सजा सुनाई है। लालमन को तमंचा रखने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। सजा के साथ-साथ उन्हें 500 रुपए का जुर्माना भी देना होगा।

हिन्दुस्तान

# दुराचार के दोषी को 10 साल का कारावास

**अदालत से**

बलरामपुर, संवाददाता। जिला जज ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में अभियुक्त को दस वर्ष साश्रम कारावास की सजा सुनाई है। अभियुक्त को एक लाख अर्थदंड भी अदा करना होगा। मामला थाना ललिया से सम्बन्धित है।

जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी कुलदीप सिंह ने बताया कि ललिया थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति ने 11 जनवरी 2016 को प्राथमिकी दर्ज कराई। आरोप लगाया कि 27 अक्टूबर 2016 को शाम सात बजे उसकी 11 वर्षीय पुत्री शौच के लिए गई थी। वहां पर उसे गांव का ही रमेश उर्फ छोटकऊ पकड़कर उसे पूरी रात बाग की आड़ में रखा और उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर अभियुक्त की गिरफ्तारी की। विचारण के दौरान अभियोजन पक्ष ने आठ गवाहों का बयान दर्ज कराया। दोनों पक्षों को सुनने के बाद जनपद न्यायाधीश ने अभियुक्त को दस साल साश्रम कारावास व एक लाख रुपए अर्थदंड दिया है।

## छेड़छाड़ के मामले में पांच साल की जेल

बलरामपुर। विशेष न्यायाधीश पाक्सो ऐक्ट महेन्द्र नाथ ने नाबालिग के साथ छेड़खानी के मामले में न्यायाधीश ने अभियुक्त को पांच साल कारावास की सजा दी है। अभियुक्त को पांच हजार रुपए जुर्माना भी अदा करना हो। अर्थ दंड न देने पर दो माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। शासकीय अधिवक्ता फौजदारी पवन कुमार शुक्ल ने बताया कि ललिया थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति ने सात मार्च 2015 को प्राथमिकी दर्ज कराई। आरोप लगााय कि उसकी नौ वर्षीय लड़की बकरी चराने गई थी। पड़ोसी गांव के अजीज अहमद जो घास काटने आए थे, उसकी लड़की का हाथ पकड़कर गन्ने के खेत में खींचने लगे और उसके कपड़े फाड़ दिए। पिड़िता के चिल्लाने पर उसका मुंह दाब दिया। शोर सुनकर वादी मुकदमा सहित अन्य लोग आ गए, जिन्हें देखकर अजीज अहमद उसकी नाबालिग लड़की को छोड़कर भाग गया। तहरीर के आधार पर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई।

# दुष्कर्म के आरोपित को 14 साल कठोर कारावास

**संवादसूत्र, बलरामपुर** : विशेष सत्र न्यायाधीश पाक्सो ने नाबालिग से दुष्कर्म करने के मामले में आरोपित को 14 साल कठोर कारावास की सजा सुनाते हुए अर्थदंड से दंडित किया है। 27 फरवरी 2015 को थाना सादुल्लाहनगर में प्राथमिकी दर्ज कराई गई कि क्षेत्र की एक नाबालिग लड़की के साथ कपिल देव उर्फ बब्लू ने दुष्कर्म किया।

अभियोजन की ओर से कई गवाहों का बयान अंकित कराया गया। बचाव पक्ष से कहा गया कि घटना गलत है और सांप्रदायिक बनाने के लिए झूठा मुकदमा लिखाया गया है। घटना का कोई चश्मदीद गवाह नहीं है। पीड़िता ने दबाव में बयान दिया है। न्यायाधीश ने दोनों पक्षों के तर्क सुनने के बाद आरोपित को 14 साल कैद की सजा सुनाते हुए 20 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। न्यायधीश के निर्देशानुसार अर्थदंड न अदा करने की स्थिति में आरोपित को नौ माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा।

## दुष्कर्म मामले में 10 साल की कैद

**संवादसूत्र, बलरामपुर** : विशेष अपर सत्र न्यायाधीश अभिनीतम उपाध्याय ने दुष्कर्म मामले में आरोपित को 10 साल कारावास की सजा सुनाते हुए अर्थदंड से दंडित किया है। जिला शासकीय अधिवक्ता कुलदीप सिंह व विशेष अभियोजन पवन कुमार वर्मा ने बताया कि 11 जनवरी 2016 को थाना ललिया में प्राथमिकी दर्ज की गई कि क्षेत्र की एक लड़की शौच के लिए बाग गई थी। उसके साथ रमेश उर्फ छोटकऊ ने जबरन दुष्कर्म किया। अभियोजन की ओर से आठ गवाहों का बयान अंकित कराया गया। बचाव पक्ष से कहा गया कि आवेदक निर्दोष है। जमीनी रंजिश को लेकर फर्जी फंसा दिया गया है। गवाहों के बयान में विरोधाभास है। न्यायाधीश ने दोनों पक्षों के तर्क सुनने के बाद दोष सिद्ध ठहराते हुए निर्देश दिया कि अर्थदंड न जमा करने पर अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा।

# आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले पर रिपोर्ट दर्ज करने की मांग

**संसू, उतरौला (बलरामपुर) :** परिचर्चा के दौरान नूपुर शर्मा के पैगम्बर मुहम्मद साहब के खिलाफ कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के खिलाफ मुसलमानों ने गुरुवार को एसडीएम संतोष ओझा को ज्ञापन दिया।

जामा मस्जिद के मौलाना अख्तर रजा के नेतृत्व में टिप्पणी करने वाले के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर मस्जिद गेट के सामने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन दिया। ज्ञापन में कहा कि नूपुर शर्मा ने पैगम्बर ए इस्लाम हजरत मोहम्मद पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी, जिससे हमारी भावनाएं आहत हुई हैं। उनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर तत्काल आवश्यक कार्रवाई की जाए। हाजी शमीम, अबू तलहा, रिजवान खां, नूरुद्दीन, मुहम्मद शारुख मौजूद रहे।

# दुराचार के अभियुक्त को 14 वर्ष की कैद

**बलरामपुर।** विशेष सत्र न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट ने नाबालिग से दुराचार करने वाले व्यक्ति को 14 वर्ष की सश्रम कारावास की सजा सुनाई है।

गुरुवार को जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी कुलदीप सिंह ने बताया कि थाना सादुल्लाहनगर में एक व्यक्ति ने 12 फरवरी 2015 को प्रार्थना पत्र दिया था कि उसकी नाबालिग लड़की को कपिलदेव बहला फुसलाकर भगा ले गया। पीड़िता के बयान के आधार पर आरोपी कपिलदेव के खिलाफ नाबालिग से दुराचार करने व नाबालिग का उत्पीड़न करने का दोषी मानते हुए आरोप पत्र न्यायालय में पुलिस द्वारा प्रस्तुत किया गया।

दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने व पत्रावली का अवलोकन करने के बाद विशेष सत्र न्यायाधीश पॉक्सो अभिनतम उपाध्याय ने कपिलदेव को नाबालिग से दुराचार करने व उसका उत्पीड़न करने का दोषी मानते हुए 14 वर्ष के सश्रम कारावास व 40 हजार अर्थदंड की सजा सुनाई। संवाद

# बेटियों को बनाया जाएगा स्वावलंबी

बलरामपुर। विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत 150 लाभार्थियों का प्रशिक्षण गुरुवार से प्रारंभ हो गया। सरदार पटेल ज्ञान स्थली स्कूल में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राजेश कुमार पांडेय उपायुक्त उद्योग/जिला प्रोत्साहन उद्यम एवं उद्यमिता विकास केंद्र व विशिष्ट अतिथि मंडलीय खादी एवं ग्रामोद्योग छतर सिंह ने दीप प्रज्जवलित करके किया। कहा कि महिलाओं को प्रशिक्षण देकर सरकार उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्वरोजगार से जोड़ने की मुहिम चला रही है। सह संयोजक गुलाब सिंह ने कहा कि सिलाई व कढ़ाई आदि का प्रशिक्षण प्राप्त करके बेटियां आत्मनिर्भर बनेंगी। संवाद

# BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 10-06-2022

# नेपाल सीमा पर 1.48 करोड़ की ब्राउन शुगर बरामद

## कार्रवाई

- एसएसबी व रुपईडीहा पुलिस की संयुक्त दबिश में बाइक सवार
- एक तस्कर गिरफ्तार नेपाल ले जाने की फिराक में था शातिर

बहराइच, संवाददाता। सशस्त्र सीमा बल की 42 वीं बटालियन की रुपईडीहा बार्डर आउट पोस्ट के जवानों व रुपईडीहा पुलिस की संयुक्त दबिश में भारत-नेपाल सरहद पर 1.48 करोड़ की ब्राउन शुगर बरामद की गई है। बाइक सवार एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। वह मादक पदार्थ को लेकर सरहद पार नेपाल जाने के फिराक में था। पूछताछ के बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया है। एसएसपी केशव कुमार चौधरी ने बताया कि रुपईडीहा एसएचओ श्रीधर पाठक को गुरुवार को सूचना मिली कि कोई तस्कर मादक पदार्थ की खेप लेकर सरहद पार नेपाल जाने के फिराक में है। उन्होंने तत्काल अफसरों को जानकारी दी। एएसपी ग्रामीण अशोक कुमार, सीओ नानपारा डॉ.जंग बहादुर यादव के पर्यवेक्षण में एसएचओ ने दरोगा अजेश कुमार, मुख्य सिपाही महेश सिंह, सिपाही सलिल तिवारी, अर्जुन चौहान को दबिश के लिए भेजा। बाबागंज रेलवे क्रासिंग के पास एक संदिग्ध बाइक सवार युवक की तलाशी पर 148 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद की गई। जिसकी कीमत भारतीय कीमत 75 हजार और अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी अनुमानित कीमत 1.48 करोड़ आंकी गई है।

# रेड सेंड बोआ सांप संग पकड़े गए शिकारी

बहराइच। कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के ककरहा बाघा संरक्षित क्षेत्र में गुरुवार को शिकार के फिराक में घूम रहे चार शिकारियों के वनकर्मियों की टीम ने पकड़ा है। इनके पास से शिकार के प्रयुक्त होने वाले औजार व रेड सेंडबोआ सांप बरामद किया गया है। ये सभी लखमीपुर जिले के रहने वाले हैं। पूछताछ के बाद सभी को पुलिस के हवाले कर दिया गया।

डीएफओ आकाशदीप वधावन ने बताया कि एसटीपीएफ के जवान ककरहा रेंज के हंसुलिया पूर्वी बीट संख्या तीन में गश्त कर रहे थे। यह क्षेत्र बाघ संरक्षित है। यहां बोलेरो वाहन देखा गया। इस पर जवान सक्रिय हुए। घेराबंदी कर चार लोगों को पकड़ा गया है। इनके पास से रेड सेंडबोआ सांप, 2500 रुपये नकदी, मोबाइल बरामद किया गया है। पूछताछ में इनकी पहचान जगदीश निवासी नान्हूपुरवा, अनवर, निवासी सेंगनहा, इरफान व जमाल निवासी शुक्ला वार्ड थाना धौरहरा जिला लखीमपुर के रूप में हुई है।

# ट्विटर के जरिए उन्माद फैलाने की साजिश, एक गिरफ्तार

- पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपित को जेल भेजा
- युवक का नेटवर्क तलाशने में जुटीं खुफिया एजेंसियां

**संसू, बहराइच :** नगर कोतवाली पुलिस ने ट्विटर के जरिए उन्माद फैलाने की कोशिश को नाकाम कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के बाद युवक पर मुकदमा दर्ज कर उसे जेल रवाना कर दिया गया।

कानपुर में पथराव के मद्देनजर पहले से अलर्ट जारी किया गया था। इसी के आधार पर पुलिस व खुफिया तंत्र सरहद के साथ ही सोशल मीडिया पर नजरें गड़ाए था। वशीरगंज पुलिस चौकी क्षेत्र के काजीपुरा उत्तरी निवासी युवक जतिन कश्यप उर्फ सौरभ ने ट्विटर पर पोस्ट कर उन्माद फैलाने की कोशिश शुरू की।

मामले को गंभीरता से लेकर एसपी ने एएसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह, सीओ विनय कुमार द्विवेदी व नगर कोतवाल शैलेश कुमार सिंह समेत खुफिया एजेंसियों को सतर्क किया। अधिकारियों के निर्देश पर मामले को गंभीरता से लेकर वशीरगंज चौकी प्रभारी कमल शंकर चतुर्वेदी ने आरक्षी संजय राव व पुष्पेंद्र यादव संग छापामारी कर आरोपित जतिन कश्यप उर्फ सौरभ को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया।

**समय रहते सक्रिय नहीं होती पुलिस तो...:** कानपुर में हुए पथराव को गलत तरीके से इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित कर लोगों में आक्रोश पैदा करने की योजना थी। समय रहते पुलिसकर्मियों को जानकारी हो गई, जिससे आरोपित का मंसूबा नाकाम हो गया।



कोतवाली पुलिस की अभिरक्षा में धार्मिक उन्माद फैलाने का आरोपित ● जागरण

> एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। यह उन्माद फैलाने की कोशिश में लगा हुआ था। युवक के नेटवर्क को भी खंगाला जा रहा है।
>
> **– केशव कुमार चौधरी,** पुलिस अधीक्षक

# छेड़खानी कर रहे युवक को पुलिस ने पकड़ा, भेजा जेल

**जागरण संवाददाता, बहराइच :** राह चलती महिलाओं से छेड़खानी करना युवक को भारी पड़ गया। सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर दबोच लिया। मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया, जहां से उसे भेज दिया गया।

नगर कोतवाल शैलेश कुमार सिंह ने बताया कि युवक के राह चलती महिलाओं से छेड़खानी की शिकायत मिली थी। मामले को गंभीरता से लेकर बशीरगंज चौकी प्रभारी कमलशंकर चतुर्वेदी को आरोपित को पकड़ने के निर्देश दिए गए थे। पुलिस ने काजीपुरा ट्रांसफार्मर चौराहे के पास घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया।

पकड़ा गया आरोपित निखिल खन्ना उर्फ अंकुर खन्ना काजीपुरा का रहने वाला है। पकड़े गए आरोपित के खिलाफ छेड़खानी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने न्यायालय भेज दिया।





शहर में फ्लैग मार्च करते पुलिस, प्रशासनिक अधिकारी व पैरा मिलिट्री फोर्स के जवान ● जागरण

# कड़ी सुरक्षा के बीच होगी जुमे की नमाज

- पुलिस व पीएसी जवानों के साथ पैरामिलिट्री फोर्स संभालेगी मोर्चा
- जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक ने बनाया है फुल प्रूफ प्लान

**जासं, बहराइच :** कानपुर उपद्रव के मद्देनजर पुलिस व प्रशासन किसी प्रकार की ढिलाई के मूड में नहीं है। शुक्रवार को होने वाली जुमे की नमाज को लेकर पुलिस अलर्ट है। पुलिस अधीक्षक केशव चौधरी ने देर रात शहर का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। जुमे की नमाज को लेकर मस्जिदों के आसपास सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। प्रभारी जिलाधिकारी कविता मीना ने मजिस्ट्रेटों की तैनाती भी की है।

एसपी के निर्देश पर गुरुवार को अपर जिलाधिकारी मनोज, सिटी मजिस्ट्रेट ज्योति राय, , एसडीएम सौरभ गंगवार, एएसपी शहर कुंवर ज्ञानंजय सिंह, सीओ नगर विनय द्विवेदी ने बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स के साथ शहर में पैदल मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। जिले में कानून व्यवस्था किसी भी तरह प्रभावित न हो, इसके लिए अफसर

> कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को कतई बख्शा नही जाएगा। सादे कपड़ों मे पुलिसकर्मियो को तैनात किया गया है। सीसी व ड्रोन कैमरों से पूरे शहर पर नजर रखी जाएगी।
>
> **-केशव कुमार चौधरी**, पुलिस अधीक्षक

दिन-रात पीस कमेटी की बैठक कर लोगों में सौहार्द की अपील कर रहे हैं।

नानपारा क्षेत्र में एएसपी अशोक कुमार ने दौरा कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। गणमान्य लोगों, राजनीतिक दलों के नेता व धर्मगुरुओं से संपर्क किया जा रहा है। जुमे की नमाज शांतिपूर्ण तरीके से कराने के लिए अफसरों ने फुलप्रूफ प्लान तैयार किया है। किस पुलिसकर्मी की ड्यूटी कहां रहेगी, इसका निर्धारण भी किया जा रहा है।

**बनाए गए 16 चेक प्वाइंट :** पुलिस ने तकरीबन 16 जगहों पर चेक प्वाइंट बनाया है। छावनी, चांदपुरा, पीपल तिराहा, खोया मंडी, मूंगफली मंडी, हीरा सिंह मार्केट, छोटी बाजार, नगर पालिका, रोडवेज बस स्टेशन, तिकोनीबाग चौराहा, डीएम चौराहा समेत 16 स्थान शामिल हैं।

### शहर में तैनात फोर्स का विवरण

एक एएसपी, चार सीओ, 10 थानाध्यक्ष, 12 निरीक्षक, 100 उपनिरीक्षक, 350 पुरुष आरक्षी, 30 महिला आरक्षी, एक महिला इंस्पेक्टर, एक कंपनी पीएसी व एसएसबी के जवान शहर की सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभालेंगे।

## बीडीओ कार्यालय से माप पुस्तिका चोरी

**जासं, बहराइच :** ब्लाक कार्यालय पयागपुर में गुरुवार को मेज की दराज से एक स्कूल के चाहरदीवारी की माप पुस्तिका चोरी हो गई। सीसी कैमरे से हुई पहचान के आधार पर पुलिस ने दबिश दी है। रोजगार सेवक की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

ग्राम पंचायत शिवदहा के प्राथमिक विद्यालय ककरहा में चाहरदीवारी का निर्माण कराया जा रहा है। रोजगार सेवक महेश सिंह ने बताया कि मनरेगा के मजदूरों का पैसा दिया जाना था। इसके लिए माप पुस्तिका तैयार कर ब्लाक कार्यालय में एपीओ प्रमोद यादव के पास रखी गई थी। तभी दो लोग पहुंचे और माप पुस्तिका लेकर चले गए। तकनीकी सहायक सत्येंद्र तिवारी के साथ पहुंचने पर इसकी जानकारी हुई। सीसी कैमरे में देखने के बाद रोजगार सेवक की सूचना पर पुलिस ने पहचाने गए लोगों के घर पर

# टप्पेबाजों ने व्यापारी के 1.13 लाख रुपये उड़ाए

**जासं, बहराइच:** हीरा सिंह बाजार में टप्पेबाजों ने दवा व्यवसायी के 1.13 लाख रुपये उड़ा लिए। घटना की तहरीर पुलिस को दी गई। शिकायत उच्चाधिकारियों से की गई है।

शहर निवासी नदीम की हीरा सिंह बाजार में गुडविल फार्मा के नाम से दवा का कारोबार है। उन्होंने बताया कि दुकान पर काम करने वाले आशुतोष द्विवेदी के हाथ उन्होंने बैंक में पैसा जमा करने के लिए 1.13 लाख की रकम भेजी थी। पैसा जमा करने जाते समय युवक को टप्पेबाजों ने जाल में फंसाकर नकदी ले ली और फरार हो गए। पूरी घटना बाजार में लगे सीसी कैमरे भी कैद हो गई। घटना से दवा व्यापारियों में आक्रोश फैल गया। पीड़ित व्यापारी ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस टप्पेबाजों को पकड़ने के बजाय आशुतोष को ही हवालात में बंद कर टार्चर करने लगी। घटना के तीन दिन बाद भी पुलिस टप्पेबाजों की परछाई तक नहीं पा सकी है। नगर कोतवाल शैलेश कुमार सिंह ने बताया कि जल्द ही मामले का राजफाश किया जाएगा।

# जुमे की नमाज को लेकर प्रशासन अलर्ट



**बहराइच।** कानपुर में हुई घटना के बाद जुमे के नमाज को लेकर जिला व पुलिस प्रशासन अलर्ट है। गुरुवार को जिले भर में पुलिसकर्मियों ने रूट मार्च कर लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया और शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। शहर के घंटाघर में सिटी मजिस्ट्रेट ज्योति राय व सीओ सिटी विनय द्विवेदी ने रूट मार्च किया। (संवाद)

# आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले युवक को भेजा जेल

**बहराइच।** शहर के एक युवक को समुदाय विशेष के खिलाफ सोशल मीडिया पर टिप्पणी करना महंगा पड़ गया। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया और जेल भेज दिया। पुलिस ने सभी से अपील की है कि कोई ऐसी टिप्पणी न करें जिससे किसी को ठेस पहुंचे और माहौल खराब हो।

कोतवाली नगर क्षेत्र के मोहल्ला काजीपुरा निवासी एक युवक ने सोशल मीडिया पर विशेष समुदाय के खिलाफ ट्वीट कर दिया। युवक ने ट्वीट को अपने स्टेटस पर भी लगा रखा था। आपत्तिजनक टिप्पणी की जानकारी किसी ने एसपी को दे दी। एसपी ने मामले को संज्ञान में लेकर नगर कोतवाल शैलेश सिंह को कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कोतवाल ने तत्काल वशीरगंज चौकी इंचार्ज कमलशंकर चतुर्वेदी को आरोपी की गिरफ्तारी करने के निर्देश दिए। चौकी इंचार्ज ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। एसपी केशव चौधरी ने अपील की है कि किसी भी समुदाय के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट न करें। संवाद

# 1500 लीटर नकली तेल बरामद

**अगैया (बहराइच)।** कस्बे के मुख्य चौराहा पर तेल के एक गोदाम पर बृहस्पतिवार को खाद्य सुरक्षा व औषधि प्रशासन की टीम ने छापा मारा। इस दौरान टीम ने कारखाने से 1500 लीटर तैयार नकली तेल व काफी मात्रा में तेल बनाने का सिंथेटिक केमिकल बरामद किया। टीम ने बरामद तेल सीज कर दिया। इसके बाद तेल के दो व केमिकल का एक नमूना जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिया। यह गोदाम बकैना गांव निवासी मोहम्मद शरीफ का है। बृहस्पतिवार को खाद्य आयुक्त विनोद शर्मा की अगुवाई में टीम ने यहां छापा मारा। जांच के दौरान 130 पीपों में खुला तेल व 70 पीपों में सीलबंद तेल और काफी मात्रा में सिंथेटिक केमिकल बरामद हुआ। 1500 लीटर नकली तेल सीज कर नमूने जांच के लिए भेजे गये हैं। संवाद

SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 10-06-2022

# 82 वाहनों का किया गया चालान

श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य के निर्देश पर विभिन्न थाना क्षेत्रों में बुधवार को वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के तहत सभी चेक पोस्टों पर वाहन चेकिंग की गई साथ ही यातायात पुलिस की ओर से विभिन्न स्थानों पर चेकिंग लगाकर वाहनों को चेक किया गया। वाहन चेकिंग के दौरान 82 वाहन यातायात नियमों का उल्लंघन करते पाये गए। इस पर सभी वाहनों का मोटर वाहन अधिनियम में ई चालान किया गया।

# 22 शीशी नेपाली शराब के साथ दो पकड़े गए

श्रावस्ती। जिले में अवैध शराब कारोबारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। बुधवार शाम को सिरसिया पुलिस ने एक व्यक्ति की तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 22 शीशी नेपाली शराब बरामद किया। आरोपी की पहचान सुभाष कुमार पुत्र गोबर शाहपुर पूरे शिवदीन थाना सिरसिया के रूप में हुई। इसी तरह से मल्हीपुर पुलिस ने गश्त के दौरान मनोरथ पुत्र जोड़ई निवासी चमारन पुरवा थाना मल्हीपुर के कब्जे से 60 शीशी नेपाली शराब बरामद किया।

# 82 शीशी नेपाली शराब बरामद, दो गिरफ्तार

**जासं, श्रावस्ती:** सिरसिया व मल्हीपुर पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर 82 शीशी नेपाली शराब बरामद की।

एसपी अरविंद कुमार मौर्य ने बताया कि सिरसिया पुलिस टीम क्षेत्र में भ्रमणशील थी। इसी दौरान शाहपुर पूरे शिवदीन निवासी सुभाष कुमार को गिरफ्तार किया। तलाशी में आरोपित के कब्जे से 22 शीशी नेपाली शराब बरामद हुई। मल्हीपुर पुलिस टीम ने चमारनपुरवा निवासी मनोरथ को गिरफ्तार किया। तलाशी में आरोपित के कब्जे से 60 शीशी नेपाली शराब बरामद हुई। आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

# जनता दर्शन में एसपी ने सुनी फरियादियों की शिकायतें

**श्रावस्ती:** एसपी अरविंद कुमार मौर्य ने गुरुवार को जनता दर्शन में आए फरियादियों की शिकायतें सुनी। इस दौरान कुल 12 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। इसमें से सात भूमि, दो पारिवारिक विवाद व एक अन्य विवाद से संबंधित शिकायत दी। प्राप्त शिकायतों को शीघ्र गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित को निर्देशित किया। (वि.)

# विकास को रफ्तार देने लिए शांति व्यवस्था जरूरी : डीएम

**जासं, श्रावस्ती:** कलेक्ट्रेट सभागार में कानून, शांति व्यवस्था व अपराध की समीक्षा बैठक हुई। अध्यक्षता डीएम नेहा प्रकाश ने की। उन्होंने कहा कि शांति व्यवस्था विकास की अहम कड़ी है। जिला प्रशासन शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार की ओर से संचालित कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचाएं। अमन-चैन में बाधा उत्पन्न करने वाले व्यक्तियों की एसडीएम व सीओ सूची तैयार करें।

डीएम ने कहा कि गरीब, असहाय, बेसहारा वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं व बालिकाओं की समस्याओं को गंभीरता से लें। त्वरित निराकरण कर उन्हें न्याय दिलाएं। बार-बार जिला मुख्यालय, तहसील, थाना व चौकियों का चक्कर न लगाना पड़े। लंबित मामलों को तेजी से निपटाएं। दोषी व्यक्तियों पर कार्रवाई अमल में लाएं। यह भी ध्यान रखा जाए कि कोई भी निर्दोष व्यक्ति पर कार्रवाई न हो। थानाध्यक्ष अपने क्षेत्र में अपराध मुक्त वातावरण बनाए रखें।

# पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**इकौना:** कानपुर हिंसा के मद्देनजर शुक्रवार की नमाज शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए गुरुवार को इकौना नगर में पुलिस जवानों ने पैदल मार्च कर रिहर्सल किया। सीओ महेंद्र पाल शर्मा ने रिहर्सल व ड्यूटी में लगे पुलिस कर्मियों की जांच की। (संसू)

# जनता दर्शन में एसपी ने सुनी समस्या

**श्रावस्ती।** पुलिस कार्यालय में जनता दर्शन के दौरान 10 लोग पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य से मिलने पहुंचे। इस दौरान लोगों ने अपनी विभिन्न प्रकार की समस्याएं बताईं। इस पर एसपी ने सभी संबंधित थाना व चौकी प्रभारियों को फोन से जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने तथा फरियादियों की बातों को गंभीरता से सुनने का निर्देश दिया। (संवाद)

# पुलिस पार्टी पर हमला करने वाला एक आरोपी गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** रेशम फार्म गौसपुर के पास स्थित मजार के निकट मौजूद दो संदिग्ध व्यक्तियों की बुधवार को पुलिस ने घेराबंदी की। इस दौरान तमंचे से फायर कर दोनों भागने का प्रयास करने लगे। इनमें से एक को पुलिस ने दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई कर जेल भजा गया है।

सोनवा थाने में तैनात प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्र कुमार शर्मा हमराहियों के साथ बुधवार रात गश्त पर निकले थे। इस दौरान उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि रेशम फार्म गौसपुर के पास स्थित मजार के पास दो संदिग्ध व्यक्ति बैठे हैं। इस पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर दोनों की घेराबंदी की। तभी एक ने पुलिस पर तमंचे से फायर कर दिया। इस दौरान पुलिस ने दौड़ा कर आम के बाग से एक आरोपी को दबोच लिया। जबकि दूसरा अंधेरे का फायदा उठा कर भागने में सफल रहा।

पकड़े गए आरोपी की पहचान चंदर्खा बुजुर्ग के मजरा लोनियनपुरवा निवासी सलीम के रूप में हुई। जिसके कब्जे से पुलिस ने 12 बोर देशी तमंचा व कारतूस सहित खोखा बरामद किया। जबकि दूसरा आरोपी गांव निवासी ददुदन की तलाश की जा रही है। गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध गोवध अधिनियम, आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस एक्ट से संबंधित 12 से अधिक मामले दर्ज हैं। जबकि फरार ददुदन के विरुद्ध गुंडा, गैंगस्टर व आर्म्स एक्ट से संबंधित आठ मामले दर्ज हैं। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भजा गया है। (संवाद)

# महिलाओं को किया जागरूक



**श्रावस्ती।** मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को पुलिस बाजार व चौराहों पर भी जागरूक कर रही है। पुलिस महिलाओं को उनके अधिकार बता रही हैं। यही नहीं महिलाएं घर के बाहर भी सुरक्षित हैं। इसका अहसास करा रहीं हैं। यह अभियान गुरुवार को महिला पुलिस बलों द्वारा कई स्थानों पर चलाया गया। (संवाद)

# 82 वाहनों का चालान

**श्रावस्ती।** पुलिस ने गुरुवार को संदिग्ध वाहनों के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने वाहनों की जांच कर 82 वाहनों का ई-चालान किया। इस मौके पर पुलिस ने 1,35,500 रुपये शमन शुल्क वसूल किया। (संवाद)

# नेपाली शराब के साथ दो गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** सिरसिया पुलिस ने बुधवार रात क्षेत्र भ्रमण के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किया। जिसके पास से पुलिस ने 22 शीशी नेपाली शराब बरामद की।

गिरफ्तार युवक की पहचान पूरेशिवदीन निवासी सुभाष कुमार के रूप में हुई। वहीं मल्हीपुर पुलिस ने मनोरथ निवासी चमारन पुरवा को 60 शीशी नेपाली शराब के साथ गिरफ्तार किया। जिनके विरुद्ध स्थानीय पुलिस ने आबकारी अधिनियम में कार्रवाई की है। (संवाद)

## शांतिभंग के आरोप में सात दबोचे

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस ने बुधवार रात विशेष जांच अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने सात लोगों को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया। जिनके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई कर उन्हें संबंधित एसडीएम के समक्ष पेश किया गया। (संवाद)